RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 79
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 25 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




चेन्नई को अपना बल्लेबाजी संयोजन सही करने की जरूरत : फ्लेमिंग

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,852 | ▲ | 114.49 |
| निफ्टी | 22,402 | ▲ | 34.40 |
| सोना | 70,984 | ▼ | 45 /10 gm |
| चांदी | 80,699 | ▼ | 21.0 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 40.00°C
न्यूनतम 25.00°C

## क्विक न्यूज

### आरबीआइ डिप्टी गवर्नर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआइ के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। एक साल के एक्सपेंशन का यह आदेश 3 मई 2024 से लागू होगा। उन्हें को मई 2021 में बीपी कानूनगो के रिटायर होने के बाद 3 साल के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। वे 1990 में आरबीआइ में शामिल हुए थे और तब से विभिन्न पदों पर काम कर रहे हैं। डिप्टी गवर्नर का पद संभालने से पहले शंकर आरबीआइ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स में से एक थे। आरबीआइ में डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर के पास करेंसी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, एक्सटर्नल इन्वेस्टमेंट एंड ऑपरेशन, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम सहित कई अन्य इंपॉर्टेंट डिपार्टमेंट को संभालने की जिम्मेदारी है।

### दूसरे चरण की वोटिंग वाली 88 सीटों पर प्रचार थमा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग वाली 88 सीटों पर चुनाव प्रचार बुधवार शाम थम गया। ये सीटें एमपी, यूपी, बिहार, राजस्थान सहित 13 राज्यों में हैं। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। उधर, यूपी के कन्नौज से अब अखिलेश यादव का चुनाव लड़ना तय हो गया है। गुरुवार दोपहर वह नामांकन करेंगे। अखिलेश ने दो दिन पहले भतीजे तेज प्रताप को इस सीट से टिकट दिया था। तेज प्रताप को लेकर स्थानीय नेताओं में भारी विरोध था। इसे देखते हुए और सीट बचाने के लिए अखिलेश ने खुद मैदान में उतरने का निर्णय लिया है।

### हाथरस से भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का निधन

**हाथरस।** हाथरस से मौजूदा भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को अलीगढ़ के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। पार्टी पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिलेर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, हाथरस लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजवीर सिंह दिलेर जी का असामयिक निधन अत्यंत दुःखद एवं भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# पश्चिमी मीडिया भारत की आलोचना कर चुनाव पर असर डालने की कोशिश कर रहे : जयशंकर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने भारत की आलोचना करने पर पश्चिमी मीडिया की निंदा की। हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा, पश्चिमी मीडिया भारत के चुनावों में अपने आप को पॉलिटिकल प्लेयर समझती हैं। हालांकि जयशंकर की यह बात उनके उस बयान से बिल्कुल विपरीत और हास्यास्पद है, जिसमें वे कुछ समय पहले तक ये कहा करते थे कि भारत और मोदी का विश्व में डंका बज रहा है। सवाल यह भी है कि पश्चिमी मीडिया को भारत के चुनावी समग्र में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ रहा है। सवाल यह भी है कि भारतीय मीडिया स्वतंत्र रूप से कार्य कर पा रहा है या नहीं। वैसे जयशंकर ने आगे कहा, मैं पश्चिमी मीडिया में भारत के खिलाफ उठने वाली आवाजों से वाकिफ हूं। अगर वो लोकतंत्र की आलोचना करता हैं तो इसकी वजह जानकारी की कमी नहीं है। वे ऐसा करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इसका भारत के



चुनाव पर असर पड़ेगा।

जयशंकर ने अपने संबोधन के दौरान विदेशी मीडिया आउटलेट में छपे एक आर्टिकल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक लेख में लिखा था कि भारत में इतनी गर्मी है, वे इस समय चुनाव क्यों करा रहे हैं? इस पर मैं कहना चाहता हूं कि इस गर्मी में भी भारत में जितना मतदान होता है वो आपके सबसे बड़े वोटिंग रिकॉर्ड से भी ज्यादा है। हमारी राजनीति अब वैश्विक स्तर पर पहुंच रही है। विदेशी मीडिया को लगता है कि उन्हें इसमें दखल देने की जरूरत है। अब समय आ गया है कि हम उनका यह भ्रम दूर कर दें। ऐसा सिर्फ आत्मविश्वास के जरिए किया जा सकता है। पश्चिमी मीडिया के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कांग्रेस पर भी 2008 के मुंबई हमले के बाद एक्शन न लेने का आरोप लगाया है। जयशंकर ने कहा, 2008 के हमले के बाद यूपीए सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया। हम हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। ऐसा इसलिए क्योंकि यूपीए सरकार का मानना था कि पाकिस्तान पर हमला न करना देश के लिए ज्यादा फायदेमंद है।

विदेश मंत्री की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय पर आई है, जब दो दिन पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने ह्यूमन राइट्स पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि भारत सरकार ने उन मीडिया आउटलेट्स पर दबाव डाला जो सरकार की आलोचना करते हैं। 2023 में, रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने अपने प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 180 देशों में से 161वां स्थान दिया। इस सर्वे पर कई सवाल भी उठाए गए थे कि भारत तालिबान के शासन वाले अफगानिस्तान से नीचे कैसे आ गया। हालांकि भारत सरकार ने इन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया था। सरकार ने कहा था कि यह सब राजनीतिक मकसद से किया गया है।

### अमिताभ बच्चन को मिला लता दीनानाथ मंगेशकर पुरुस्कार

**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन को बुधवार को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।पांच मंगेशकर भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता की 2022 में मृत्यु हो जाने के बाद परिवार और ट्रस्ट ने सुर सम्राज्ञी की याद में पुरस्कार की स्थापना की थी। बच्चन (81) को यह सम्मान 24 अप्रैल को रंगमंच-संगीत के दिग्गज और मंगेशकर भाई-बहनों के पिता दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर मिला। मंगेशकर भाई-बहनों में तीसरे नंबर की गायिका उषा मंगेशकर ने बच्चन को पुरस्कार प्रदान किया।

वीवीपीएटी पर फैसला सुरक्षित

# महज संदेह पर चुनाव को नियंत्रित या आदेश पारित नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सर्वोच्च** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह केवल इसलिए चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकता या निर्देश जारी नहीं कर सकता, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की प्रभावकारिता पर संदेह जताया गया है। शीर्ष अदालत ने ईवीएम को लेकर दायर कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। इन याचिकाओं में दावा किया गया है कि चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए मतदान उपकरणों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती। अदालत ने कहा कि वह ईवीएम के फायदे पर शक करने वालों और मतपत्रों की ओर लौटने की वकालत करने वालों की विचार प्रक्रिया को नहीं बदल सकती। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने चुनाव आयोग (ईसी) से पूछे गए सवालों के जवाब पर संज्ञान लिया और ईवीएम के जरिए दिए गए मतों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) से पूरी तरह सत्यापन करने की मांग करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा।



पीठ ने चुनाव आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्यप्रणाली से जुड़े पांच सवालों के जवाब मांगे हैं, जिनमें यह सवाल भी शामिल है कि क्या उनमें लगे माइक्रोकंट्रोलर फिर से प्रोग्राम किए जा सकते हैं। ईवीएम की कार्यप्रणाली पर अदालत में वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नीतेश कुमार व्यास को पीठ के सवालों का जवाब देने के लिए दोपहर दो बजे पेश होने के लिए कहा गया था। व्यास ने माइक्रो कंट्रोलर के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि वे निर्माण के समय एक बार प्रोग्राम किए जाते हैं और ईवीएम की तीन इकाइयों बैलेट यूनिट, वीवीपीएटी और कंट्रोल यूनिट में स्थापित किए जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके बाद उन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। वहीं, गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण पेश हुए।

उन्होंने दावा किया कि चुनाव आयोग का अधिकारी पूरी तरह से सही नहीं है। उन्होंने अपनी दलील के समर्थन में एक निजी निकाय की रिपोर्ट का हवाला दिया। उन्होंने कहा, रिपोर्ट में कहा गया है कि इन तीन इकाइयों में जिस तरह की मेमेरी का इस्तेमाल किया गया है, उसे फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है। प्रतीकों की लोडिंग के सय एक दुर्भावनापूर्ण प्रोग्राम आसानी से अपलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम की पारदर्शिता के बारे में शक को दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए। इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने भूषण से कहा कि न्यायालय को संवैधानिक निकाय चुनाव आयोग के आंकड़ों और सूचनाओं पर भरोसा करना होगा, जो कहता है कि ईवीएम की मेमोरी में केवल एक बार प्रोग्राम किया जा सकता है। पीठ ने भूषण से कहा, अगर आप किसी चीज को लेकर पूर्वाग्रही हैं, तो हम इसमें आपकी मदद नहीं कर सकते। हम आपकी सोचने की प्रक्रिया को नहीं नहीं बदल सकते। वहीं, न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, क्या हम शक के आधार पर निर्देश जारी कर सकते हैं? आप (भूषण) जिस रिपोर्ट पर भरोसा कर रहे हैं, उसमें कहा गया है कि अभी तक छेड़छाड़ की कोई घटना नहीं हुई है। हम चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकते। हम किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकरण को नियंत्रित नहीं कर सकते। उन्होंने भूषण से कहा कि अगर ईवीएम में कुछ गलत होता है तो कानून ध्यान रखेगा।

# शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी**

**एजेंसी।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में 2016 में हुई 24640 शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की नियुक्ति कोलकाता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को रद्द कर दी थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका आस्था शर्मा के माध्यम से दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि स्कूलों में जल्द ही नया सेशन शुरू होने वाला है। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग जब तक नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करेगा, तब तक शिक्षकों की भारी कमी होगी। 22 अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने 2016 में हुई शिक्षक भर्ती को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। कोर्ट ने शिक्षकों से ब्याज सहित 7-8 साल की सैलरी वापस करने का निर्देश दिया था। बेंच ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को 15 दिन में नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को कहा था। बेंच ने सीबीआई से कहा कि इनकी नियुक्तियों की जांच कर तीन महीने में रिपोर्ट दें। यदि जरूरत पड़े तो सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ करें। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोर्ट के इस आदेश को गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे, जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं।



हाई कोर्ट के ताजा फैसले के बाद सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि किस शिक्षक को कितना पैसा लौटाना पड़ेगा? स्कूल शिक्षा आयोग के सूत्र बताते हैं कि इस भर्ती में नियुक्त शिक्षकों को 35 से 55 हजार रु. तक का मासिक वेतन मिला है। 35 हजार वाले का सालाना वेतन 4.20 लाख तो 55 हजार वाले का 6.60 लाख रु. होता है। इन्हें नियुक्ति 2018 से मिली। इस हिसाब से 6 साल में इन्हें 24 लाख से 38 लाख के बीच वेतन मिल चुका है। यानी इन्हें इतना ही लौटाना पड़ सकता है। कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के एक स्कूल में पढ़ाने वाले निर्मल मांझी कहते हैं कि मुझे 55 हजार रु. वेतन मिलता है। हमारा क्या कसूर था? अब 4 हफ्ते में इतनी बड़ी रकम कैसे लौटाएंगे। बता दें कि इस मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी समेत 12 नेता-अफसर गिरफ्तार हो चुके हैं।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेसी विधायक निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**कांग्रेस** ने कथित तौर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पंजाब के फिल्लौर विधायक विक्रमजीत सिंह चौधरी को बुधवार को संगठन से निलंबित कर दिया। चौधरी का निलंबन पार्टी के जालंधर उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ उनके बयानों के बाद हुआ। फिल्लौर से विधायक चौधरी जालंधर लोकसभा क्षेत्र से चन्नी की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे थे। उनकी मां करमजीत कौर चौधरी ने पिछले साल जालंधर लोकसभा सीट से उपचुनाव लड़ा था,



लेकिन हार गई थीं। वह इस साल 20 अप्रैल को भाजपा में शामिल हो गईं। कांग्रेस के प्रभारी देवेन्द्र यादव ने चौधरी को एक पत्र में कहा, पार्टी के दिशा-निर्देशों से हटकर आपके द्वारा दिए जा रहे अनर्गल बयान आपके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं हैं। जिससे पार्टी संगठन की छवि धूमिल हो रही है और जनता एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच गलत संदेश जा रहा है।

## बाघनकी गांव की खुदाई में 400 साल पुरानी मूर्तियां मिलीं

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मानेसर** के निकट बाघनकी गांव में निर्माण परियोजना के लिए खुदाई के दौरान करीब चार सौ साल पुरानी धातु की तीन मूर्तियां मिली हैं। पुलिस ने बुधवार को बताया कि प्राचीन मूर्तियों को कब्जे में ले लिया गया है और मालिक को निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा गया है, पुरातत्व विभाग अब यह पता लगाने के लिए आगे खुदाई करेगा कि स्थल पर और मूर्तियां तो नहीं हैं। पुलिस के अनुसार जेसीबी मशीन से एक नए घर की नींव खोदे जाने के दौरान मूर्तियां मिलीं। पुलिस ने बताया कि शुरू में, भूखंड मालिक ने वस्तुओं



को छिपाने की कोशिश की और जानकारी छिपाने के लिए जेसीबी चालक को पैसे की पेशकश भी की, हालांकि चालक ने दो दिन बाद बिलासपुर पुलिस को सूचित कर दिया और पुलिस की एक टीम वहां पहुंची। उन्होंने बताया कि खुदाई में भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी की एक-एक मूर्ति और देवी लक्ष्मी व भगवान विष्णु की एक संयुक्त मूर्ति बरामद हुई।

### ईडी ने रियल इस्टेट समूह के परिसरों पर छापे मारे

**लखनऊ।** ईडी ने घर खरीदारों को धोखा देने और कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत बुधवार को उत्तर प्रदेश की एक रियल इस्टेट कंपनी के खिलाफ छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों ने तुलसियानी समूह के लखनऊ, मेरठ, नोएडा और प्रयागराज स्थित परिसरों के साथ ही हरियाणा के गुरुग्राम स्थित ठिकानों पर यह कार्रवाई की। तुलसियानी समूह के खिलाफ जांच के तहत हरैया से भाजपा के विधायक अजय सिंह के एक रिश्तेदार के लखनऊ में गोमती नगर स्थित एक कार्यालय परिसर पर भी छापा मारा। सूत्रों ने कहा कि तुलसियानी समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अनिल तुलसियानी और उनकी पत्नी पहले प्रयागराज की इस कंपनी के निदेशक थे और अब इस कंपनी में नए निदेशक जुड़ गए हैं, जो भाजपा विधायक से कथित रूप से जुड़े हैं।

## नितिन गडकरी महाराष्ट्र में चुनावी रैली में बेहोश हुए

**एजेंसी।** मुंबई

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र के यवतमाल में चुनावी रैली के दौरान बेहोश हो गए। वे यहां एनडीए की शिवसेना प्रत्याशी राजश्री पाटिल के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करने आए थे। गडकरी बोल रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गए।

मंच पर मौजूद लोग उन्हें अस्पताल ले गए। घटना के कुछ देर बात नितिन गडकरी ने पोस्ट करके बताया कि वह स्वस्थ हैं। उन्होंने लिखा- रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं। अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए




धन्यवाद। 2018 में भी नितिन गडकरी महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर बेहोश हो गए थे।

तब महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल विद्यासागर राव भी मंच पर थे। उन्होंने ही उन्हें संभाला था। उनका शुगर लेवल कम होने की वजह से उन्हें चक्कर आ गया था। उन्हें मिठाई खिलाकर पानी पिलाया गया था। इसकी जानकारी खुद गडकरी ने एक पोस्ट में दी थी।

## भाजपा के दस शीर्ष नेता टीएमसी में शामिल होने की कतार में : अभिषेक बनर्जी

**एजेंसी।** मुर्शिदाबाद

**तृणमूल** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दस शीर्ष नेता उनकी पार्टी में शामिल होने के इच्छुक हैं। भाजपा ने हालांकि इस दावे को निराधार बताया है। मुर्शिदाबाद लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो करते हुए बनर्जी ने कहा कि पार्टी सही समय पर अपने दरवाजे खोलेगी और भाजपा का राज्य से सफाया हो जाएगा।

उन्होंने कहा, भाजपा पार्टियों को तोड़ने के खेल में शामिल होने की कोशिश कर रही है, लेकिन वह इसमें जीत नहीं पा रही है। उन्होंने हमारे दो सांसदों को अपने पाले में कर लिया और हमने उनके दो सांसदों, अर्जुन



सिंह और बाबुल सुप्रियो को अपनी तरफ करके इसका जवाब दिया। हाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के जरिए उन्होंने तापस रॉय को शामिल किया है। भाजपा के कम से कम 10 शीर्ष नेता तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की कतार में हैं। बनर्जी के दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, भाजपा के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद, तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगी।

# पीपीबीएल के बाद अब कोटक महिंद्रा बैंक पर चला आरबीआई का डंडा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**एक** बार फिर देश के बैंकिंग क्षेत्र के नियामक भारतीय रिजर्व बैंक का डंडा निजी क्षेत्र के बड़े बैंक पर चला है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के बाद अब केंद्रीय बैंक की कार्रवाई का शिकार कोटक महिंद्रा बैंक हुआ है। आरबीआई ने बैंक के ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी है। आरबीआई के अनुसार कार्रवाई का यह फैसला केंद्रीय बैंक की ओर से बीते दो वर्षों में की गई कार्रवाइयों के बाद लिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक को कोटक महिंद्रा बैंक की जांच में क्या गड़बड़ियां मिलीं और इस कार्रवाई के बाद अब बैंक के ग्राहकों पर कोई असर पड़ेगा या नहीं, यह भी एक सवाल है।

बुधवार को केंद्रीय बैंक की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वर्ष 2022 और 2023 के दौरान रिजर्व बैंक की ओर से कोटक महिंद्रा बैंक की आईटी जांच की गई। इस दौरान बैंक के तकनीकी संसाधनों में कई गड़बड़ियां मिलीं जो नियामकीय दिशानिर्देशों के अनुकूल नहीं थे। इस दूर करने में बैंक लगातार असफल रहा इस कारण उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि बैंक के पास मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सूचना तंत्र से जुड़े जोखिम प्रबंधन का फ्रेमवर्क नहीं होने से पिछले दो वर्षों में कई बार इसकी कोर बैंकिंग और ऑनलाइन-डिजिटल बैंकिंग सेवाएं ठप पड़ गईं। हाल ही में 15 अप्रैल 2024 को भी




बैंक को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा। इससे बैंक के ग्राहकों को गंभीर परेशानियां झेलनी पड़ी। बैंक अपने विस्तार के साथ अपनी आईटी सिस्टम की खामियों को दूर करने में असफल रहा है।

रिजर्व बैंक ने कहा कि पिछले दो वर्षों में नियामक बैंक के उच्चस्तरीय प्रबंधन के साथ लगातार संपर्क में रहा ताकि बैंक अपने आईटी से जुड़ी खामियों को दूर कर सके, पर इसके नतीजे बहुत सकारात्मक नहीं निकले। इस बीच यह भी देखा गया कि बैंक के डिजिटल लेनदेन, जिसमें क्रेडिट कार्ड से जुड़े लेनदेन भी शामिल हैं, में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस कारण बैंक के आईटी सिस्टम पर भी काफी भार बढ़ गया है। नियामक के अनुसार भविष्य में बैंक के सर्वर ठप न पड़ें और ग्राहकों को गंभीर परेशानियों से न जूझना पड़े इसे देखते हुए ही उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। रिजर्व बैंक के अनुसार बैंक की आईटी से जुड़ी खामियां ना केवल ग्राहकों को प्रभावित करती है बल्कि डिजिटल बैंकिंग और भुगतान तंत्र के फाइनेंशियल इकोसिस्टम को भी प्रभावित करती हैं। देश में बड़ी संख्या में लोग कोटक महिंद्रा बैंक की सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि रिजर्व बैंक की हालिया कार्रवाई से उनपर क्या असर पड़ेगा? आरबीआई के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने व नए क्रेडिट कार्ड जारी करने की सेवाओं को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, बयान में केंद्रीय बैंक की ओर से कहा गया है कि बैंक अपने क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को पहले की तरह सेवाएं प्रदान करना जारी रख सकेगा। आरबीआई ने अपने बयान में कहा है कि बैंक पर लगाई गई पाबंदियों की समीक्षा की जाएगी। लेकिन बैंक को उससे पहले आरबीआई से मंजूरी लेकर एक व्यापक एक्सटर्नल ऑडिट करानी होगी। उस ऑडिट में सामने लाई गई कमियों और आरबीआई की जांच में मिली कमियों को दूर करने के बाद ही नियामक की ओर से की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी।

## लोगों को मलेरिया से बचने के उपाय बताए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मलेरिया** रोग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. सुंदरी श्रीकांत, डायरेक्टर, इंटरनल मेडिसिन, मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद ने कहा कि गर्मियों का मौसम आ गया है और अक्सर इस मौसम में मच्छरों का प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। मच्छरों द्वारा काटने पर कई तरह की गंभीर बीमारियां हो जाती हैं और मलेरिया इन गंभीर बीमारियों में से एक है। इस संक्रामक बीमारी को गंभीरता से न लेने पर यह कुछ गंभीर मामलों में मरीज के लिए जानलेवा भी बन जाती है। यह बीमारी मादा (एनोफिलिस) मच्छर द्वारा फैलती है। ज्यादातर मरीज मलेरिया के लक्षणों के आधार पर किए गए उपचार से जल्दी ठीक हो जाते हैं। अगर उपचार में ज्यादा देरी होती है तो गंभीर मलेरिया के कारण मरीज एनीमिया, सेरेब्रल मलेरिया, कोमा या मरीज की जान भी जा सकती है।

व्यक्ति के शरीर में जाने के बाद एनोफिलिस लिवर में तेज गति से बढ़ते हैं और फिर लाल रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करते हैं। मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति में बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द एवं थकान होना आदि लक्षण देखने को मिलते हैं। इन लक्षण के महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से मिले और ठीक से जांच कराएं।

## बीजेपी के शासन में प्रदेश में बरोजगारी चरम पर है : वेद पहलवान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**हथीन** इनेलो हल्का अध्यक्ष वेद पहलवान ने पायनियर को दिए अपने दिए इंटरव्यू में प्रदेश की बीजेपी सरकार को पूरी तरह से नाकामयाब बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश की बीजेपी सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह से असफल रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने जो चुनावी वायदे किए थे, उनको बीजेपी पार्टी पूरा करने में पूरी तरह से असफल रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता दुखी व परेशान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज बेरोजगारी दर चरम पर है, महंगाई आसमान छू रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। पहलवान ने बताया कि प्रदेश व देश में भाजपा पार्टी व प्रधानमंत्री ने चुनाव से पहले जनता से हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था, परंतु सरकार ने सत्ता में आते ही रोजगार छीनने का काम किया है। सरकारी विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं, परंतु केंद्र व प्रदेश की सरकार उन पदों को भरने की जगह विभागों व कंपनियों का ही निजीकरण करने का कार्य कर रही है, विभागों का निजीकरण होने के बाद कर्मचारियों को आर्थिक स्थिति खराब होन का हवाला देकर नौकरी से हटाया जा रहा है, जिससे रोजगार घटा है। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश चौटाला ने अपने शासनकाल में प्रदेश में लाखों लोगों को रोजगार दिया था, परंतु बीजेपी सरकार आते ही लोगों को तरह-तरह का बहाना करके उन्हें नौकरी से हटाया जा रहा है। जिससे लोगों में बीजेपी सरकार के खिलाफ भारी रोष है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। महिलाओं के साथ लूट-खसौट, बलात्कार व छेड़छाड़ की घटनाएं पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ी हैं। जिसकी वजह से महिलाओं का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि थानों में एसएचओ और जिलों में पुलिस अधिक्षक पैसे देकर लगाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से वे कानून व्यवस्था सुधारने की जगह थानों में उगाही करने मे लगे हुए हैं। वेद पहलवान ने बताया कि बीजेपी सरकार किसानों की आय दोगुणा करने व स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट लागू करने का वायदा करके सत्ता में आई थी, परंतु आज किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमत भी नहीं मिल रही है। इसकी वजह से प्रदेश का किसान सरकार के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को अभी तक उनकी फसलों का एमएसपी भी देने में पूरी तरह से नाकामयाब रही है।

पहलवान ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा बहुत ही मंहगी हो गई है। इसकी वजह से शिक्षा आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। प्रदेश में निजी स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं। हर साल बच्चों की स्कूली फीस बढ़ाने, महंगी पुस्तकों व ड्रेस खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा है, जिसकी वजह से स्कूली बच्चों के अभिभावक परेशान और दुखी हैं। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग लोगों पर हर महीना हजारों रूपये के बिजली बिल भेज रहा है। उन्होंने कहा कि रिहायशी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों से औद्योगिक इकाइयों के बिल वसूले जा रहे हैं, जिससे बिजली उपभोक्ता परेशान व दुखी हैं। उनकी कहीं पर भी सुनवाई नहीं हो रही है। पहलवान ने बताया कि प्रदेश में सड़कों, स्कूली भवनों व अस्पतालों की हालात बहुत ही बुरी है।

# एनसीआर में शामिल होने के बावजूद बीके अस्पताल सुविधाओं से वंचित

### आईसीयू की सुविधा न होने से मरीज परेशान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद







**एनसीआर** के सबसे बेहतरीन शहरों में शुमार फरीदाबाद का मुख्य बीके अस्पताल आज भी जनसुविधाओं से वंचित है। जिसका खामियाजा इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को उठना पड़ता है। अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं होने की वजह से यहां पर इलाज के लिए आए मरीजों को दिल्ली-रोहतक के अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता हैं। दूसरे शहरों के अस्पतालों में पहुंचने तक कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देता है। वहीं जो वहां पहुंच भी जाते हैं तो उन्हें इलाज में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन) का गठन दिल्ली मे भार को कम करने के लिए किया गया था। एनसीआर के गठन का मुख्य उद्देश्य एनसीआर के शहरों में चिकित्सा, खेल, पीने के पानी, सीवर, सड़कों व दूसरी जन सुविधाओं को दिल्ली शहर की तरह उपलब्ध करवाना था। फरीदाबाद जिला एनसीआर के बेहतरीन शहरों में शुमार होता है। परंतु अभी भी फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आईसीयू जैसी मुख्य सुविधा नहीं है। लोगों का कहना है कि एनसीआर गठन के लगभग चार दशक पूरा होने के बाद भी फरीदाबाद का बीके अस्पताल आईसीयू की सुविधा से वंचित है, जिसका खामियाजा इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को इलाज में उठाना पड़ता है। आईसीयू की सुविधा नहीं होने पर अस्पताल में तैनात डॉक्टर गंभीर रूप से बीमार, घायल मरीजों को दिल्ली व रोहतक शहरों के अस्पतालों में भेज देते हैं। वहां पहुंचने में मरीज को कई घंटों का समय लग जाता है।

एनसीआर का गठन एनसीआर के शहरों में दिल्ली वाली सुविधा देने के लिए किया गया था, परंतु चार दशक बाद भी फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं है। जिससे यहां पर आने वाले मरीजों को दूसरे शहरों में इलाज के लिए धक्के खाने को मजबूर होना पड़ता है। अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

**नरेंद्र सिंह**

एनसीआर के शहर फरीदाबाद का बीके अस्पताल चार दशक बाद भी आईसीयू की सुविधा से वंचित है। जिसकी वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को इलाज में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। बीके अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की शुरू की जाए, जिससे लोगों को इलाज में सुविधा रहे।

**हजारी सिंह**

## भाजपा प्रत्याशी वर्सेस पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप की चुनावी हवा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाले होर्डिंग्स पर मोदी की गारंटी को पूरा देश देख और पढ़ रहा हैं। देशवासी इस गारंटी को कितना वजन देंगे, यह तो चार जून को पता चलेगा, लेकिन फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में मसला कुछ अलग देखने-सुनने-समझने को मिल रहा है। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के अधिकांश गुर्जर बाहुल्य गांव और कुछेक जाट बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाणा के पूर्व मंत्री चौ. महेंद्र प्रताप (गुर्जर) की हवा के सामने मोदी की गारंटी कमजोर दिखाई दे रही है। गुर्जर व जाट बाहुल्य गांवों में चर्चा है कि मोदी की गारंटी को भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध कथित जनविरोधी लहर ने कमजोर कर दिया है।

लोकसभा चुनाव 2024 में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से चौ. महेंद्र प्रताप सिंह वो नाम है, जिनके नाम की चर्चा गुर्जर बाहुल्य गांवों में इन दिनों जोरशोर से चल रही है। इतनी ही चर्चा जाट बाहुल्य गांवों में भी है। राजनीति से जुड़े लोग, बिजनेसमैन, उद्योगपति और किसान वर्ग की नजरें इसी बात पर टिकी है कि कांग्रेस पार्टी फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से किसे टिकट देगी। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के गुर्जर व जाट मतदाताओं में यह चर्चा भी खूब है कि यदि टिकट करण दलाल को दी गई तो वे गिनती वाले दिन सुबह नौ बजे हार जाएंगे और यदि टिकट महेंद्र प्रताप को दी गई तो वे भाजपा प्रत्याशी को न केवल अच्छी खासी टक्कर देंगे, बल्कि वे सांसदी का चुनाव जीत भी जाएंगे।

बता दें, ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि किसी राजनेता की इस तरह की चुनावी हवा बनी हुई है। चौ. महेंद्र प्रताप हरियाणा सरकार में बिजली एवं खाद्य-आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं। महेंद्र प्रताप सैद्धांतिक राजनीति के पक्षधर हैं। उनके पुत्र विजय प्रताप पूर्व में कांग्रेस की टिकट पर बड़खल विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं मौजूदा राज्य मंत्री सीमा तिरखा के सामने चुनाव लड़े थे, तब वे महज 800-900 वोट से हारे थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान के जरिये छात्राओं ने रैली निकाली



### मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विरक्रम सिंह के निर्देशानुसार स्थानीय सराय ख्वाजा राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं द्वारा रैली निकाली, जिसमें मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। एईआरओ स्वीप तिगांव विधानसभा क्षेत्र और प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जहां रैली को प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने हरी झंडी दिखाकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रवाना किया गया।

स्कूली छात्राओं की यह जागरूकता रैली मैन मार्केट सराय ख्वाजा, बजरंग चौक, अशोका एन्क्लेव, मुख्य बाजार के अलावा निकटवर्ती कॉलोनियों से निकलती हुई गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा संपन्न हुई।

मतदान जन जागरण रैली में विद्यालय के सौ से भी अधिक विद्यार्थियों, जूनियर रेडक्रॉस, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्यों तथा अध्यापक सुशीला बेनीवाल, गीता, दीपांजलि, निकेता, मोनिका, जितेंद्र गोगिया, पवन कुमार, राहुल रोहिल्ला, अजय गर्ग तथा स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। वहीं प्रभात फेरी में विद्यार्थी प्रजातंत्र का महापर्व, लोकतंत्र का गर्व, आप का वोट, निश्चित करेगा देश का भविष्य, हमारा वोट हमारा अधिकार जैसे स्लोगन लिखी पट्टिकाए लेकर गाते हुए सभी की वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

प्राचार्य मनचंदा ने सभी युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने घर तथा आस पास के क्षेत्रों एवं समुदाय में बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के बारे में नाम, एड्रेस, फोन नंबर आदि की लिस्ट बनाएं। ताकि ऐसे मतदाताओं को उनके घर से ही मतदान करवाने की सुविधा प्रदान की जा सके।

## शिक्षित होने के साथ क्षेत्र का विकास करने वाला हो सांसद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**सांसद** पद चुनाव जैसे जैसे नदजीक आ रहा है प्रत्याशी अपने-अपने एजेंडे पर मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। मतदाता भी अपने-अपने हिसाब से सांसद पद के प्रत्याशी को तौलेंगे। हालांकि सबकी प्राथमिकता साफ छवि व सुशिक्षित प्रत्याशी को जिताने की रहेगी, लेकिन लोग स्थानीय मुद्दों पर भी प्रत्याशियों को कसने की तैयार रहेंगे।



सांसद आमजन के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। सबका हित ऐसे अध्यक्ष के निर्वाचन में है, जो जनसमस्याओं को समझ उनका समय रहते निराकरण करा सके। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराने में नगर परिषद अध्यक्ष की बड़ी भूमिका रहती है।

**हितेश**



सांसद आम समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराने में सांसद की बड़ी भूमिका रहती है। इसलिए अध्यक्ष वही निर्वाचित हो जिसे आम लोगों की मूलभूत समस्याओं का ज्ञान हो।

**प्रवीण गर्ग**



सांसद शिक्षित होने के साथ शहर में विकास करने वाला होना चाहिए। शहर में जलभराव की समस्या का समाधान व सफाई व्यवस्था, लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए।

**यशपाल गोयल**



सांसद ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो शहर में विकास कार्य करवाए। शहरवासियों की मूलभूत सुविधा के प्रति गंभीर हो। सभी को साथ लेकर चले और बिना भेदभाव से विकास कार्य करवाए। समस्याओं को आधुनिक तरीके से निपटाए।

**विनोद जैन**

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आखिरी मौका : डीसी

### डीसी विक्रम सिंह ने बताया 26 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिला** निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि लोक सभा के आम चुनाव, 2024 के सम्बंध में मतदान आगामी 25 मई को संपन्न करवाया जाना है। इस चुनाव में वही मतदाता वोट डाल सकते है, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। आम जनता यह न समझे कि उनके पास वोटर कार्ड है, जबकि वोटर कार्ड रखना ही पर्याप्त नहीं है, उनका नाम मौजूदा मतदाता सूची में होना भी अनिवार्य है। इसलिए यह सभी का अधिकार है कि वह अपना/ अपने परिवार का नाम मौजूदा मतदाता सूची में जांच ले।

यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मौजूदा मतदाता सूची में शामिल नहीं है। तो वह दिनांक 26 अप्रैल तक फॉर्म-6 में रिहायशी, आयु आदि के दस्तावेज लगाकर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन अपने से संबंधित विधानसभा चुनाव क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी के पास आवेदन कर सकते है।

**ये है जिला के विधान सभा चुनाव क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी :** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा जिला के विधानसभा चुनाव क्षेत्रों के ये निर्वाचक पंजीयन अधिकारी हैं। जिन्हें वोट बनाने का अधिकार है।

**चुनाव क्षेत्र वाइज विवरण इस प्रकार है :** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा 85-पृथला विधानसभा क्षेत्र में संपदा अधिकारी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सिद्धार्थ दहिया को, 86-फरीदाबाद एनआईटी विधान सभा क्षेत्र में अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा को, 87-बड़खल विधान सभा में उपमंडल नागरिक अधिकारी बड़खल अमित मान को बनाया है।

वहीं 88-बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपमंडल नागरिक अधिकारी, बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद को, 89- फरीदाबाद विधान सभा क्षेत्र में उप मंडल नागरिक अधिकारी, फरीदाबाद शिखा अंतिल को और 90-तिगांव विधान सभा क्षेत्र में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सतबीर मान को निर्वाचक पंजीयन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## लोकतंत्र के महापर्व में युवा निभाएं अपनी भागीदारी : एडीसी

### स्वीप एक्टिविटी के तहत चुनाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारत** निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वीप एक्टिविटी के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 चुनाव लोकतंत्र का पर्व है और इस पर्व में हम सबको मिलकर मतदान करके अधिक से अधिक अपनी भागीदारी निभानी है। जिसकी शुरुआत हमें अपने घर परिवार से करनी है। ताकि जिला में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में हम सहयोग करके भागीदार बन सकें। मतदाता जागरूकता अभियान/ स्वीप गतिविधियों के तहत बुधवार को स्वीप एक्टीविटी के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी आनंद शर्मा और स्वीप एक्टिविटी के ब्रांड एंबेसडर लोकेश राजपूत ने विश्वविद्यालयों में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को लोकतंत्र की चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडीसी आनंद शर्मा ने विद्यार्थियों को केंडिडेट्स की प्रोफाइल स्टडी और मेनिफेस्टो को ध्यान से पढ़ने के लिए कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों का अभी तक वोटर आईडी कार्ड नहीं बना है। वो अपना वोट जल्द से जल्द बनवा लें। क्यों कि वोटिंग आईडी कार्ड एक बहुत महत्वपूर्ण साधन अपने मत को प्रयोग करने का है।

**मतदान के समय सहूलियत के लिए क्यू मैनेजमेंट ऐप का करें प्रयोग :** एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा में पहली बार वोटरों की सहूलियत के लिए क्यू मैनेजमेंट मोबाइल एप्लिकेशन सिस्टम तैयार किया है। इस ऐप के जरिए मतदाता को वोट डालने के लिए अपनी बारी का पता लगा सकेगा और उसे लाइन में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और साथ ही चुनाव आयोग ने नो योर केंडिडेट (केवाईसी) नामक नया मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है। जिसके माध्यम से मतदाताओं को यह पता लगाने में सक्षम करेगा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में किसी चुनावी उम्मीदवार का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं।

आनंद शर्मा ने विश्वविद्यालय की तमाम फैकल्टी से अनुरोध किया है कि सभी विद्यार्थियों को व अपने आस पड़ोस को अधिक से अधिक जागरूक करके मतदान के लिए प्रेरित करे।

स्वीप के ब्रांड एंबेसडर लोकेश राजपूत ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी बस इतनी रखनी है। अपने अपने परिवारों के व जान पहचान के लोगों के साथ आगामी 25 मई को वोट डालने मतदान केंद्र पर जरूर जाए। बदलाव खुद से ही होता है। इसलिए सबसे पहले अपने परिवार के साथ लोकतंत्र के महा पर्व पर मत डालना सुनिश्चित करें।

युवा मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन और लालच के स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए स्वयं तत्पर रहना है और अपने गली-मोहल्ले में भी सभी मतदाताओं को जागरूक करना है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**न तो दर बोलता है अब न तो दीवार बतियाती**
**सुलाने के लिए ममता भी अब लोरी नहीं गाती**
**मेरे सपनों में सब रिश्ते चले आते हैं रह-रहकर**
**मेरे सपनों में बस अम्मा ही जाने क्यूं नहीं आती**

## किरायेदार ने मालिक को किडनैप किया



### बैंक मैनेजर को हथियार दिखाकर उठाया, फिरौती में पांच लाख मांगे, पत्नी समेत गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** से घर में घुसकर हथियार के बल पर बैंक मैनेजर की किडनैपिंग करने के मामले में पुलिस ने एक दंपति को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से फिरौती के पांच लाख रुपये, एक कट्टा और एक पिस्टल बरामद हुई। वहीं, एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। बुधवार को एसीपी क्राइम अमन यादव ने बताया कि 21 अप्रैल की रात को सेक्टर-62 निवासी बैंक मैनेजर सतीश को उनके घर से किडनैप कर लिया गया था। वह बैंक की दिल्ली शाखा में मैनेजर है। इसकी शिकायत सतीश के परिजनों ने पुलिस को दी थी। आंख बांधकर गाड़ी में डाल ले गए अपहरण के आरोपी भूपेंद्र और उसके दोस्त रविंद्र ने सतीश को घर से उठाया। उसकी ही गाड़ी में उसे आंख पर पट्टी बांधकर डिग्गी में डाला। उसके हाथ और पैर भी रस्सी से बांध दिए थे। घटना के समय बैंक मैनेजर के पिता अमर पाल और दोस्त अमित भी मौजूद थे। अमित ने किडनैपरों से सतीश को छुड़ाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने अमित के सिर में हथौड़ा मार कर उसे घायल कर दिया। घटना के समय सतीश की पत्नी दिल्ली गई थी। बताया कि सतीश के पिता दिल्ली में बिजली बोर्ड में सरकारी कर्मचारी हैं और सतीश की पत्नी भी दिल्ली में किसी विभाग में सरकारी कर्मचारी है। पकड़ा गया आरोपी भूपेंद्र फरवरी 2024 तक सतीश के घर में ही किराये पर रहा था। इसलिए, उसे मालूम था कि फैमिली पैसे वाली है। आरोपी भूपेंद्र पलवल के बडोली गांव का रहने वाला है और रविंद्र गुरुग्राम का रहने वाला है। आरोपी ने अपनी पत्नी को भी साथ मिलाया

आरोपी भूपेंद्र बैंक मैनेजर को किडनैप कर दिल्ली लेकर गया। वहां से उसने अपनी पत्नी को भी साथ लिया। इसके बाद बैंक मैनेजर को हिमाचल के सोलन ले गए। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए क्राइम ब्रांच की छह टीमें लगी थीं। एक टीम को जब पता चला कि आरोपी हिमाचल में हैं तो उन्हें दबोचने के लिए टीम निकली, लेकिन उससे पहले आरोपी वहां से निकल गए और उत्तर प्रदेश के मथुरा पहुंच गए। इस दौरान आरोपियों ने बैंक मैनेजर सतीश के पिता अमर पाल से सतीश को छोड़ने के लिए 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। हालांकि, सौदा 5 लाख में तय हुआ। परिजनों ने एक लाख रुपए बैंक ट्रांसफर कर दिए थे। बाकी के चार लाख रुपये लेने के लिए आरोपी मथुरा से फरीदाबाद के कैली बाइपास आए। वहां से उन्हें गिरफ्तार कर बैंक मैनेजर को मुक्त करा लिया। आरोपी भूपेंद्र को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। उसके साथी रविंद्र को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों ने बैंक मैनेजर की गाड़ी को दिल्ली में ही छोड़ दिया था। हिमाचल से जब मथुरा गए तब रविंद्र अपनी गाड़ी लेकर किसी काम का बहाना बनाकर निकल गया। फिर भूपेंद्र और उसकी पत्नी ने एक गाड़ी मथुरा से किराए पर ली और वह इस गाड़ी से कैली बाइपास रोड पर आए थे। जब ड्राइवर ने उनसे पूछा कि आंख पर पट्टी क्यों बांधी है तो उन्होंने जवाब दिया कि उनकी आंखें बनवाई गई है इसलिए आंख पर पट्टी बंधी है।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 25 अप्रैल, 2024



# रतन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में लगेगा रोजगार मेला : यशवीर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रतन** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज, सेवली, पलवल में 27 अप्रैल शनिवार को रोजगार मेला लगने जा रहा है। इससे पहले भी रतन ग्रुप के द्वारा रोजगार मेलों का सफल आयोजन किया जा चुका है। कॉलेज के द्वारा इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

रोजगार मेले के बारे में जानकारी देते हुए रत्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चैयरमेन यशवीर डागर ने बताया कि रतन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज (सेवली, पलवल) सभी शाखाओं से अधिकतम संख्या में छात्रों को नौकरी दिलाने के उद्देश्य से जॉब फेयर का आयोजन कर रहा है। रतन जॉब फेयर में भाग लेने के लिए किसी भी कॉलेज/विश्वविद्यालय (स्नातक, पॉलिटेक्निक, 12वीं, बीटेक, एमटेक, बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए और अन्य) की विभिन्न शाखाओं के छात्र भाग ले सकते हैं। 50 से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं। चेयरमैन ने बताया कि जॉब फेयर में छात्रों के लिए कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है ताकि अधिक से अधिक छात्रों को सुविधा मिल सके। कॉलेज के द्वारा इस बार इसके लिए बड़ी कम्पनियों से सम्पर्क किया गया है और वह कम्पनी इस मेले में आकर भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि इन कोर्सो के बच्चे को यह कंपनी नोकरी देंगी। कॉलेज आते समय बच्चे अपने दो फोटो, रिज्यूम, और जरूरी दस्तावेज साथ लेकर आयें। रोजगार मेले से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए विभिन्न नंबरों पर 8810676939, 8053807076 पर संपर्क कर सकते हैं।




# वाटर टैंकर ने बच्चे को कुचला, अस्पताल में मौत

## पानी की सप्लाई देने आया चालक, खेलते हुए घर से बाहर आया मासूम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नंगला** एनक्लेव में सुबह पानी के टेंकर से कुचल कर डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृत बच्चे की दादी बेबी देवी ने बताया कि उनका बेटा मिथुन पोद्दार पैर से दिव्यांग है, उसकी पत्नी काजल घर में खाना बना रही थी। उनके दो बेटे हैं। जिनमें छोटा बेटा डेढ़ साल का आदित्य घर में खेल रहा था, कि तभी घरों में पानी की सप्लाई करने वाला टैंकर चालक पानी का टेंकर लेकर गली में आ गया। मां काजल खाना बनाने व्यस्त थी, उसे पता ही नहीं चला कि आदित्य कब घर से बाहर निकल गया। बेबी देवी ने बताया कि वह किराये के मकान में रहती हैं। मूल रूप से बिहार के सहरसा जिले की रहने वाली है। उनके साथ अन्य रह रहे किराएदार गेट खोलकर टेंकर से पानी देने के लिए बाहर निकले थे। बच्चा उनके पीछे-पीछे निकल गया और टेंकर चालक ने बच्चे की ओर ध्यान नहीं दिया तथाा लापरवाही से टेंकर चलाते हुए बच्चे को कुचल दिया। बच्चे को टेंकर से कुचलने के बाद टेंकर चालक आशीष बच्चे को उठाकर के मां काजल के हाथों में दिया और फरार हो गया। जिसके बाद परिजन बच्चे को लेकर फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद बच्चे की मां काजल बेसुध है और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस से आरोपी टेंकर चालक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# दहेज के लिए महिलाओं से अप्राकृतिक संबंध बनाने पर केस

## एक के साथ ननदोई ने किया रेप, दहेज के लिए प्रताड़ित किया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**दो** महिलाओं के साथ उनके पतियों द्वारा अप्राकृतिक संबंध बनाए जाने तथा विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। एक महिला के साथ तो उसके ननदोई ने भी रेप किया। पुलिस ने दोनों पीड़िताओं की शिकायत पर उनके ससुराल वालों के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं में मुकदमें दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

महिला थाना की जांच अधिकारी एएसआई पुष्पा के अनुसार, होडल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने महिला थाना में दी शिकायत में कहा है कि उसे शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताडित करने लगे।

दहेज की मांग पूरी न होने पर उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाता है और विरोध करने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता है। इतना ही नहीं पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके ननदोई ने उसे अकेला पाकर उसके साथ रेप किया। पीड़िता ने जब इसकी शिकायत अपने पति से की तो उन्होंने उल्टा उसके साथ ही मारपीट कर इस बारे में किसी से कहने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा, हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी गुरूग्राम जिले के एक गांव में हुई थी।

शादी के बाद उसका पति उसे दहेज के लिए परेशान कर मारपीट करने लगा। आरोप है कि उसका पति दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे तरह-तरह से टॉर्चर करने लगा और उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए।

उसने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस का कहना है कि दोनों पीड़िताओं की शिकायत पर मामले दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरु कर दी है। लेकिन अभी तक सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे।

# कविता को मिला मिस सरस्वती का खिताब



## सरस्वती महिला कॉलेज में स्नातक कक्षा का विदाई समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बुधवार** को सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल के प्रांगण में स्नातक विभागों (बीए एवं बीकॉम) की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या व समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके बाद प्राचार्या का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या ने विदा ले रही छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, साथ ही साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए मनोबल बढाया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नेहा ने विदाई भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद तृतीय वर्ष की छात्रा पल्लवी ने महाविद्यालय से जुडी यादों को सांझा किया। छात्राओं द्वारा गीत, कविता पाठ, भजन व नृत्य आदि की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में मिस सरस्वती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका कार्यभार डॉ. आरती दीवान व शुभ्रा ने पूर्ण किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रविता जैन, सुमन व साक्षी ने निभाई। मिस सरस्वती का खिताब कविता, बीकॉम तृतीय वर्ष, दूसरा स्थान साक्षी बीए तृतीय वर्ष तथा तीसरा स्थान नेहा बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।

विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन मिथलेश गुप्ता व डॉ. प्रोमिला भारद्वाज द्वारा किया गया। मंच संचालन डॉ. सोनिया भारद्वाज द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सभी प्रवक्ताओं की देखरेख में विदाई समारोह का समापन कुशलतापूर्वक किया गया।

# डॉ. सीएस राणा व डॉ. हरि सिंह डागर बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सह-संयोजक



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**भारतीय** जनता पार्टी जिला पलवल चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. परविन्दर कुमार सैन के नेतृत्व में नीमा एसोसिएशन के डॉ. सीएस राणा व पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन के जिला प्रधान हरिसिंह डागर को पलवल चिकित्सा प्रकोष्ठ का सह-संयोजक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सह-संयोजक डॉक्टर विश्वपाल आर्य, डॉक्टर सतीश तलवार, पलवल मंडल संयोजक डाक्टर रूप कुमार व हथीन के सह संयोजक डॉक्टर लोकेश चौहान, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉक्टर ललित भारद्वाज, डॉ. ललित मोहन कालड़ा, राजू खूटैला, एडवोकेट एनसी चौहान तथा संदीप देशवाल ने उन्हें मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया तथा फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया व हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. सीआर राणा व हरी सिंह डागर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर विजय दहिया, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष चरणसिह तेवतिया, पलवल विधायक दीपक मंगला व चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर परविंदर कुमार सैन का आभार व्यक्त किया तथा भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताते हुए उन्हें जो जिम्मेदारी सौंप गई हैं, उन्हें बखूबी निभाने का विश्वास दिलाया।

## वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में बुधवार को वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय आइटीआर ई- फाइलिंग रहा। कार्यक्रम का आयोजन बीकॉम छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को आइटीआर ई-फाइलिंग सीखना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गौरव गिरी और शिल्पी सिंगला रहे, जोकि श्याम सुंदर मंगला कंपनी एलएलपी में कार्यरत है। उन्होंने बहुत सरल तरीके से विद्यार्थियों को आइटीआर फाइलिंग करने के गुर सिखाए। इसमें विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा के लिए अपितु आइटीआर फाइलिंग कैसे कमाई का माध्यम बन सकती है, यह भी बताया गया। विद्यार्थियों ने पुरानी और नई कर प्रणाली के अनुसार आइटीआर फाइलिंग करना सीखा। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन और कॉलेज प्रबंधन समिति के संरक्षण और सहयोग से किया गया। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों को थ्योरी के साथ-साथ प्रेक्टिकल कौशल भी आना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शोभना गोयल ने किया।

# कुलदीप सिंह की याद में आज होगी अंतिम अरदास

**फरीदाबाद।** सेक्टर=21ए में स्थित नगर प्रसिद्ध हॉर्मटन ग्रामर स्कूल के दूरदृष्टा दार्शनिक एवं शिक्षाविद कुलदीप सिंह की याद में 25 अप्रैल को उनके ही स्कूल में ट्रिनिटी हॉल में उनकी याद में कीर्तन और अंतिम अरदास का आयोजन सुबह 11.30 से दोपहर 12.30 तक किया जाएगा। जिसमें अंत में लंगर भी चखा जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन और प्रबंध सुजैन कौर, शेखर राय चौधरी, गुरु अमृत कौर, विक्रमजीत सिंह तथा उनकी पुत्रवधू एवं पुत्र प्रेरणा बी सिंह एवं राजदीप सिंह के द्वारा होगा। गौरतलब है कि गत 13 अप्रैल को वे परमधाम को चले गए और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अपने अद्वितीय योगदान के स्वर्ण चिह्न अपने पीछे छोड़ गए। कुलदीप सिंह ने लंदन के कोवेन्ट्री कॉलेज ऑफ एजुकेशन से इंगलिश में मास्टर्स की डिग्री प्राप्त करने के साथ गणित अध्यापन में हॉमर्टन कॉलेज केंब्रिज यूनिवर्सिटी से विशेष दक्षता प्राप्त की। इस प्रकार उन्होंने केंट स्कूल में पढ़ाया। लंदन के अनेक स्कूलों में उन्होंने गणित विषय पढ़ाते हुए ब्रिटेन के स्कूल शिक्षा क्षेत्र में अपने बहुमूल्य 17 वर्ष लगा दिए।



# चीनी मिल के एमडी ने गन्ने की फसल का निरीक्षण किया

**पलवल।** सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक प्रदीप अहलावत ने मिल के अन्य अधिकारियों के साथ सोमवार को खेतों में जाकर गन्ने की फसल में कीड़े लगने और अन्य बीमारियों को लेकर निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने खेतों में चासर फीट बिजाई का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा गांव चांदहट व चिरवारी में किसानों के साथ बैठक भी की गई। बैठक में किसानों को गन्ने की बिजाई के बारे में जानकारी दी गई और सलाह दी गई कि किसान प्रमाणित की गई किस्मों की बिजाई कर अधिक से अधिक गन्ने की पैदावार ले सकते हैं।

## ब्लॉक डी टू में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर लगेगी रोक

**फरीदाबाद।** ब्लॉक डी-2 सेक्टर-10 में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसियेशन द्वारा बूम बैरियर की उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिसला, प्रधान जगज़ीत सिंह नैन, ग्रेटर फ़रीदाबाद किसान संघर्ष समिति के प्रधान शिवदत्त वशिष्ठ, उपप्रधान दीपा शर्मा, महासचिव अनूप वशिष्ठ, प्रमुख उद्योगपति वीरेंद्र शर्मा, जितेश मेंहदीरत्ता, केएल शर्मा, दिनेश खुराना, राजेश बिरमानी, अनिल चौहान व ब्लॉक के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस अवसर पर ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने बताया ये ब्लॉक की सुरक्षा के लिए बहुत साहसिक कदम है।

# वोट के दौरान हीट वेव से बचाव के लिए विभाग उचित कदम उठाए : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते आमजन को हीट-वेव से बचाने के लिए विभिन्न विभागों को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की वीडियो कांफ्रेंस के बाद आयोजित बैठक में डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे हीट वेव से बचाव के लिए अपनी-अपनी एडवाइजरी जारी करें। उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नागरिकों को गर्मी से बचाव के लिए संबंधित विभागों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में डीसी विक्रम सिंह ने सभी एसडीएम, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, रोजगार विभाग, रोडवेज विभाग, शिक्षा विभाग, वन मंडल, पंचायती विभाग व पर्यटन आदि प्रमुख विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों को हीट-वेव से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। डीसी ने श्रम विभाग के निर्देश दिए हैं कि उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य के दौरान विश्राम के लिए उचित जगह निर्धारित करवाएं और उनके लिए पेयजल का पर्याप्त प्रबंध हो। इसके साथ ही श्रमिकों को हीट वेव से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए। डीसी ने कहा कि आगामी 25 मई को जिला में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। ऐसे में सभी मतदान केंद्रों पर वोटर्स के वेटिंग एरिया सहित पीने के पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।




वहीं सभी मतदान केंद्रों पर दो वालंटियर की ड्यूटी भी लगाई जाए। इसके साथ साथ सभी पोलिंग पार्टी को एक मेडिकल किट्स भी उपलब्ध कराई जाए, जिसमे ओआरएस घोल के पैकेट पर्याप्त मात्रा में हो। डीसी ने जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल का प्रबंध करें, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या न बने। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ नागरिकों को हीट वेव से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार से डीसी ने शिक्षा विभाग भी निर्देश दिए हैं कि वे विद्यार्थियों को गर्मी से बचाव के बचाव के बारे में जागरूक करें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सर्विस कार्य को लेकर जिस भी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति रोकी जाए वहां के नागरिकों को उचित माध्यम से इसकी सूचना भी दें। उन्होंने अन्य संबंधित विभागों को भी अपने-अपने विभाग से संबंधित आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं ताकि नागरिक हीट वेव से बच सकें। बैठक में डीआरओ विजेंद्र राणा, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी मंजू श्योराण मौजूद थीं।

# संक्षिप्त समाचार

## पीएनडीटी की सलाहकार समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**पलवल।** सिविल सर्जन कार्यालय में पीसी पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उप सिविल सर्जन एवं नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, नागरिक अस्पताल की ग्यानाकोलोजिस्ट डॉ. कृतिका तंवर, माइक्रोबॉयोलोजिस्ट डॉ. सरफराज, बाल रोग चिकित्सक डॉ. वासुदेव, एनजीओ से सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सोनू सैनी, पलवल डोनर क्लब से अल्पना मित्तल ने भाग लिया। बैठक में उटावड़ रोड हथीन पर स्थित बीआरसी अल्ट्रासाउंड के नए पीएनडीटी सेंटर रजिस्ट्रेशन करने व पलवल के सचिन अस्पताल की यूएसजी मशीन को पीएनडीटी अधिनियम के तहत ऑनर के अनुरोध पर सील करने और डॉ. वीरेंद्र अल्ट्रासाउंड में सोनोलोजी के लिए नई डा. नूर सबा खान का नाम जोड़ने व पुन्हाना रोड होडल पर स्थित डॉ. ओमबीर के सोनोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता के कारण यूएसजी मशीन को सील करने के संबंध में विचार विमर्श किया। इसके अलावा टीम द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले नियमित निरीक्षण में सभी निजी व सरकारी अस्पतालों तथा क्लीनिकों को उनकी कमियों को दुरूस्त करने तथा सभी चिकित्सकों द्वारा पीसी पीएनडीटी एक्ट की सभी हिदायतों का अनुपालना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए जाते हैं व समस्त चिकित्सकों को सख्त हिदायत दी गई है कि पीसी पीएनडीटी कार्य में किसी भी प्रकार की कोई कमी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।

## भगवान श्रीराम ने हनुमान को परम बड़भागी कहा : स्वामी



**फरीदाबाद।** भगवान श्रीराम ने कहा कि हनुमान तुम मुझे लक्ष्मण से भी अधिक प्रिय हो। क्योंकि तुम सेवा करते हो। सेवा करने वाले भगवान को अति प्रिय होते हैं। यह बात जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने भक्तों के बीच कही। वह हनुमान जयंती पर श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लक्ष्मण को कहा कि तुमने मुझे अपना पूरा जीवन दिया, लेकिन हनुमान अभी नया है। इसे मैं इसलिए ज्यादा प्यार करता हूं। इसके साथ साथ वह सेवा को ही सबकुछ मानता है, इसलिए वह परम बड़भागी है। श्रीराम ने कहा कि सेवा करने में जो अधिकार चाहता है वह मोहित हो जाता है और सेवा के असली अर्थ को भूल जाता है। इसलिए सेवा करने वाले को कभी भी अधिकार, पद की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवक के मन में मान सम्मान प्रतिष्ठा और सुख की चाहना अपराध है। उन्होंने हनुमान को सेवा और भक्ति का पर्याय बताया। उन्होंने सभी के लिए हनुमान जी से बल, बुद्धि और कृपा की प्रार्थना की। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने कहा कि हनुमान वास्तव में गुरु हैं। उन्हें गोस्वामी तुलसीदास गुरु बताते हैं और गुरु के रूप में ही अपनी कृपा करने के लिए कहते हैं। इसलिए जब भी हम बात करते हैं, तब हनुमानजी को गुरु के रूप में ही मानते हैं। इससे पहले स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने वीर हनुमान की मूर्ति का भव्य अभिषेक किया और हजारों लोगों को आशीर्वाद एवं प्रसाद भी प्रदान किया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश लेकर शोभायात्रा में भागीदारी की, वहीं सैकड़ों कार्यकर्ता धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। जिसमें एक विशाल बग्गी में हनुमानजी मूर्त रूप में बैठे हुए थे। इस आयोजन में श्री सिद्धदाता आश्रम संचालन समिति, विभिन्न सेवा समितियों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**फरीदाबाद।** श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा श्री महावीर मंदिर महावीर नगर फरीदाबाद में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर टोनी पहलवान, सेक्टर-19 आरडब्लूए प्रधान सुनील कुमार, सतपाल चौधरी, धर्मवीर चौधरी, धीरज वधवा, चरण सिंह सैनी, पिंटू सैनी, टीटू मटके वाला, सोनू शर्मा ,केडी शर्मा, किशन शर्मा, रमेश चौधरी, प्रेमवीर सिंह, बोदराज, किशोर तनेजा, महिला मंडल एवं शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हनुमान जी के सामने माथा टेककर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया एवं सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन किया गया। इस मौके पर टोनी पहलवान व केडी शर्मा ने कहा कि पवनपुत्र हनुमान कहें या मारुति नंदन, संकटमोचन हनुमान हर किसी परिस्थिति में अपने भक्तों के संकट हर लेते हैं। संकट मोचन के नाम से प्रसिद्ध भगवान हनुमान जी सबसे लोकप्रिय अवतार रहे है. भगवान शिव के वरदान की वजह से उन्हें भगवान के रूप में पूजा जाता है। सुनील कुमार ने कहा कि हनुमान जी बल, बुद्धि, युक्ति, ज्ञान में सबसे अव्वल थे। हनुमान जी ने कई राक्षषों का वध कर उनके आतंक से कई ग्राम वासियों को भय मुक्त किया। भगवान सूर्यदेव का अहंकार तोड़ने के लिए उन्होंने फल समझकर उनको अपने अपने पेट में धारण कर लिया और भगवान शिव के आग्रह करने पर सूर्यदेव को मुक्त किया। उनको सभी देवी देवताओं से अनेक वरदान प्राप्त थे, जिससे वो जग कल्याण में भगवान राम की सहायता करने में सक्षम हो गए थे। उन्होंने महाज्ञानी रावण के साथ युद्ध में भगवान राम की सहायता कर उनका विजय पथ सुगम कर दिया।

## सूचना जनसंपर्क विभाग के राजाराम बने वोटिंग ताऊ



**पलवल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में कार्यरत लोक कलाकार कवि राजाराम को वोटिंग ताऊ बनाया है। उन्होंने कहा कि यह वोटिंग ताऊ जिला में जगह-जगह जाकर लोगों को आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि राजाराम एक अच्छे कवि भी हैं, जो अपने भजनों व गीतों से भी स्वीप कार्यक्रम के तहत जनता को जागरूक कर रहे हैं। राजाराम ने अब तक अपने भजनों व गीतों से अनेकों गांवों में मतदान करने के लिए प्रचार-प्रसार करके लोगों को जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि वोटिंग ताऊ राजाराम जिला के शहर, कॉलोनी, गांवों में बूथों पर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने भी वोटिंग ताऊ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वोटिंग ताऊ राजाराम एक कुशल कवि हैं, जिन्होंने अपने द्वारा बनाई गई कविताओं व भजनों तथा लोकगीतों से मतदाताओं को जगह-जगह जाकर युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर वहां मौजूद सभी स्टाफ सदस्यों ने उन्हें शुभकामना दी।

# ईको ग्रीन ने बंद किया अपना काम गुरुग्राम बनता जा रहा कूड़ाग्राम

## घरों का कूड़ा सड़कों पर फेंक रहे हैं लोग, जगह-जगह लगे हैं कूड़े के ढेर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-4 से 9 के बीच सेक्टर-7 एक्सटेंशन के कोने पर स्लिप रोड पर फैली गंदगी।

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में नगर निगम गुरुग्राम के क्षेत्र में पिछले 7 साल से डोर-टू डोर कूड़ा उठाने का काम कर रही चीन की ईको ग्रीन कंपनी ने कूड़ा उठाना बंद कर दिया है। इस कारण से शहर में जगह-जगह पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। घरों से लाकर सडक़ों, गलियों में कूड़ा डालना लोगों की मजबूरी बन गई है। कूड़े के ढेर के कारण कई जगह पर तो सडक़ें, गलियां तक ब्लॉक हो गई हैं। सरकार, प्रशासन के स्तर पर ईको ग्रीन के साथ कब तक स्थितियां स्पष्ट होंगी, इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता।

अब पिछले करीब एक महीने से ईको ग्रीन कंपनी की ओर से गुरुग्राम में डोर-टू डोर कूड़ा नहीं उठाया जा रहा। कंपनी ने काम को पूरा तरह से बंद कर दिया है। शहर में नगर निगम के कर्मचारी में सफाई का काम जरूर कर रहे हैं। लेकिन एकत्रित किये गये कूड़े का उठान नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह बन गई है कि कूड़ा गलियों, सडक़ों में पड़ा है। कई तो रास्ते तक बंद हो गए हैं। सेक्टर-4 से सेक्टर-9 के बीच सडक़ पर सेक्टर-7 एक्सटेंशन की तरफ स्लिप रोड पर काफी कूड़ा डाला गया है। इस कारण स्लिप रोड बंद हो गया है। अन्य कई स्थानों पर भी कई-कई दिन से कूड़ा पड़ा है। इसी तरह से सब्जी मंडी के पास, जैन मंदिर जैकबपुरा के पास कन्या स्कूल के पीछे कूड़े के ढेर लगे हैं।

**2017 में ईको ग्रीन कंपनी को मिला था काम:** बता दें कि 14 अगस्त 2017 को गुरुग्राम व फरीदाबाद का कूड़ा उठाने के लिए हरियाणा सरकार ने चीन की कंपनी ईको ग्रीन के साथ करार किया था। इसके बाद से यह कंपनी दोनों शहरों का डोर-टू डोर कूड़ा उठाती आ रही है। गुरुग्राम व फरीदाबाद दोनों शहरों का हर महीने साढ़े सात करोड़ रुपये का बिल ईको ग्रीन कंपनी की ओर से बनाया जाता है। लगभग हर वार्ड पार्षद ने नगर निगम गुरुग्राम की सामान्य बैठकों में ईको ग्रीन की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा किया गया। शहर के सोहना अड्डा के सामने ओल्ड जेल कॉम्पलेक्स में ईको ग्रीन कंपनी द्वारा कूड़ा डाला जाता था। इसकी शिकायत भी कई बार की गई थी। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कंपनी पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के आदेश दिए थे।

### सरकार के फैसले के बाद ही होगी अगली कार्यवाही: संयुक्त आयुक्त

**इस** संबंध में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त (स्वच्छता अभियान) नरेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से ईको ग्रीन को टर्मिनेट करने संबंधी पत्र दिया गया है, लेकिन अभी सरकार इस पर कोई निर्णय नहीं ले पाई है। जैसे ही सरकार निर्णय लेगी तो नई एजेंसी को यह काम दे दिया जाएगा। सरकार की तरफ से कोई फैसला नहीं आया है। नरेश कुमार ने कहा कि हम चिट्ठियां लिखते रहते हैं। पैनल्टी लगाते रहते हैं। कंपनी के पैसों में से पैनल्टी कटती रहती है। ईको ग्रीन का काम फेल हो चुका है। हमारे पास वैकल्पिक व्यवस्था तैयार है। जैसे ही कंपनी का टर्मिनेट हो जाएगी, नगर निगम आगे की कार्यवाही शुरू कर देगा। डोर टू डोर टेंडर तैयार हैं। एजेंसी को वर्क ऑर्डर भी दे रखा है। अगर ये टर्मिनेट होंगे, तभी दूसरी एजेंसी को काम के लिए आगे लाया जाएगा।

### एडवोकेट जैन बोले-नगर निगम हो चुका है पूरी तरह विफल

**मानव** आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि नगर निगम अपनी सही भूमिका निभाने में असफल रहा है। निगम के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं हो पाई। नगर निगम के अधिकारियों की भी खामियां रहीं। नगर निगम का 3000 करोड़ रुपये का सालाना बजट है। इस हिसाब से रोजाना करीब 10 करोड़ रुपये रोजाना विभिन्न सुविधाओं पर खर्च करता है। वह कहां खर्च हो रहा है, नजर नहीं आती। इसका तीसरा हिस्सा यानी 3 करोड़ रुपये सफाई व्यवस्था पर खर्च हो रहा है। फिर भी गुरुग्राम कूड़ाग्राम ही बना रहता है। नगर निगम प्रबंधन का काम बेहद ही लचर है। शहर में जगह-जगह अवैध डंपिंग प्वायंट बना दिए गए हैं।

## बिना अनुमति विज्ञापनों का प्रसारण नहीं कर सकेंगे केबल ऑपरेटर

**गुरुग्राम।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) बनाई गई है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इस कमेटी के चेयरमैन हैं। जिला में कोई भी केबल ऑपरेटर व सिनेमा घर संचालक बिना एमसीएमसी कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के केबल व सिनेमा घर में किसी भी प्रकार का विज्ञापन नहीं चला सकता है।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शिता, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी नागरिकों को भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के आदेशों की पालना करनी होगी।

# सुनील बने ग्राम एसोसिएशन ऑफ भारत के शेरपा

### देश में यूनिफॉर्म पंचायती राज व्यवस्था लागू करने के लिए करेंगे कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**पंचायती** राज दिवस के अवसर पर ग्राम एसोसिएशन ऑफ भारत का गठन किया गया है, जिसमें देश के हर राज्य से सरपंच, मुखिया, प्रधान ने भागीदारी की। ग्राम एसोसिएशन ऑफ भारत के शेरपा देश की पहली हाईटेक एवं महिला हितैषी पंचायत बीबीपुर गांव के पूर्व सरपंच एवं पंचायती राज अधिकारों के सक्रिय एक्टिविस्ट सुनील जागलान को बनाया गया है। देश में पहली बार पूरे देश से पंचायतों को शामिल कर ऐसा संगठन खड़ा किया गया है।

ग्राम एशोसिएशन ऑफ भारत के अन्य सदस्य सुजाता, महाराष्ट्र से, कुलदीप सिंह जम्मू से, बबीता बिहार से, आरती देवी उड़ीसा से, अभिषेक सिंह उतर प्रदेश से, निमकित सिक्किम से, रोहित तिवारी मध्य प्रदेश, श्रीनिवास तेलंगाना से बनाए गए हैं। सुनील जागलान ने बताया कि देश में कहीं पर सरपंच, मुखिया, प्रधान तथा अन्य शब्दों का प्रयोग किया जाता है। इसलिए ग्राम एसोसिएशन में उन्हें ग्राम प्रतिनिधियों ने ग्राम शेरपा शब्द की उपाधि दी है। पिछले 2 साल में उन्होंने 30000 से ज्यादा सरपंचों के साथ देश के अलग-अलग राज्यों में डॉयलाग स्थापित किया है। सभी से विचार विमर्श के बाद ही हमने निर्णय लिया कि देश को पंचायत के एक ऐसे प्लेटफार्म की जरूरत है, जिसमें देश के हर हिस्से से पंचायत प्रतिनिधि शामिल हो।

सुनील जागलान ने बताया कि आज की तारीख में संविधान धान में पंचायत और नगर पालिका को स्थानीय सरकार के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। संविधान की 11वीं अनुसूची के माध्यम से पंचायत को 29 विषयों का प्राधिकार दायित्व सौंपा गया है। क्योंकि स्थानीय सरकार सातवीं अनुसूची के अनुसार राज्य का विषय है।

# गुरुग्राम में नेशनल कैंसर हेल्पलाइन नंबर लॉन्च

## हेल्पलाइन पर मुफ्त में मिलेगी कैंसर पर डॉक्टर की सलाह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**कैंसर** मुक्त भारत अभियान कैंसर जागरुकता पर भारत का सबसे बड़ा अभियान कहा जाता है। इसने अब गुरुग्राम में कैंसर रोगियों के लिए एक नि:शुल्क कैंसर हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया है। यह हेल्पलाइन नंबर देश के जाने माने कैंसर विशेषज्ञ से निऱ्शुल्क सलाह प्रदान करेगी। कैंसर निदान और उपचार की जटिलताओं को समझने में रोगियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

हेल्पलाइन-9355520202 देश में किसी के लिए भी उपलब्ध है और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में गेम-चेंजर साबित होने का वादा करती है। यह हेल्पलाइन सोमवार से शनिवार तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चालू रहेगी। कैंसर रोगी इस नंबर पर कॉल करके ऑन्कोलॉजिस्ट से सीधे बात कर सकते हैं या बिना कोई शुल्क दिए कैंसर के इलाज के बारे में चर्चा करने के लिए वीडियो कॉल भी कर सकते हैं।

कैंसर मुक्त भारत का नेतृत्व कर रहे भारत में न्यूयॉर्क ऑन्कोलॉजिस्ट के नाम से मशहूर डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि कैंसर पर जीत हासिल करने के लिए पहला कदम सबसे अच्छा कदम होना चाहिए। कैंसर के उपचार से पीड़ित लगभग सभी रोगियों को दूसरी राय की सिफारिश की जाती है। यह तब भी महत्वपूर्ण है, जब उपचार के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं होता है या यदि उनका निदान या उपचार संदेह में है। कैंसर के इलाज के लिए, लागत अधिक हो सकती है। अस्पताल से अस्पताल में भिन्न हो सकती है, इसलिए लागत पर राय लेने का एक और महत्वपूर्ण कारण है। हेल्पलाइन नंबर को शुरू करने के पीछे का कारण साझा करते हुए डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि भारत में कैंसर के मामलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं और स्वास्थ्य देखभाल डॉक्टरों की कमी है, इसलिए मेरा भारत आना हमारे अपने देश की सेवा करने के लिए एक आह्वान था। कैंसर रोगियों को अपने ही देश में लेटेस्ट कैंसर उपचार प्राप्त करने में मदद करू जो अमेरिका में इलाज कराने के बराबर हो।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि भारत में मामलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य सुविधाओं और डॉक्टरों की कमी है। उन्होंने कहा कि भारत आना अपने देश की सेवा करने और कैंसर रोगियों को अपने देश में नवीनतम कैंसर उपचार प्राप्त करने में मदद करने के लिए एक आह्वान था, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर हो सकता है।

# हनुमान जन्मोत्सव तक हनुमान चालीसा पाठ मुहिम का आंकड़ा हुआ 6 लाख पार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में हनुमान चालीसा पाठ में शिरकत करते लोग।

**समाजसेवी** बोध राज सीकरी द्वारा हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत पाठ का आयोजन डीएलएफ फेज-1 में अभिषेक खनेजा के निवास स्थान पर विशाल, नरेश चावला के सामूहिक प्रयास से आयोजित किया। हनुमान जन्मोत्सव तक हनुमान चालीसा पाठ का आकंड़ा 618,361 पूर्ण हो गया है।

पंडित भीम दत्त ने मंत्रोच्चारण के साथ शंखनाद किया और गजेन्द्र गोसाई ने व्यास गद्दी से हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया। डेढ़ सौ से अधिक साधकों ने गजेंद्र गोसाई के लय के साथ लय मिलाकर संकीर्तन का आनंद लिया। राम नाम की 108 बार माला का जाप कर पाठ का समापन किया। आयोजन में डॉक्टर अलका शर्मा, सह-संयोजिका माता वैष्णो देवी मंदिर गढ़ी-हरसरु की उपस्थिति रही। बोधराज सीकरी के अनुसार 4.32 अरब साल पूर्व हनुमान जी का अवतरण हुआ और सात चिरंजीवी में आज भी हनुमान जी विद्यमान हैं। जहां राम कथा होती है, वहां तो हनुमान जी अवश्य विराजमान होते हैं। सीकरी ने राम की महिमा इस बार गायकी से की।

इस दौरान अनिल आर्य, धर्मेन्द्र बजाज भाजपा नेता व अध्यक्ष अर्जुन मण्डल, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, रवि मनोचा, अश्वनी वर्मा, युधिष्ठिर अलमादी, रमेश कामरा, संदीप अनेजा एडवोकेट, ज्योत्सना एडवोकेट, किशोरी लाल डुडेजा, राजिंदर बजाज, विष्णु खन्ना, दीपक वर्मा, दीपचंद फ़ौजी, पी.एन सिंह, सलिल मिश्रा, राजीव छाबड़ा, अजय भार्गव, रमेश नरूला, सतीश चावला, जगदीश डुडेजा, अशोक तनेजा, ओ.पी. कालरा, हरीश गांधी, रवींद्र गोसाई आदि मौजूद रहे।

# विजय संकल्प रैली की कामयाबी के लिए हर कार्यकर्ता दे योगदान

### रैली को लेकर विधायक के निजी सचिव व जिला उपाध्यक्ष ने ली अहम बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**26** अप्रैल को यहां भीम नगर में होने वाली भारतीय जनता पार्टी की विजय संकल्प रैली को लेकर रैली के संयोजक एवं गुरुग्राम के सुधीर सिंगला के निजी सचिव आर.पी. सिंह व जिला उपाध्यक्ष सीमा पाहुजा ने गुरुग्राम भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मबीर की अध्यक्षता में प्रमुख कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष सीमा पाहुजा, आरपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। रैली को सफल बनाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक मोदी जी के संदेश को पहुंचाने पर भी चर्चा हुई। आरपी सिंह ने कहा कि आगामी 26 अप्रैल को भीम नगर में होने वाली रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व लोकसभा प्रत्याशी राव इंदरजीत सिंह शिरकत करके कार्यकर्ताओं और आमजन से लोकसभा चुनावों के लिए समर्थन मांगेंगे।

### सीएम सैनी की मौजूदगी में 29 को राव करेंगे नामांकन

**लोकसभा** चुनाव को लेकर गुरुग्राम में होने वाली रैलियों की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, लोकसभा कलस्टर प्रमुख मनीष मित्तल और जिला प्रभारी संदीप जोशी की उपस्थिति में गुरुग्राम और पटौदी में होने वाली विजय संकल्प रैली की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत को बड़े मार्जिन में बदलने के लिए 5 मई से डोर-टू डोर प्रचार अभियान चलेगा। गुरुग्राम विधानसभा की भीम नगर में विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। 29 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह नामांकन भरेंगे।

## निगम के संयुक्त आयुक्त ने सेक्टर-40 में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों व नागरिकों के साथ की बैठक

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त विजय यादव बुधवार को सेक्टर-40 स्थित सामुदायिक केन्द्र पहुंचे। उन्होंने यहां पर सेक्टर के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करके उनकी शिकायतें सुनी। मौके पर ही उपस्थित निगम अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम नागरिकों की शिकायतों व समस्याओं का समाधान करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रहा है। उनके कार्यालय में भी कोई भी नागरिक अपनी शिकायतें लेकर उनसे मिल सकता है। बैठक में आरडब्ल्यूए की तरफ से सेक्टर-40 की विभिन्न शिकायतों व समस्याओं के बारे में संयुक्त आयुक्त को जानकारी दी तथा लिखित में पत्र सौंपे। इनमें सेक्टर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, सेक्टर-45 रेड लाइट से सेक्टर-31 एंट्री प्वाइंट तक ड्रेन, सभी सड़कों की रिकार्पेटिंग, सेक्टर-40 पुलिस स्टेशन से एचएसवीपी मार्केट तक आरसीसी सड़क निर्माण, पार्कों का रेनोवेशन,अतिक्रमण हटवाने, सीवर डिस्पॉजल पंपिंग स्टेशन का रेनोवेशन तथा मेन सीवर लाइन से लिंक करने आदि संबंधी मामले शामिल थे।

## कथित राजा ने काम की नहीं, सिर्फ नाम की ही है राजनीति: अलघ

### जनसेवक क्रांति पार्टी ने ठोकी चुनावी ताल

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा नेतृत्व विहीन होने की कगार पर है। क्षेत्र के विकास को एक ही परिवार के कथित राजा ने अपनी कुर्सी की सियासत के चक्कर में कोसों दूर कर दिया। लेकिन अब जन सेवक क्रांति पार्टी क्षेत्र में विकास का नया विकल्प लेकर जनता की दहलीज पर है। यह बात जन सेवक क्रांति पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष अंकित अलघ ने पत्रकार वार्ता में कही।

अंकित अलघ ने कहा कि उन्हें बहुत हर्ष और गर्व है कि लगभग तीन वर्ष पहले गुरुग्राम से ही बनी राजनीतिक पार्टी आज गुरुग्राम लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार मैदान में उतार रही है। अंकित अलघ ने विजय यादव शिकोहपुर का पटका एवं टोपी पहनाकर पार्टी में स्वागत किया और नियुक्ति पत्र देकर प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इसी अवसर पर अंकित अलघ ने विजय यादव को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार भी घोषित किया।

## अतिरिक्त निगमायुक्त ने किया वेस्ट-टू-वंडर प्रोजेक्ट का निरीक्षण

### प्रोजेक्ट के तहत कबाड़ से आकर्षक स्ट्रक्चर किए हैं स्थापित

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने बुधवार को सेक्टर-14 स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के वेस्ट-टू-वंडर प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे पार्क का निरीक्षण करने के दौरान सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा बागवानी कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



नगर निगम गुरुग्राम द्वारा यहां पर वेस्ट अर्थात कबाड़ से आकर्षक वंडर स्ट्रक्चर स्थापित किए गए हैं, जिन पर लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत आई है। वेस्ट-टू-वंडर प्रोजेक्ट के तहत तैयार किए गए 30 स्ट्रक्चरों में शिप, बस, ट्रेन, हेलीकॉप्टर, कार, बाइक, एरोप्लेन, साइकिल, यूएफओ, बैटमैन बाइक, बैटमैन कार, झूला, ट्राइसाइकिल व नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा शामिल हैं। इसमें सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। यहां पर विशेषकर विभिन्न स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों की खासी भीड़ रहती है। यह प्रोजेक्ट केवल गुरुग्राम के ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों व विदेशों से आने वाले सैलानियों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र है।

# SBI कार्ड ने ट्रैवेल के शौकीन लोगों के लिए 'SBI कार्ड MILES' लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ



**भारत** के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड इश्यूअर SBI कार्ड ने ट्रैवेल पर आधारित अपने पहले ट्रैवेल-फोकस कोर क्रेडिट कार्ड, 'SBI कार्ड MILES' के तीन वैरिएंट मुंबई में लॉन्च किए हैं। इस कार्ड का उद्देश्य हर तरह के यात्री के लिए भरपूर यात्रा लाभ मुहैया करवाना है, फिर चाहे वे सफर करने की चाह रखने वाले हों, लगातार उड़ान भरने वाले हों या फिर यात्रा करने के शौकीन हों। 'SBI कार्ड MILES' आकर्षक फीचर्स का ऑफर देता है, जिनमें ट्रैवल क्रेडिट को एयर माइल्स और होटल पॉइंट्स में बदलने के साथ-साथ हर ट्रैवेल बुकिंग पर ऐक्सेल रेटेड रिवॉर्ड और एयरपोर्ट लाउंज ऐक्सेस शामिल हैं। यह कार्ड रीडेम्पशन के पूर्ण विकल्प के साथ कार्ड होल्डर्स को सशक्त बनाते हुए एयर विस्तारा, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, एयर फ्रांस-KLM, एतिहाद एयरवेज, एयर कनाडा, थाई एयरवेज, क्वांटासएयरवेज, ITC होटल, IHG होटल और रिजॉर्ट्स सहित 20 से ज्यादा एयरलाइन और होटल ब्रैंड्स के साथ पार्टनर हैं, जिनमें ऐकॉर भी शामिल है। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन श्री दिनेश कुमार खारा के अनुसार, ''मजबूत आर्थिक विकास और मजबूत खपत परिदृश्य ने दुनिया में भारतकी स्थिति में इजाफा किया है। यहाँ तक कि ट्रैवेल सेक्टर में, आज भारत को एशिया और यूरोप सहित कई देशों में आउट बाउंड ट्रैवेल के लिए प्रमुख स्त्रोत बाजारों में से एक माना जाता है। मैं 'SBI कार्ड MILES' के लॉन्च पर SBI कार्ड को बधाई देता हूँ, जो एक मजबूत प्रोडक्ट है और जो भारतीय कंज्यूमर्स के लिए यात्रा के अनुभवों को फिर से परिभाषित करेगा।'' यह साफ है, कि भारतीय ज्यादा से ज्यादा और अलग-अलग यात्रा/ट्रैवेल अनुभवों के लिए खुलकर सामने आते जा रहे हैं। इस कार्ड के तीन वैरिएंट्स 'SBI कार्ड MILES ELITE', 'SBI कार्ड MILES PRIME' और 'SBI कार्ड MILES' को क्यूरेट किए गए यात्रा लाभों के जरिए कार्ड होल्डर्स के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। कार्ड होल्डर्स प्रत्येक 200 रुपये के यात्रा खर्च पर 6 ट्रैवेल क्रेडिट्स और अन्य ट्रैवेल श्रेणियों पर 200 रुपये खर्च करने पर 2 ट्रैवेल क्रेडिट्स तक हासिल कर सकते हैं। 'SBI कार्ड MILES' के अंतर्गत प्रस्तुत विकल्प कार्ड धारकों को कई मशहूर एयरलाइंस और होटल पार्टनर्स के बीच एक आसान और बिना किसी रुकावटके ट्रैवेल क्रेडिट रिडीम करने की सुविधा देती है।

## इंडियामार्ट ने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी अपना कर बी2बी कारोबार में नया दौर शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इंडियामार्ट** के सीपीओ अमरेंद्र धालीवाल का कहना है, ''हम एक स्मार्ट और इंटरकनेक्टेड डिजिटल युग में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। टेक्नोलॉजी से हम सभी के कारोबार करने का तरीका बदल रहा है। इसलिए हम एडवांस एल्गोरिदम का लाभ उठाते हुए हमारे यूजर्स को बेहतर अनुभव और सटीक टार्गेटिंग का विकल्प देते हैं ताकि उनका आरओआई और बेहतर हो सके। हमारे रिकमेंडेशन और मैचमेकिंग सिस्टम की मदद से खरीदार और विक्रेता बिना किसी बाधा अपने जरूरतों के अनुसार एक दूसरे से जुड़ पाते हैं। इस तरह हमारे प्लैटफॉर्म पर खरीद-बिक्री करना अधिक कारगर हो पता है, जिसके कारण 53 प्रतिशत यूजर्स अपने बी2बी जरूरतों के लिए बार-बार हमारे प्लैटफॉर्म पर आते हैं। हमारे एआई टूल्स की मदद से लोगों को सबसे सही सर्च रिजल्ट्स देने से लेकर अच्छी गुणवत्ता के कैटलॉग्स तक सुनिश्चित किये जाते हैं, जिससे की यूजर्स का अनुभव और भी अच्छा हो पाता है।

इससे भी एक कदम बढ़ कर हम ने हमारे लीड मैनेजर में जेनरेटिव एआई जोड़ दिया है, जो यह विश्लेषण करता है, कि खरीदारों ने किस संदर्भ में प्रश्न पूछा होगा और तदनुसार जवाब के बारे में भी सुझाव देता है। इस तरह हम कन्वर्शन रेट और कन्वर्शन क्वालिटी बढ़ाने में भी सफल रहे हैं, जो बी2बी कारोबार में जरूरी है। इस पलैटफॉर्म पर महीने में 4 करोड़ से भी ज्यादा रिप्लीज और कॉलबैक्स होते हैं, जो की हमारे व्यवसाय में संवाद को लेकर प्रतिबिधता को दर्शाता है। इस तरह से हम एक निर्बाध बी2बी मार्केटप्लेस सुनिश्चित करते हैं और खरीद-बिक्री करना और भी आसान बनाते हैं

# इंडस ऐपस्टोर ने 10 भारतीय भाषाओं में वॉयस सर्च फीचर लॉन्च किया

### यूजर अब अपनी मातृभाषा में वॉयस सर्च का उपयोग करके ऐप्स खोज और उनका इस्तेमाल कर सकते हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के स्वदेशी ऐप मार्केटप्लेस, फोनपे के इंडस ऐपस्टोर ने आज यह घोषणा की है, कि उनका वॉयस सर्च फीचर अब अंग्रेजी के अलावा 10 भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा। यह इनोवेटिव फीचर यूजर के अनुभव में सुधार लाता है, जिससे यूजर अपनी पसंद की भाषा में वॉयस सर्च से ऐप्स ढूंढ सकते हैं। वॉयस सर्च टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करती है। वॉयस सर्च विभिन्न प्रकार के उच्चारणों और स्पीच पैटर्न को समझ लेता है, जिससे सर्च के उचित परिणाम मिलते हैं। भारत में इंटरनेट चलाने वालों में करीब 75 प्रतिशत लोग अपनी स्थानीय भाषा बोलते हैं। इस आंकड़ें से पता चलता है, कि ऐप्स खोजने और उनका इस्तेमाल करने में आने वाली भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करना कितना जरूरी है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारंपरिक टेक्स्ट आधारित खोज में कई तरह की मुश्किलें होती हैं, जैसे विशेष कीबोर्ड की जरूरत और मुश्किल अक्षर लिखना।

इससे आसानी से संचार नहीं हो पाता है। इंडस ऐपस्टोर की वॉयस सर्च टेक्नोलॉजी से यूजर को बेहतरीन अनुभव मिलता है। इससे वे आसानी से वॉयस सर्च बटन को टैप करके अपनी स्थानीय भाषा में पसंदीदा ऐप को खोज सकते हैं। यह इंडस ऐपस्टोर मिशन के साथ जुड़ा हुआ है, जो सभी लोगों को शामिल करने और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले फीचर के माध्यम से यूजर को सशक्त बनाना है। यह विभिन्न साक्षरता स्तरों और अपनी पसंद की भाषा के अनुसार काम करता है।

इसके अलावा, यह नया फीचर, ऐप डेवलपर्स के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि इससे ऐप इंस्टॉल करने की संख्या को बढ़ाने में भी मदद करता है। लॉन्च पर बोलते हुए, इंडस ऐपस्टोर के सह-संस्थापक और CPO, आकाश डोंगरे ने कहा, ''नए वॉयस सर्च फीचर के जरिए हमने सभी प्रकार के लोगो के लिए और आसानी से इस्तेमाल किए जाने वाले ऐप स्टोर को बनाने का प्रयास किया है। 82 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर वॉयस-एक्टिवेटिड टेक्नोलॉजी इस्तेमाल कर रहे हैं, और भारतीय भाषाओं को शामिल करने से छह-से साठ वर्ष के सभी आयु वर्ग के लोगों में टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। यही यूजर-सेंट्रिक फीचर इंडस ऐपस्टोर को ट्रांस्फॉर्मेटिव वॉयस टेक्नोलॉजी में सबसे आगे रखता है, जो इस वर्तमान युग की जरूरत है।''

# फसल उठान और भुगतान में विलंब पर आफताब ने बीजेपी सरकार को घेरा

## किसान और आढ़ती परेशान लेकिन मौज में सरकार :विधायक अहमद

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



विधायक आफताब अहमद

**कांग्रेस** विधायक एवं विधानसभा में विपक्ष के उपनेता आफताब अहमद ने फसल उठान में देरी व भुगतान में विलंब के मामले को लेकर प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 48 से 72 घंटे के अंदर किसानों को गेहूं खरीद का भुगतान करने का भाजपा सरकार का वादा जुमला साबित हुआ है। प्रदेश की मंडियों में बिक चुकी आधी से अधिक फसल का अभी तक भुगतान लंबित है, जबकि इसकी बिक्री को लगभग तीन हफ्ते बीत चुके हैं।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि मंडियों से गेहूं का बेहद धीमा उठान होने के कारण आढ़तियों व किसानों के लिए समस्या बनी है।मौसम विभाग द्वारा पहले से दी गई चेतावनी के बावजूद सरकार आंखें बंद करके सोती रही, और उठान नहीं होने के चलते मंडियां अनाज रखने में नाकामयाब हुई जिससे किसानों को अपना गेहूं सड़कों पर डालना पड़ रहा है। किसान की 6 महीने की दिन रात मेहनत से तैयार की गई फसल खुले आसेमान के नीचे बार-बार भीग रही है।

बता दें कि प्रदेश की अलग-अलग मंडियों में बारिश के चलते भारी मात्रा में गेहूं पानी के साथ बह गया जिसके लिये किसान को हुए नुकसान के लिए सीधे तौर पर आफ़ताब अहमद ने बीजेपी सरकार को जिम्मेदार है। विधायक आफ़ताब अहमद ने भुगतान में देरी के चलते किसानों को हुए नुक़सान की भरपाई की मांग उठाई है। किसानों की परेशानी कम करने के लिए नमी में छूट की लिमिट को भी बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि सरकार पोर्टल का झंझट खत्म करके जल्द उठान और भुगतान करे ताकि किसान अगले सीजन की तैयारी कर सकें। विधायक आफताब अहमद ने कहा एक तरफ तो मौसम की मार से प्रदेश का किसान दुखी है दूसरी तरफ़ अभी तक किसानों को खराब फसलों का भी पूरा मुआवजा नहीं मिला है। और अब भाजपा सरकार की बेरुखी और बद् इंतजामी की वजह से मंडियों में आने वाला किसान परेशान है, अनाज मंडियों में किसानों के लिए उचित व्यवस्था भी नहीं की गई है। जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा, और जनता भाजपा द्वारा किए गए जुल्मों का बदला वोट की चोट से लेगी। विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि जिस बीजेपी राज में 750 से अधिक किसानों की मौत किसान आंदोलन में हो गई हो उनसे अधिक उम्मीद दिखती नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया वायदा भी खोखला निकला जिसमें 2022 तक किसानों की आय दौगुना करने की बात कही थी। विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा दरअसल बीजेपी सरकार किसानों से किसान आंदोलन का बदला लेती हुई प्रतीत होती है। आफ़ताब अहमद ने भरोसा दिया कि कांग्रेस सरकार बनने पर स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू की जाएगी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने नूंह में होटल ढाबों पर की छापेमारी

## खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे

### भारी गड़बड़ी की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



**बुधवार** को नूंह में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से होटल ढाबों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने ले गए। इस दौरान होटल ढाबों और दुकानदारो के मालिकों में हड़कंप मच गया। जो छापेमारी की सूचना मिलने पर अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर लापता हो गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा ले गए पदार्थ के नमूनों को जांच के लिए भेज दिया गया है। माना जा रहा है कि खाद्य पदार्थों बेहद घटिया किस्म के निकले। जिनमें गड़बड़ी मिलने की पूरी आशंका है।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चौहान ने बताया कि नूंह नलहड़ मेडिकल कॉलेज के साथ लगते होटल,ढाबे, रेस्टोरेंट के संबंध में शिकायत मिली थी कि यहां पर घटिया किस्म का खाना मिलता है। इसी कड़ी में सबसे पहले गार्डन रेस्टोरेंट पर टीम ने पहुंचकर छापेमारी की। आटा, मैदा चीनी और मसाले के नमूने लिए गए। मालिक के पास कोई लाइसेंस नहीं मिला। खाद्य पदार्थों की हालत देखने में बेहद खराब थी। इसके बाद हीराचेरी पिज्जा सेंटर पर भी टीम पहुंची। जहां पर किचन की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने बताया कि पिज्जा में प्रयोग होने वाले पदार्थों की हालत भी खराब मिली। छापेमारी के दौरान लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो भी शिकायत मिलती है, विभाग की ओर से कड़ा संज्ञान लिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो जजों के तबादला होने पर विदाई कार्यक्रम आयोजित



**नूंह।** फिरोजपुर झिरका बार एसोसिएशन की तरफ से बुधवार को बार एसोसिएशन के हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां एसोसिएशन की ओर से दो जजों को विदाई दी गई। श्रीमति नितिका भारद्वाज अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीज़न व प्रदीप कुमार सिविल जज जूनियर डिवीज़न का स्थानांतर हो गया है। वहीं एक दो दिन में दो नए जज कार्यभार संभाल सकते हैं। श्री राजेश कुमार भांकर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश व श्री आशीष कुमार मंडल सिविल जज जूनियर डिवीजन फिरोजपुर झिरका का बार में स्वागत किया गया। जिला बार प्रधान अल्ताफ हुसैन कुरैशी और सचिव मोहम्मद जैद ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन की तरफ से विदाई कार्यक्रम हुआ। इसमें एसडीजेएम श्रीमति नीतिका भारद्वाज, जेएमआईसी श्री प्रदीप कुमार को तबादला होने पर भावविनी विदाई दी गई। इस मौके पर फिरोजपुर झिरका बार एसोसिएशन के प्रधान अल्ताफ हुसैन कुरैशी ने कहा कि दोनो जज न्यायप्रिय थे तथा उनका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाना रहा तथा यही कार्यप्रणाली ने उन्हें अन्य अधिकारियों से अलग बनाती है। कुरैशी ने कहा कि बार व बैंच के बीच सामंजस्य बना रहे, इसके लिए वे निरंतर प्रयास रहेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान यूसुफ खान ढोण्ड ने कहा कि किसी भी कर्मचारी या अधिकारी के व्यक्तित्व की पहचान उनके कार्यकाल के दौरान लोगों से किए व्यवहार के तौर पर की जाती है। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अयूब हुसैन ,श्यामलाल सैनी, अख्तर हुसैन बिछोर, शकील अहमद, एडवोकेट यूसुफ खान, हासिम,अरशद अली, मुबारिक , जेएम चूटानी, हारून नगीना, नय्यर आलव, कासम सिसवाना , कासम झिमरावट, सुबोध जैन, शाहिद इब्राहिम, खुर्शीद आमका, मुबीन नावली सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हनुमान जी महाराज के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



**फिरोजपुर झिरका।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर सिविल लाइंस रोड पर स्थित सीताराम बगीची,नजदीकी नवग्रह शनि मंदिर के पास हनुमान मंदिर के प्रांगण में बालाजी महाराज का विशाल संकीर्तन आयोजित किया गया। बालाजी महाराज का रंग बिरंगे गुब्बारे एवं कई तरह पुष्प चंपा, चमेली, मोगरा, गुलाब, गेंदें फूलों से आलौकिक एवं मनमोहक श्रंगार किया गया। बालाजी महाराज की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई और बजरंगबली रिझानें के लिए छप्पन प्रकार के भोग लगाए। बालाजी महाराज के भजनों का गुणगान करने के लिए अलवर राजस्थान एवं पहाड़ी, नगर ब्रजभूमि के भजन गायकों ने श्रद्धालुओं के दिलों में भक्ति रस का संचार किया। वहीं भक्ति में ओत प्रोत सभी श्रद्धालु बजरंगबली के भजनों में जमकर नाचे गाए। कार्यक्रम की व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए श्री श्याम सखा मंडल, श्री श्याम दीवाने मंडल, हारे का सहारा मंडल की टीम मुस्तैद रही। इसके अलावा श्री श्याम सांवरे सेवा समिति मंडल के लोगों ने हलवा प्रसाद की सेवा दी। कीर्तन में उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए जलपान व्यवस्था का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर अतुल गोयल, योगेश शर्मा, दीपांशु गोयल, अनुज बंसल, अनीश गोयल उर्फ सिप्पी, राजेश शर्मा, शैंकी गोयल, भगवान दास सेन, संदीप अग्रवाल, सचिन मंगला, कुलदीप कुमार, विवेक शर्मा, अंकित गोयल, मोहित गुप्ता, अंशुल सिंगला, नवीन सौदे, पंडित जय प्रकाश शास्त्री, ललित गोयल, राजेश शर्मा, अखिल आर्य, पियूष गोयल, सूरज कुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जान मोहम्मद के समर्थकों की आतिशबाजी से लगी आग

#### चैयरमेन पद बहाल होने से समर्थकों पर हुड़दंग का आरोप



**नूंह।** जिला परिषद चैयरमेन जान मोहमद के पैतृक गांव अकबरपुर के निवासी अकबर ने जिला प्रमुख जान मोहम्मद के कार्यकर्ताओं द्वारा जानबूझकर आग लगाने व हवाई फायर करने का गंभीर आरोप लगाया है। आग लगने की घटना के अलावा हुड़दंग की खबर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। शिकायतकर्ता अकबर ने बताया कि पंचायती जमीन प्राइवेट कब्जा करने के आरोप में जिला परिषद चैयरमेन को निदेशक पंचायती राज हरियाणा ने जान मोहम्मद को बर्खास्त कर दिया गया था, जिसके बाद जान मोहम्मद ने सरकार के समक्ष कार्रवाई की अर्जी लगाई, उसके बाद पंचायती राज के वित्तायुक्त ने बुधवार को जान मोहम्मद को बहाल कर दिया गया। जिला प्रमुख पद बहाल होने पर जिला प्रमुख जान मोहम्मद के कार्यकर्ताओं ने खुशी में आपा खो दिया। पिनगवां कस्बे में जमकर आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी। इतना ही नहीं पिनगवां कस्बे से करीब पांच किलोमीटर दूरी पर स्थित अकबरपुर गांव में अपने विपक्षी अकबर के घर के बाहर जमकर आतिशबाजी की, इतना ही अकबर ने तो समर्थकों पर फायरिंग करने तक के आरोप लगा दिए। इलाके में इस हुड़दंग की जमकर आलोचना हो रही है। पीड़ित अकबर का कहना है कि जिला परिषद चैयरमेन जान मोहम्मद बर्खास्त होने का कारण हमें मानते हैं, इसी के चलते इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि अगर पुलिस मौका पर ना पहुंचती तो उनके समर्थक हमारे घर में भी आग लगा सकते थे।

# नागरिकों को हीट वेव से बचाने के लिए संबंधित विभाग उचित कदम उठाएं: उपायुक्त

### सभी एआरओ को दिए निर्देश, 25 मई को सभी मतदान केंद्रों पर वेटिंग एरिया व पीने के पानी की हो उचित व्यवस्था



**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**उपायुक्त** धीरेंद्र खड़गटा ने गर्मी के बढ़ते प्रकोप के चलते आमजन को हीट-वेव से बचाने के लिए विभिन्न विभागों को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आदेशानुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में चीफ सेक्रेट्री हरियाणा टीवीएसएन प्रसाद के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में भाग ले रहे थे। डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे हीट वेव से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी की गई एडवाइजारी का पालन करें।

उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नागरिकों को गर्मी से बचाव के लिए संबंधित विभागों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी एसडीएम, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पशु पालन विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, रोजगार विभाग, रोडवेज विभाग, शिक्षा विभाग, वन मंडल, पंचायती विभाग व पर्यटन आदि प्रमुख विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों को हीट-वेव से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उपायुक्त ने श्रम विभाग को निर्देश दिए हैं कि उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य के दौरान विश्राम के लिए उचित जगह निर्धारित करवाएं और उनके लिए पेयजल का पर्याप्त प्रबंध हो। इसके साथ ही श्रमिकों को हीट वेव से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए।

उपायुक्त खड़गटा ने कहा कि 25 मई को जिला में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। ऐसे में सभी मतदान केंद्रों पर वोटर्स के वेटिंग एरिया सहित पीने के पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। वहीं सभी मतदान केंद्रों पर दो वालंटियर की ड्यूटी भी लगाई जाए। सभी पोलिंग पार्टी को एक मेडिकल किट्स भी उपलब्ध कराई जाए जिसमे ओआरएस घोल के पैकेट पर्याप्त मात्रा में हो। डीसी ने जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे पर्याप्त पेयजल का प्रबंध करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ नागरिकों को हीट वेव से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

# मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर निकाली कलश यात्रा

### शहर के मुख्य बाजारों में राधा-कृष्ण, हनुमान जी एवं शिव परिवार की मूर्तियों को कराया भ्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका



**गढ़** अंदर श्री साईं धर्म मंदिर के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के तहत गणेश पूजन किया गया और सिविल लाइंस रोड सीताराम बगीची नजदीकी नवग्रह शनि मंदिर से भव्य कलश यात्रा एवं राधा-कृष्ण, हनुमान जी, शिव परिवार की मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम आयोजन ढोल नगाड़े एवं बैंड बाजे के साथ किया गया। जो कि शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। इस अवसर पर शोभा यात्रा में सम्मिलित महिलाएं भगवान के भक्तिमय भजनों पर नाचती गाती नजर आईं। वहीं मातृशक्ति ने पारंपरिक व आधुनिक वाद्य यंत्रों की सहायता से मंगल भजन गाकर भजनामृत से वातावरण को मंगलमय कर दिया। बाजार में मौजूद दुकानदारों ने सोभायत्रियों को शुद्ध पेयजल, जलजीरा, कोल्ड ड्रिंक शरबत, बिस्किट एवं फल फ्रूट आदि वितरित कर धर्म लाभ उठाया। धार्मिक आयोजन से पूर्व देश व विश्व कल्याण की भावना के साथ सर्व मंगल कार्येषु, सर्व सुख कार्येषु के निमित्त विधि विधान के साथ मंदिर पुजारी ने विधि विधान के साथ कलश संकल्प कलश स्थापना पूजा अर्चना का कार्य संपन्न करवाया। इसके उपरांत यह शोभा यात्रा शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए अपने गंतव्य स्थान गढ़ अंदर नजदीकी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्थित श्री साईं धर्म



मंदिर पहुंच कर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर श्री साईं धर्म मंदिर कार्यकारिणी समिति के लोग मनीष कुमार, नितिन चावला, कैलाश कथूरिया, हरीश लूथरा, बंटू कुमार, प्रवीण सैनी, विष्णु मित्तल, सोनू छाबड़ा सहित काफी संख्या में धर्मप्रेमी महिलाएं, पुरुष एवं बच्चें मौजूद रहे।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल नूंह में लोकल मैनेजिंग कमेटी की मीटिंग संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**सत्र** 2024-25 के लिए डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइंस नूंह में एलएमसी की मीटिंग स्कूल के चेयरमैन आईजी साउथ रेंज रेवाड़ी राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आईजी महोदय ने आगामी सत्र के शुभारंभ की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में यथासंभव सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। स्क्र नरेंद्र बिजारणिया ने भी स्कूल की उन्नति और प्रगति को देखते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दो खेल मैदान ( बास्केट बॉल व लॉन टेनिस ) व 4 खेल सहायक कोच उपलब्ध करवाये।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत बिश्नोई ने सेशन 2024-25 का बजट पेश किया गया। स्कूल की मैनेजर श्रीमती अपर्णा एरी ने एलएमसी के सभी सदस्यों का सहयोग देने पर धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर होने वाली एलएमसी की बैठक विद्यालय के उन्नति और प्रगति में सहायक हैं। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह दहिया ,चारु मैनी, अनीता मेहरा, अलका अरोड़ा, पृथ्वीराज कौशल, नर सिंह, दिनेश, शबनम आदि सदस्य मौजूद रहे।

# आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की हुई प्रथम रेंडमाइजेशन

## 630 बूथों पर लगाई गई 755 पोलिंग पार्टियां, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने की अध्यक्षता

### पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की तय की गई ड्यूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटाआम चुनाव की तैयारियों को को लेकर बैठक ली।

**लोकसभा** चुनाव-2024 के सफल आयोजन के लिए बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की गई। उन्होंने कहा कि जिला में कुल 630 बूथ बनाए गए हैं जिन पर 755 पोलिंग पार्टियां लगाई गई है तथा 125 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। अब इन अधिकारियों की जिला प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग करवाई जाएगी। देशभर में लोकसभा चुनाव-2024 सात चरणों में करवाएं जाएंगे। हरियाणा प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटों के लिए छठे चरण में आगामी 25 मई 2024 को लोकसभा आम चुनाव करवाएं जाएंगे। उन्होंने बताया कि नूंह जिला गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जिला में बनाए गए पोलिंग स्टेशनों के लिए पीठासीन अधिकारी तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। इसके अलावा जिला में रिजर्व स्टॉफ भी रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चुनावी ड्यूटी का कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला होता है, इसलिए जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव को लेकर लगाई गई हैं वें पूरी जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाएं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मी नारायण, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अर्जुन सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चिन्हित अपराध की समीक्षा कर उपायुक्त ने दिए निर्देश

**हरियाणा** के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के साथ उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने विजुअल माध्यम से चिन्हित अपराध को लेकर समीक्षात्मक बैठक में भाग लिया । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने चिन्हित अपराध को लेकर आयोजित समीक्षात्मक बैठक में जिला के अधिकारियों को कहा कि अकसर यह देखने में आता है कि कोर्ट में केस की मजबूत पैरवी न होने के कारण अपराधी बच जाते हैं। साक्ष्यों के अभाव और कमजोर पैरवी के कारण ये केस न्यायालय में टिक नहीं पाते। इसलिए कानूनी तकनीकी और विभिन्न प्रकार के केसों में साक्ष्यों के बचाव और उनकी सुरक्षा तथा कानूनी पहलुओं द्वारा मजबूत पैरवी संबंधित अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि कोई मामला अगर आता है तो उस पर निष्पक्ष रुप से जांच की जाए, जांच के हर पहलु को बारिकी से परखा जाए। उन्होंने सनसनीखेज अपराधों पर भी समीक्षा की और पुलिस विभाग के अधिकारी से कहा कि ऐसे केसों को भी चिह्नित अपराध के तहत लिए जाए और मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। उपायुक्त ने पुलिस व न्यायवादी विभाग से कहा है कि वे एनडीपीएस सहित कोर्ट में चल रहे केसों पर तकनीकी पहलूओं का अध्ययन कर पैरवी करें, ताकि अपराधियों को कड़ी सजा दिलवाई जा सके। बैठक में मामलों से संबंधित बचाव साक्ष्य और तकनीकी कानूनी पहलुओं बारे विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि नियमानुसार संबंधित अधिकारी चिन्हित अपराध योजना के लिए उचित कानूनी कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित अपराधों के गवाहों व आरटीआई एक्टीविस्ट को सहायता मुहैया करवाई जाती है, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही व कौताही न बरतें। मामले जो चिन्हित अपराध योजना व आरटीआई एक्टीविस्ट के तहत आने वाले मामलों की पुलिस विभाग पूरी गहनता से जांच कर रिपोर्ट तैयार करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा.चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मी नारायण, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अर्जुन सिंह, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पायनियर क्लासीफाइड

NAME CHANGE

I, Ravinder Kumar Thanuya S/o Raghuveer Singh R/o A-559, Dabua Colony, Faridabad, have changed my name to HARI OM.

I, Rita Rani W/o Ashok Bhatia R/o H.No.C-7, Nehru Ground, NIT, Faridabad, HR have changed my name to Rita Bhatia.

I, Mukesh Chand Sharma S/o Khushiram Sharma R/o M-580, Gandhi Colony, NIT Faridabad, have changed my name to Mukesh Sharma.

सार्वजनिक सूचना

मैं, वेद प्रकाश पुत्र श्री संजय निवासी मकान नम्बर बी-235, गांधी कॉलोनी, रेलवे रोड, नियर वैष्णो माता मन्दिर, एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा बयान करता हूं, कि मेरी बहन प्रियंका पुत्री श्री संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है तथा हमसे रोजाना लडाई-झगडा करती है, इसलिए मैंने अपनी बहन प्रियंका से अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है, भविष्य में इससे लेन-देन या व्यवहार आदि रखने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। आज के बाद मेरा इससे कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत ऐंचवाडी खंड पिनगवां में मछली पालन के लिए जोहड पंचायत भूमि पंचायती दुकान 30 अप्रैल 2024 को खुली बोली पर छोडा जाएगा। कोई व्यक्ति गांव की स्कूल पर आकर उक्त तिथि सुबह 11.00 बजे मौके पर खुली बोली लगा कर ले सकता है, इन सब को छोडने की समस्त राशि बोलीदाता को मौके पर अदा करनी होगी। इन सब को छोडने के सभी अधिकारी ग्राम पंचायत के पास रहेंगे। सभी शर्ते मौके पर बता दी जाएगी।

सरपंच मुमताज बेगम ऐंचवाडी खंड पिनगवां

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कम मतदान
### चिंता का विषय

**कम मतदान चिन्ता का विषय** है। सभी पार्टियों को इसकी जिम्मेदारी लेकर यह प्रवृत्ति उलटने का प्रयास करना चाहिए। वर्तमान चुनाव में चिन्ता का प्रमुख कारण खासकर हिंदी पट्टी में कम मतदान है। इस प्रवृत्ति ने राजनीतिक पार्टियों में खतरे की घंटियां बजा दी हैं और उनको इस निष्क्रियता के जमीनी कारणों पर गहराई से विचार करने तथा लोकसभा चुनाव के बाकी चरणों में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने की रणनीति बनाने को मजबूर किया है। हिन्दी हृदय प्रदेश का असाधारण चुनावी महत्व है, लेकिन यहां 19 अप्रैल को मतदान का प्रतिशत निराशाजनक रूप से कम रहा।

भारतीय निर्वाचन आयोग के आंकड़ों अनुसान यहां लगभग 62 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 में लोकसभा चुनाव के यहां 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था, लेकिन यह प्रवृत्ति कोई स्थानीय परिघटना नहीं है, क्योंकि 21 राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों के 102 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदान हुआ था। क्या इसका कारण भयानक गरमी या अन्य जरूरी काम थे? यदि इसका संबंध मौसम से है तो बात समझ में आती है, पर यदि इसका कारण राजनीतिक निराशा है तो यह गंभीर चिंता का विषय है। इसका कारण अनुपयुक्त ढांचागत संरचनायें, मतदान केन्द्रों पर लंबी-लंबी कतारें तथा मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में कठिनाई जैसी 'लाजिस्टिक' चुनौतियां भी हो सकती हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग-ईसीआई के अनेक प्रयासों के बावजूद बड़ी संख्या में मतदातों ने अपने वोट डालने के लिए बाहर जाना उचित नहीं समझा। गर्मियों में हमारे देश में अनेक चुनाव हुए हैं जहां मतदाताओं की मतदान केंद्रों पर भीड़ रही। हो सकता है कि मतदाताओं की कम उपस्थिति का कारण



राजनीतिक व्यवस्था में खोती हुई दिलचस्पी हो, हालांकि इस बारे में अभी कुछ निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है। अनेक मतदाता राजनीतिक प्रक्रिया से स्वयं को अलग समझ सकते हैं। उनको लगता है कि उनके वोटों का नीति-निर्माण पर समुचित प्रभाव नहीं पड़ता है या उनके सरोकारों पर गौर नहीं किया जाता है।

इस निराशा का कारण अक्सर राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपने वादे पूरे न करना हो सकता है। इससे मतदाता स्वयं को ठगा अनुभव करते हैं। परंपरागत रूप से शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत हमेशा कम रहा है, पर अब ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता भी संभवत: मतदान में ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेते हैं। कम परिवहन सुविधाओं वाले क्षेत्रों में मतदान केंद्रों तक पहुंचना, खासकर वृद्धों तथा दिव्यांगों के लिए बहुत कठिन हो सकता है। मतदान का एक चिंताजनक आयाम पहले चरण में नगालैंड के 6 जिलों में शून्य मतदान है। यह अभूतपूर्व तथा आश्चर्यजनक है। इस क्षेत्र की एक संस्था स्थानीय स्तर पर अलग 'प्रशासनिक व्यवस्था' चाहती थी और आश्वासन न मिलने पर उसने मतदाताओं से मतदान बहिष्कार का आह्वान किया था। कारण जो भी हो, कम मतदान देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। कुछ चीजें मतदाताओं में निष्क्रियता का कारण बनती हैं। इसमें सामाजिक व आर्थिक आयाम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनसंख्या का एक हिस्सा खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी, निरक्षरता व बेरोजगारी जैसे मुद्दों का सामना करता है और इस कारण चुनाव प्रक्रिया में उसकी सहभागिता प्रभावित होती है। हिन्दी हृदय प्रदेश में 'पहचान की राजनीति' तथा 'ध्रुवीकरण' से भी मतदाताओं में निराशा पैदा हो सकती है। राजनीतिक पार्टियों को ऐसे में मतदाताओं के प्रति अपनी ऐसी प्राथमिकतायें निर्धारित करनी चाहिए जो चुनाव चक्रों से आगे जाती हों। मतदाताओं से संवाद विकसित करना तथा उनमें लगातार संप्रेषण व पारदर्शी प्रशासन से विश्वास पैदा करना भी जरूरी है।

# मायावती का राजनीतिक दांव

**बसपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया है। इससे संभवत: वे आने वाले दिनों में राजनीतिक रूप से प्रासांगिक रहेंगी।**



**सिद्धार्थ मिश्रा**
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)




बसपा नेता व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया है। इससे संभवत: वे आने वाले दिनों में राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनी रहना चाहती हैं। मायावती ने यह मुद्दा लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उठाया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया है। 19 अप्रैल को यहां सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबा, रामपुर व पीलीभीत चुनाव क्षेत्रों में मतदान हो गया है। लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। इसमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मेरठ व मथुरा के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

इनमें से बुलंदशहर आरक्षित सीट है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की इन सीटों पर बहुजन समाज पार्टी-बसपा नेता तथा उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को 'अलग राज्य' बनाने का पुराना मुद्दा फिर से उठाया है। संभवत: ऐसा कर वे आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में प्रासंगिक बनी रहना चाहती हैं। उन्होंने अपनी इस मांग के लिए संविधान निर्माता डा. बी.आर. अंबेडकर का जन्म दिवस चुना। इस अवसर पर मायावती ने मुजफ्फरनगर में आयोजित एक बड़ी रैली में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा देंगी। उन्होंने केन्द्रीय सत्ता में आने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ गठित करने का वादा भी किया। मायावती की इस घोषणा से एक बार फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य का दर्जा देने का मामला सुर्खियों में आ गया।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग 'हरित प्रदेश' बनाने की कल्पना राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व नेता स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह ने की थी। अजीत सिंह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे कद्दावर नेता तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र थे। 'हरित प्रदेश' की अवधारणा के समर्थकों का कहना था कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने उत्तर प्रदेश को तीन अलग-अलग राज्यों-पश्चिमी, मध्य व पूर्वी में बांटने की अवधारणा पेश की थी। अंबेडकर का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को छोटे राज्यों में बांट कर प्रशासन को बेहतर बनाना था।

1955 में डा. अंबेडकर ने उत्तर प्रदेश को तीन राज्यों में बांटने की परिकल्पना अपनी पुस्तक 'थाट्स आन लिंग्विस्टिक स्टेट्स', यानी भाषाई आधार पर राज्यों के गठन पर विचार में की थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश को तीन राज्यों में बांट कर पूर्वी उत्तर प्रदेश की राजधानी इलाहाबाद तथा पूर्वी क्षेत्र की राजधानी कानपुर में बनाने की कल्पना भी की थी। बहुजन समाज पार्टी-बसपा ने यही विचार सामने रख कर 2011 में राज्य के विभाजन का प्रस्ताव रखा था। मुख्यमंत्री के रूप में अपने शासनकाल में मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में उत्तर प्रदेश राज्य के पुनर्गठन के बारे में एक प्रस्ताव भी पास कराया था। इस प्रस्ताव के अनुसार उत्तर प्रदेश को चार छोटे राज्यों-पश्चिमी, मध्य, पूर्वी व बुंदेलखंड में बांटा जाना था। इसके पहले वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश के सभी पहाड़ी जिलों को अलग कर अलग 'उत्तराखंड' का गठन किया जा चुका था। लेकिन अनेक राजनीतिक विश्लेषकों के दृष्टिकोण से सुश्री मायावती द्वारा उत्तर प्रदेश के विभाजन का प्रस्ताव डा. अंबेडकर की अवधारणा के उलट चुनावी गणित पर आधारित था। जब सुश्री मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव सामने रखा था तब उनके दिमाग में इस क्षेत्र में रहने वाली बड़ी संख्या में दलित व मुस्लिम जनसंख्या थी।

मायावती ने अपने इस प्रस्ताव से 'दलित-मुस्लिम' गठजोड़ को मजबूत बनाने का प्रयास किया था। इस गठजोड़ ने 2007 में समाजवादी पार्टी-सपा के मुस्लिम-यादव गठजोड़ को पराजित कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। उस समय बसपा को सवर्ण समाज का भी व्यापक सहयोग मिला था जिससे मायावती के नेतृत्व में बसपा प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुई थी।

इस प्रकाशन के लिए इस शताब्दी के आरंभ में रिपोर्टर के तौर पर काम करते हुए हमें यह अच्छी तरह याद है कि उस समय जमीनों पर अपने अधिकार के चलते जाटों तथा उच्च जातियों ने दलितों को चुनाव प्रक्रिया में हाशिये पर धकेल दिया था। उस समय इस समाचार पत्र के संपादक स्वर्गीय डा. चंदन मित्रा ने इस रिपोर्टर की स्टोरी को एक हेडलाइन दी थी-'फेयर पोल्स, फ्री आफ दलित्स'। इसका संकेत इस ओर था कि दलितों की सहभागिता के बिना किसी चुनाव को निष्पक्ष व न्यायोचित कैसे कहा जा सकता है। इस स्थिति में बहुजन समाज पार्टी-बसपा के उभार से व्यापक बदलाव आया था। खासकर 2004 में और उसके बाद लोकसभा चुनावों में बसपा के उभार के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दलित इस प्रक्रिया में न केवल 'शाब्दिक', बल्कि 'भावनात्मक' रूप से सही अर्थों में जुड़े थे। इसी समय प्रदेश की राजनीति में दलित-मुस्लिम गठजोड़ उभरा था जिसने राज्य की चुनावी गणित को काफी सीमा तक बदल दिया था। बहुजन समाज पार्टी-बसपा को देश में अनेक राजनीतिक विश्लेषक दलित आंदोलनों की अग्रणी राजनीतिक शक्ति मानते हैं जिसके चलते दलित समाज के बड़े हिस्से में आत्मविश्वास और गौरव की भावना पैदा हुई है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम जनसंख्या का भी राजनीतिक प्रभाव काफी बढ़ा था। 2011 की जनगणना के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या 71,217,132 थी जिसमें से 72.29 प्रतिशत हिन्दू तथा 39.17 प्रतिशत मुस्लिम थे। इसी प्रकार 'खड़ी बोली क्षेत्र' की जनसंख्या 29,669,035 थी जिसमें 59.19 प्रतिशत हिन्दू तथा 39.17 प्रतिशत मुस्लिम थे। इसी प्रकार 'बृज क्षेत्र' की जनसंख्या 29,754,755 थी जिसमें 82.78 प्रतिशत हिन्दू तथा 16 प्रतिशत मुस्लिम थे। 'खड़ी बोली' या हिन्दी भाषा की एक बोली बोलने वाले जिलों में मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद के कुछ हिस्से, गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर शामिल हैं। बृज भाषा बोलने वाले जिलों में मथुरा, हाथरस, आगरा, अलीगढ़, एटा, गौतम बुद्ध नगर के कुछ क्षेत्र, बुलंदशहर, इटावा और मैनपुरी शामिल हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में मुस्लिम जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है और जनगणना के आंकड़ों से भी इसकी पुष्टि होती है। जनगणना के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, ज्योतिबा फुले नगर, मेरठ और बरेली के आठ जिलों में मुस्लिम जनसंख्या जहां 1951 की जनगणना में 29.93 प्रतिशत थी, वहीं यह 2011 की जनगणना में बढ़ कर 40.43 प्रतिशत हो गई। मुस्लिम जनसंख्या में इस वृद्धि को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने लगातार 'जनसंख्या नियंत्रण कानून' बनाने की मांग की है।

भाजपा के साथ ही अनेक अन्य हिन्दू समूहों ने भी जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग लंबे समय से की है। देश के कई प्रदेशों, खासकर देश के तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान और वर्तमान बांग्लादेश से सटे पश्चिम बंगाल व असम जैसे प्रदेशों तथा पश्चिमी पाकिस्तान से सटे जम्मू कश्मीर के घाटी क्षेत्र में मुस्लिम जनसंख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। इससे भाजपा तथा अन्य हिन्दू-समर्थक दलों व संगठनों को आशंका है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो भारत में 'जनसंख्या संतुलन' बिगड़ जाएगा। उनको आशंका है कि इससे देश की राजनीति, समाज व अर्थव्यवस्था में 'हिंदू स्पेस' में कमी आएगी।

संक्षेप में कहा जाए तो मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी द्वारा एक बार फिर अलग पश्चिमी उत्तर प्रदेश या 'हरित प्रदेश' की मांग के पीछे बहुत कुछ छिपा है। हालांकि, अलग पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मांग शुरुआत से बेहतर प्रशासन के लिए की जाती रही है, लेकिन जनता के बजाय इसका संबंध राजनीति से अधिक है।

# स्वायत्तता के लिए लद्दाख का संघर्ष

**"ऐतिहासिक हाशिए और उपेक्षा की पृष्ठभूमि के खिलाफ, स्वायत्तता की ओर लद्दाख की यात्रा में संघर्ष और अथक प्रयास शामिल है।"**



**हरि ओम**
(लेखक, जम्मू विवि में संकायाध्यक्ष रहे हैं)

26 अक्टूबर, 1947 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के भारत में विलय ने रणनीतिक ट्रांस-हिमालयी लद्दाख क्षेत्र में बौद्ध बहुल लेह जिले को महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक झटका दिया, जो दुनिया की छत के रूप में प्रसिद्ध है और लामाओं की भूमि। इसी तरह, लद्दाख के करील जिले में मुख्य रूप से बौद्ध जांस्कर तहसील को इन परिणामों का खामियाजा भुगतना पड़ा, और अपने समकक्ष, लेह की तुलना में और भी अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

1979 में शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व में मुस्लिम-बहुल कारगिल जिले की उत्पत्ति का उद्देश्य उनके सह-धर्मवादियों और बौद्धों के बीच कलह को बढ़ावा देना था, जिसका उद्देश्य लद्दाख के लिए स्वायत्तता और केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति के लिए बौद्धों की आकांक्षाओं को विफल करना था। इस कदम ने बौद्धों की दुर्दशा को बढ़ा दिया, दो प्राथमिक कारकों के कारण उनके धर्म, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने और जनसांख्यिकीय अखंडता को खतरे में डाल दिया।

सबसे पहले, लगातार कश्मीरी-प्रभुत्व वाले प्रशासनों ने लद्दाख को कश्मीर के उपांग के रूप में देखा, इसकी बौद्ध आबादी की राजनीतिक और आर्थिक आकांक्षाओं की उपेक्षा की। जम्मू प्रांत के समान लद्दाख को भी कश्मीरी शासकों द्वारा एक उपनिवेश के रूप में देखा जाता था, जिससे बौद्धों में हाशिये पर रहने की भावना बनी रहती थी। दूसरे, नई दिल्ली के सत्ता के गलियारों पर कश्मीरी अभिजात वर्ग के हानिकारक प्रभाव ने बौद्धों की आवाज़ को और अधिक हाशिए पर डाल दिया, केंद्रीय अधिकारियों ने लगातार कश्मीरी हितों का पक्ष लिया और लद्दाख की चिंताओं



को खारिज कर दिया। इस प्रणालीगत उपेक्षा के जवाब में, प्रमुख लामा कुशोक बकुला रिनपोछे के कुशल नेतृत्व में, बौद्धों ने सार्थक राजनीतिक प्रतिनिधित्व और स्वायत्तता की मांग करते हुए 1952 में विरोध प्रदर्शन शुरू किया। उनकी उत्कट अपीलों और चेतावनियों के बावजूद, श्रीनगर और नई दिल्ली दोनों ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया, जिससे बौद्ध आबादी में निराशा बढ़ गई। अक्टूबर 1989 में असंतोष की पराकाष्ठा भड़क उठी, जिसमें बौद्धों और अधिकारियों के बीच व्यापक विरोध प्रदर्शन और झड़पें हुईं। केंद्र सरकार की मध्यस्थता में 29 अक्टूबर, 1989 के परिणामी त्रिपक्षीय समझौते ने लेह में लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) की स्थापना करके अस्थायी रूप से तनाव को कम किया।

हालांकि, इस प्रस्ताव को फारूक अब्दुल्ला सहित कश्मीरी नेताओं के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने इसे कश्मीरी आधिपत्य के लिए खतरे के रूप में देखा।

1995 में एलएएचडीसी लेह की स्थापना के बावजूद, कश्मीर-केंद्रित अधिकारियों के निरंतर हस्तक्षेप के कारण बौद्ध असंतुष्ट रहे, जिससे परिषद अप्रभावी हो गई। नतीजतन, उन्होंने अपनी शिकायतों को दूर करने के लिए केंद्रीय शासन को एकमात्र सहारा बताते हुए, लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा और अन्य मांगों की वकालत करते हुए अपना आंदोलन तेज कर दिया।

निर्णायक मोड़ 19 जून, 2018 के बाद आया, जब केंद्र सरकार ने बौद्ध समुदाय को खुश करने के लिए कई उपायों की शुरुआत करते हुए, जम्मू और कश्मीर का सीधा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। इनमें लद्दाख विश्वविद्यालय की स्थापना, लद्दाख को संभागीय दर्जा देना और अंतत: केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, लद्दाख के विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन किए गए। इन पहलों ने हाशिए पर मौजूद बौद्ध आबादी की आकांक्षाओं को संबोधित करने में केंद्रीय शासन की प्रभावशीलता को रेखांकित किया। राज्य का दर्जा पाने के बजाय, बौद्धों से एलएएचडीसी लेह को मजबूत करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने और जनसांख्यिकीय चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार के साथ सहयोग करने का आग्रह किया जाता है।

2018 और 2023 के बीच की अवधि लद्दाख के लिए एक परिवर्तनकारी चरण का प्रतीक है, जिसमें केंद्रीय हस्तक्षेप ऐतिहासिक अन्याय के निवारण और अपनी बौद्ध आबादी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## आप की बात

### कांग्रेस का हाल

**कांग्रेस** के प्रत्याशी ने सूरत लोकसभा सीट के लिए पर्चा भरा किन्तु खामियों के कारण वह रद्द हो गया और भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध विजयी घोषित कर दिए गए। वैसे भी आजकल बहुत से कांग्रेसी-कांग्रेस जोड़ो की जगह कांग्रेस छोड़ो के रास्ते पर चल कर दूसरे दलों में भागे ही जा रहे हैं। इससे अनेक सीटों पर कांग्रेस को उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं तो कहीं जबरन उम्मीदवारों को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया जा रहा है। कांग्रेस की स्थिति पूरे देश में दयनीय होती जा रही है। कहा जाता है कि सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार के प्रस्तावकों ने शिकायत कर दी कि उनके कागजों पर हस्ताक्षर फर्जी थे। हालांकि, कांग्रेस ने इसके खिलाफ कोर्ट जाने की बात कही है, लेकिन उसकी हालत किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस पहले किसी लोकसभा चुनाव में 400 सीटों से कम पर चुनाव नहीं लड़ी, पर इस बार वह क्षेत्रीय दलों के दबाव में लगभग 300 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है, लेकिन वह इसे अपनी रणनीति बता रही है। रायबरेली व अमेठी से उम्मीदवार अभी घोषित न करने को भी वह रणनीति बता रही है। लेकिन कांग्रेस की ऐसी रणनीतियां आम जनता तो दूर स्वयं कांग्रेसियों के गले ही उतर नहीं रहीं है। विडंबना है कि कांग्रेस भगवान श्रीराम का नाम भी नहीं ले सकती है।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### शिक्षा-सुधार

**भारत** में शिक्षा-सुधार की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार के लिए कई प्रयास किए गए हैंए लेकिन समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के अनुसार, सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की अनुपस्थिति तथा टूटी हुई मेज-कुर्सियों जैसी समस्याएं गंभीर हैं। इससे स्कूलों में व्यवस्थागत शिथिलता का पता चलता है। हालांकि, नए सुधारों से कुछ आशा जगती है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अध्यापक प्रशिक्षण में सुधार और चार वर्षीय प्रशिक्षण को लागू करने से शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हो सकती है। सरकारी स्कूलों में छात्र उपस्थिति व नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास आवश्यक हैं। शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही, स्कूलों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्कूलों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए परिवहन व्यवस्था भी सुधारने की जरूरत है। हमें नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आशा है कि शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले सुधारों से आने वाले समय में भारत के युवाओं और पूरे देश की प्रगति के लिए नई संभावनाएं खुलेंगी।

**-अमरजीत कुमार,** औरंगाबाद

### गरीबी की सजा

**भारत** में अक्सर लोगों को कहते सुना है कि गरीब होना सबसे बड़ा पाप और अपराध है। गरीब आदमी जन्म से लेकर मृत्यु तक सिर्फ सजा ही भोगता है। दुनिया के सबसे अमीर देश संयुक्त राज्य अमेरिका में बेघरबार होने वालों को कानूनन अपराधी घोषित कर व पकड़ कर जेल में डाल दिया जाता है। अमेरिका का बेघर-विरोधी कानून 48 राज्यों में लागू है। इस कानून के अंतर्गत फुटपाथ पर आवागमन में बाधा डालना, इधर-उधर घूमना, हड़बड़ाहट में घूमना, भीख मांगना, अतिक्रमण करना, डेरा डालना, अनावश्यक रूप से विशेष स्थानों पर लंबे समय तक रहना तथा विशेष क्षेत्रों में बैठना, लेटना या सोना आदि अपराध हैं। क्या गरीब को आराम करने या कहीं पर बैठ कर सुस्ताने का अधिकार तक नहीं है? बेघर लोगों एवं भीख मांगने वालों से इतनी ही नफरत है तो सरकार उनके लिए घर क्यों नहीं बना देती? तथा उनके लिए भोजन की व्ययस्था क्यों नहीं कर देती? अमीरों की शानोशौकत पर बेतहाशा पैसा खर्च करने वाला अमेरिका तथा हथियारों के सबसे बड़े सौदागर के रूप में दुनिया में हर साल हजारों लोगों को मारने का जिम्मेदार अमेरिका अब अपने ही नागरिकों के प्रति क्रूर व्यवहार करने पर आमादा है। अमीरों के सर्वोत्तम खोल-लोकतंत्र का यही यथार्थ है।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### अमरत्व की इच्छा

**सदियों** से इंसान की चाह अमर होने की रही है और इसके लिए वह प्रयास भी कर रहा है। उम्र बढ़ाने के लिए कई तरह के प्रयोग निरंतर जारी हैं तथा कई असाध्य रोगों के इलाज खोज लिए गए हैं, मगर अमरत्व पाना अभी मुमकिन नहीं हुआ है। विज्ञान इंसानों की उम्र बढ़ाने में कामयाब हो रहा है और वह इंसानों को अधिक से अधिक शक्तिशाली, बुद्धिमान और दीर्घजीवी बनाने में भी सफल हो रहा है। फिर भी उसकी अमरत्व पाने की लालसा पूरी नहीं हो रही है। वैसे यह लालसा पूरी न हो, यही मानवता के लिए बेहतर होगा। आप कल्पना करें कि अभी रुस, अमेरिका, इजरायल, साउथ अफ्रीका, ईरान, आदि देशों के वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष अमर हो जाएं तो दुनिया का क्या हश्र होगा। मृत्यु निश्चित होने के बावजूद इनकी तथा इनके जैसे अनेक लोगों की लालसाएं पूरी नहीं हो रही हैं। यदि ऐसे लोग अमर हो जाएं तो दुनिया को तहस-नहस करके ही दम लेंगे। अमरत्व की इच्छा के बजाय दुनिया को वर्तमान नागरिकों के साथ भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित व सुंदर बनाने की इच्छा सचमुच जीवन वाले पृथ्वी ग्रह को अमर बना देगी।

**-विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# गर्मी व लू से बचने के लिए एहतियात बरतें जिलावासी: डीसी

पायनियर समाचार सेवा।। यमुनानगर

**उपायुक्त** कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिला में तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। इससे गर्मियों में होने वाली परेशानियों का खतरा भी बढ़ गया है। गर्मियों में इन परेशानियों के साथ लोगों को डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव को लेकर हमें विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है।

डीसी ने बताया कि गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे किसी व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। ऐसे में सभी जिलावासी अपने दैनिक कार्यक्रमों की सूची बनाने से पूर्व रेडियो, टीवी या अखबार के माध्यम से अपने स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें ताकि घर से बाहर निकलते समय गर्म हवाओं व लू के प्रकोप से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी जिलावासी पर्याप्त मात्रा में जितनी बार संभव हो पानी पियें भले ही उन्हें प्यास ना लगी हो। इसके साथ ही जब भी धूप में घर से बाहर निकले तो हल्के रंगो के ढीले फिटिंग के तथा सूती कपड़े पहने व इसके साथ सूरक्षात्मक



चश्में, छाता, पगड़ी, दुपट्टा, टोपी, जूते या चप्पलों का उपयोग करें। यात्रा के समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। डीसी ने कहा कि यदि आपका कार्यक्षेत्र इस प्रकार का है कि आपको धूप में कार्य करना है तो आप धूप से बचाव के लिए टोपी या छाते का उपयोग करें तथा अपने सिर, गर्दन व चेहरे पर नम कपड़ा जरूर रखें। इसके साथ-साथ शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनी रहे इसके लिए घर के बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के स्ट्रोक, गर्मी के दाने या गर्मी से ऐंठन जैसे कि कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, मितली और दौरे के लक्षणों को पहचाने यदि आप थकान व कमजोरी व बीमार जैसा महसूस कर रहें है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श करें। डीसी ने कहा कि सभी जिलावासी अपने पालतू जानवरों को छाया में रखें और उन्हें निरंतर पीने का पर्याप्त पानी देते रहें। घर का तापमान रहने के योग्य बना रहे इसके लिए रात में घरों की खिड़कियां खुली रखें। उन्होंने जिला के सभी औद्योगिक संस्थानों से अपील करते हुए कहा कि सभी संस्थान अपने कार्यक्षेत्र पर ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाएं। इसके साथ ही प्रयास करें कि श्रमिकों को प्रत्यक्ष सूर्य के समक्ष होने वाले कार्यों से बचाया जा सके। मौसम में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए श्रमायुक्त कार्यों को दिन के ठंडे समय के दौरान करें व बाहरी गतिविधियों के दौरान आराम के समय में भी बढ़ोतरी करने के प्रयास करें। कार्यक्षेत्र पर गर्भवती मजदूरों का चिकित्सकीय परामर्श की स्थिति में अतिरिक्त ध्यान देना होगा। डीसी ने बताया कि हम अक्सर अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां करते है जो बाद में परेशानी का सबब बनती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़े व कोशिश करें कि दिन में 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर जाने से बचा जा सके। शरीर में पानी की कमी वाले पेय पदार्थ जैसे कि शराब, चाय कॉफी के सेवन से दूरी बनाएं।

# कांग्रेस का आपसी मनमुटाव का खेल टिकट वितरण में डाल रहा है पानी की जगह तेल

### लोकसभा में पहुंचने के लिए नहीं एक दूसरे को निपटाने के लिए की जा रही है दावेदारी

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**हरियाणा** में भाजपा, जजपा, इनेलो व आप के प्रत्याशियों की घोषणाओं के चलते कांग्रेस पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा में पिछड़ रही है। जहां भाजपा अपने सभी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है वहीं जजपा व इनेलो ने कुछ सीटों पर अपने अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये है लेकिन कांग्रेस की गुटबाजी के चलते दस उम्मीदवारों के नाम पर आम सहमति भी नही बन पाई। कांग्रेस की आपसी गुटबाजी अब अंतिम स्तर पर है दोनों गुटों ने अपनी अपनी सूची कमेटी को सौंप दी है लेकिन अभी तक कोई फैंसला नही हो पाया है। वैसे तो हरियाणा से अलग भी अलग भी कुछ सीटों के आंवटन को लेकर पेंच फंसा है। एसआर के गुट व हुड्डा गुट दोनों ही अपने भरोसे मंद आदमियों को टिकट दिलवाना चाहता है लेकिन दोनों गुटों के द्वारा दिये गये नामों पर न तो प्रदेश कांग्रेस के नेता आपसी तालमेल बिठा रहे है और न हाईकमान के नेता और न ही सर्वे टीम ही उन नेताओं के नाम पर मुहर लगा पा रही है ऐसे में टिकट बटंवारा ही कांग्रेस के लिए महाभारत बनता जा रहा है। कांग्रेस से जुड़े लोगों का कहना है कि कांग्रेस के गुटबाज नेता लोकसभा जाने के लिए नही अपितु एक दुसरे को पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर करने व एक दूसरे को खत्म करने के लिए ऐसा कर रहे है। कांग्रेस की टिकटों में हिसार, भिवानी-महेंद्रगढ़, सोनीपत व करनाल में जिन नेताओं के नाम दिये जा रहे हैं उनमें पहले तो तो दोनों गुट के नेता ही एकमत नही हो पा रहे और दूसरा कांग्रेस द्वारा हायर की गई सर्वे टीम ने उनको भी हरी झंडी देने का काम नही किया ऐसे में टिकटों के लिए अभी कोई बात नही बनी हुए वहीं दूसरी ओर, नेताओं की आपसी खींचतान के चलते कुछ सीटों पर पेच इसलिए भी फंसा है, क्योंकि वहां जातिगत समीकरण आड़े आ रहे हैं। करनाल और सोनीपत की सीट इनमें प्रमुख हैं, जो जातिगत समीकरण के चलते लटकी हैं। सोनीपत और करनाल सीट पर ब्राहमण प्रत्याशी के चलते दोनों सीटों पर उम्मीदवार फाईनल नही पा रहे है।

हिसार सीट पर हुड्डा समर्थक जेपी का नाम आने से इस सीट पर काफी रस्साकसी हो रही क्योंकि आपको बता दे कि यहां से भाजपा के सीटिंग सांसद होते हुए बृजेंद्र सिंह ने कांग्रेस का दामन था इसलिए उनकी सीट पर दावेंदारी जेपी की अपेक्षा कहीं ना कही ज्यादा बनी हुई है लेकिन हुड्डा अपने खासमखास पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी की दावेदारी की पैरवी कर रहे है वहीं एक गुट बृजेंद्र सिंह की टिकट कटवाने के लिए हिसार से पूर्व विधायक एक पूर्व आईएएस के नाम की भी पैरवी भी कर रहा है। हरियाणा की दस सीटों पर जो टिकट कटवाने का सबसे ज्यादा घातक वार समझा जाये तो वो होगी भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट। एसआरके गुट में एक अहम सदस्य के रूप में काम करने वाली किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी की टिकट इस सीट पर राजनीति के बड़े बड़े लाल चौ. बंसीलाल की पोत्री श्रुति चौधरी की टिकट को लेकर एसआरके गुट पैरवी कर रहा है तो हुड्डा गुट महेंद्रगढ़ विधायक राव दान सिंह को भिवानी-महेंद्रगढ़ से चुनाव लड़वाने के पक्ष में है। गुरुग्राम से फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद राज बब्बर को टिकट मिलने की सूरत में भिवानी-महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह की टिकट कंफर्म हो जाएगी। अब समझने वाली बात यह होगी यदि टिकट वितरण में आपसी गुटबाजी पर लगाम नही लगी और यदि एक गुट को साईड़ कर दिया तो क्या दूसरा गुट खुले दिल से पार्टी की मदद करेगा या उस नेता को निपटवानें का काम करेगा। राजनैतिक जानकारों का कहना कि टिकट वितरण की गुटबाजी में कांग्रेसी नेता आपसी तालमेल की बजाय विद्रोह की आग में पानी की जगह तेल ड़ालने का काम कर रहे है। भिवानी सीट पर श्रुति की दावेंदारी का विरोध करना एसआरके गुट के सीधे विरोध के साथ उस गुट की हाईकमान पर पकड़ के रूप में देखा जा रहा है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर प्रयास सेवा संगठन ने दिया स्कूली बच्चों को नव पुस्तकों का बहुमूल्य तोहफा



पायनियर समाचार सेवा। जगाधरी

**प्रयास** सेवा सगंठन जगाधरी ने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर जरूरतमंद स्कूली बच्चों को नई किताबें प्रदान कर समाज को बेहतरीन संदेश दिया। प्रयास सेवा सगंठन जगाधरी के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट अश्वनी अग्रवाल आशु, वरिष्ठ साथी मोहिंदर मखीजा, मीडिया प्रमुख आकाश गर्ग, संयोजक राहुल गुप्ता सनराइज सीनियर वाईस प्रेजिडेंट राहुल बसंल व उपप्रधान विनय बंसल ने बताया की प्रयास की सोच रही है की जरूरतमंद बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित किया जाए इसी कड़ी में प्रयास निरंतर प्रयासरत रहता है। प्रयास सेवा सगंठन को लगातार स्कूली बच्चों से पुस्तकों हेतु निवेदन मिल रहे हैं।इस पश्चात प्रयास सेवा सगंठन से महासचिव नितिन शर्मा माठू,ज्वाइंट सेक्रेटरी मुनीश जग्गा, नितिन मित्तल व ब्रजेश गोयल द्वारा उन बच्चों की विस्तृत व सही जानकारी इकट्ठी की जाती है। प्राप्त निवेदनों पर विचार विमर्श किया जाता है उनमें से अति जरूरतमंद बच्चों की छंटनी की जाती है तत्पश्चात इस दिशा में संस्था से संजीव गर्ग लक्की, अमित गर्ग मनन, सीमा आनंद, रमणीक कुमार व अश्वनी गर्ग नरेश नागपाल संदीप राय व तरूण गोयल द्वारा उन बच्चों को क्रम से पुस्तकें प्रदान की जाती है।आज तीन स्कूली बच्चों को हनुमान जन्मोत्सव के सुंदर मौके पर पुस्तकें प्रदान कर प्रयास सेवा सगंठन द्वारा समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि आज अगर आप एक स्कूली बच्चे को शिक्षित करने का प्रयास करेंगे तो निश्चित ही वह भविष्य में अन्य हेतु प्रेरणा बनेगा व आपके द्वारा सौंपा गया यह सुंदर कार्य अवश्य करेगा।

प्रयास सेवा सगंठन की इसी सुंदर सोच का आज समाज के जागरूक व्यक्ति दिन प्रतिदिन बन रहे हैं व समाज में शिक्षा की यह मशाल इसी प्रकार जलती रहे इसके प्रयास निरंतर कर रहे हैं।

# रणधीर सिंह ने चेयरमैन पद छोड़कर जेजेपी को भी अलविदा कहा

एजेंसी। चंडीगढ़



**जननायक** जनता पार्टी और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को एक और झटका लगा है। जेजेपी नेता रणधीर सिंह ने पार्टी छोड़ दी है और चेयरमैन पद से इस्तीफा भी दे दिया है। रणधीर ने डेयरी डेवलपमेंट कोऑपरेटिव फेडरेशन के चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया है। रणधीर सिंह गुहला चीका से जजपा विधायक ईश्वर सिंह के बेटे हैं। वहीं दयानन्द उरलाना भी मंगलवार को भाजपा में शामिल हुए। जेजेपी जब से सत्ता से बाहर हुई हैं तब से ही आए दिन उनके और उनकी पार्टी के लिए नई- नई चुनौतियां और परेशानियां सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि विधायक ईश्वर सिंह भी पार्टी में नाराज चल रहे हैं। दुष्यंत के लिए परेशानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। इससे पहले मंगलवार को चौटाला को एक और झटका दयानंद के पार्टी छोड़ने से लगा। उरलाना इसराना से जेजेपी के पूर्व प्रत्याशी थे। उन्होंने पार्टी छोड़ दी। वह मंगलवार को ही हरियाणा के मुख्यमंत्री सीएम सैनी के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए थे। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने जेजेपी से राजनीतिक रिश्ता तोड़ने के बाद जेजेपी कोटे से नियुक्त किए गए सभी चेयरमैन से पद छोड़ने को कहा था।इसके बाद रणधीर सिंह ने चेयरमैन पद से इस्तीफा दिया। लोकसभा चुनाव में अब भाजपा और जेजेपी एक दूसरे के खिलाफ जमकर प्रहार कर रहे है। हरियाणा के मोजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दुष्यंत चौटाला के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांच कराने का ऐलान भी किया है।

# भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी का गांव पहुंचने पर स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत



**भारतीय** प्रशासनिक सेवा में चयनित एवं अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी रहीं कुहू गर्ग का रविवार को अपने पैतृक गांव कुराना में पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत करते हुए अपनी बेटी को दिल खोलकर आंखों पर बैठाया। अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होने के बाद कुहू रविवार को अपने गांव में अपनी कुलदेवी की पूजा के लिए परिवार के साथ पहुंची थी। उनके साथ उनके पिता और उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक और वर्तमान में राई खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक गर्ग, उनकी माता अलकनंदा, ताऊ नरेश गर्ग, भाई मनोज गर्ग व ।प्रमोद गर्ग के साथ-साथ उनके पारिवारिक सदस्य भी उपस्थित रहे। कुहू गर्ग ने अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ गांव में पहुंचने पर पारंपरिक रीति रिवाज के साथ अपनी कुलदेवी की पूजा अर्चना की। यही नहीं उन्होंने गौशाला में गायों को चारा भी खिलाया। कुहू गर्ग ने बताया कि वह इस सम्मान से अभीभूत है। वह उन लोगों के लिए कृतज्ञता प्रकट करती है जिन्होंने मेरे इस सफर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर मेरा साथ दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें आज यूपीएससी की सेवा में आने के बाद गर्व महसूस हो रहा है। निश्चित तौर पर सिविल सर्विस में आने के बाद वह देश और समाज की सेवा अच्छी तरह से कर पाएंगी।उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कुहू गर्ग ने बताया कि उनकी इस उपलब्धि में परिवार का बहुत बड़ा हाथ है। खासकर उनके पिता अशोक गर्ग एवं उनके वरिष्ठ लोगों ने उन्हें बहुत सपोर्ट करते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि वह बैडमिंटन की एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुकी हैं और 2021 में जब उन्हें खेल के वक्त एक बड़ी चोट लगी तो उस चोट से उबरने के लिए डेढ़ साल लगा। वह समय लॉकडाउन का था। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी काफी समस्याएं आने लगी लेकिन उन्होंने इस चोट को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और इसका फायदा उठाया और करीब डेढ़ साल तक पढ़ाई कर लगातार मेहनत की और इस लक्ष्य को हासिल किया। कुहू गर्ग ने बताया कि उनके पिता ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए गाइड किया और उनके पिता द्वारा लिखी गई तीन पुस्तकों और ली गई ऑनलाइन कोचिंग व सामान्य ज्ञान ने इस लक्ष्य तक पहुंचाने का रास्ता आसान किया। उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी और वर्तमान में राय विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक गर्ग ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी की उपलब्धि पर बहुत बड़ा गर्व है और एक माता पिता के लिए इससे बड़े सम्मान की बात क्या हो सकती है कि उनकी बेटी ने यह मुकाम हासिल किया है।

# जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स फरीदाबाद में आयोजित करेगी मेगा सर्विस कैंप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स अपने बेहद सफल मेगा सर्विस कैंप को हरियाणा के फरीदाबाद में पेश करने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों में सर्विस कैंप के पहले चरण की सफलता के बाद, सर्विस कैंप के दूसरे चरण का और अधिक शहरों में विस्तार किया जाएगा। इस कैंप का आयोजन फरीदाबाद में, विशेष रूप से इस क्षेत्र के 2019 और 2020 मॉडल के जावा मोटरसाइकिल मालिकों के लिए 26 अप्रैल से 27 अप्रैल तक किया जाएगा। सर्विस कैंप नॉर्दर्न मोटर्स - ए-5, नीलम बाटा रोड, नेहरू ग्राउंड हरियाणा में आयोजित होगा।

इस कैंप में, 2019-2020 जावा मोटरसाइकिलों के मालिकों को वाहन की व्यापक जांच और चुनिंदा कल-पुर्जे मुफ्त बदलने की सुविधा होगी। मोटुल, एमरॉन और सिएट टायर्स सहित अग्रणी मूल उपकरण आपूर्तिकर्ता ग्राहकों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से भाग लेंगे। दीर्घकालिक ग्राहक संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स, मोटरसाइकिलों की जांच के मूल्यांकन के आधार पर मानार्थ विस्तारित वारंटी की पेशकश कर रही है। इसके अतिरिक्त, विनिमय मूल्य (एक्सचेंज वैल्यू) का आकलन करने के लिए अपनी मोटरसाइकिलों को अपग्रेड करने में रुचि रखने वालों के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र होगा। पहले चरण के सर्विस कैंपों की सफलता के मद्देनजर जावा को उम्मीद है कि जून के अंत तक लगभग 10,000 बाइक की सर्विसिंग हो सकती है। इस पहले इन कैंप में 6250 से अधिक जावा मोटरसाइकिलों की सर्विसिंग हो चुकी है। जावा आने वाले महीनों में देश भर के कई शहरों में मेगा सर्विस कैंप (दूसरे चरण) का आयोजन करेगी।

# महिंद्रा फर्स्ट चॉइस द्वारा समर्थित कार एंड बाइक ने नोएडा में एक नया प्री-ओन्ड कार स्टोर लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**हाल** ही में महिंद्रा फर्स्ट चॉइस द्वारा समर्थित ऑटो कंटेंट एवं कॉमर्स पोर्टल 'कार एंड बाइक' ने, कॉन्सेप्ट ऑटोमोबाइल्स के साथ साझेदारी करके नोएडा के अंदर 'कार एंड बाइक सेलेक्ट' नामक एक यूज्ड कार स्टोर लॉन्च किया है। नोएडा के सेक्टर 63 में स्थित यह स्टोर ग्राहकों को चयन करने के लिए, पूर्व-स्वामित्व वाली विभिन्न प्रकार की प्रमाणित कारें पेश करेगा। ग्राहक गारंटीशुदा बायबैक का लाभ उठा सकते हैं, भारत की सबसे व्यापक दो साल की यूज्ड कार वारंटी प्राप्त कर सकते हैं और मुफ्त होम टेस्ट ड्राइव के लिए कार को ऑनलाइन रिजर्व कर सकते हैं। कार एंड बाइक सेलेक्ट - नोएडा, डिजिटल एवं ब्रिक-एंड-मोर्टार वाले सर्वोत्तम प्रारूपों का संयोजन करके, ग्राहकों को कार खरीदने का एक बेहतर सर्व-समावेशी अनुभव प्रदान करेगा। इस स्टोर पर हुंडई, मारुति, होंडा, किआ, महिंद्रा, टोयोटा तथा अन्य तमाम लोकप्रिय ओईएम्स की पूर्व-स्वामित्व वाली कारें खुदरा बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ आशुतोष पांडे ने बताया ,卐यह नया खुला स्टोर, कार खरीदने की पूरी यात्रा के दौरान प्री-ओन्ड कार खरीदने के बेहतरीन अनुभव का वादा करता है। हमारा ऑनलाइन पोर्टल, वाहनों का सावधानीपूर्वक निरीक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन, 24/7 सहायता और ब? हर्ष के साथ स्वागत करने वाले शोरूम- ये सब उपभोक्ता को इस यात्रा के लिए बेहद जरूरी सहायता प्रदान करते हैं। निजी वाहनों की बढ़ती मांग के चलते, हमारे जैसा एक भागीदार मौजूद होने की जरूरत बढ़ गई है, जो भरोसे के साथ अपने सपनों की कार खरीदने में उपभोक्ताओं का मार्गदर्शन कर सके। महिंद्रा फर्स्ट चॉइस के कार एंड बाइक से जुड़कर तथा वाशी में अपना यूज्ड कार स्टोर लॉन्च करके हमें खुशी हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सतीश गर्ग के प्रयासों से अनेक ने थामा इनेलो का दामन



इनेलो में ज्वाइन करवाते हुए सतीश गर्ग, भूपेन्द्र सिंह व अन्य

**कैथल।** इनेलो जिला शहरी अध्यक्ष सतीश गर्ग के प्रयास से सुभाष वर्मा वार्ड नंबर 6, बीरू वाल्मीकि, ज्ञान सिंह, राव मोहिंदर सिंह, बलजीत सिंह, पुष्पिंदर सिंह, दीपा, कृष्ण आदि ने अपने साथियों के साथ इनेलो पार्टी में आस्था रखते हुए भूपेंद्र सिंह दरयापुर की अध्यक्षता में इनेलो पार्टी ज्वाइन की। उनके साथ में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एवं प्रभारी हल्का कैथल महावीर जागलान, एससी सेल प्रदेश उप अध्यक्ष रामचंद्र करोड़ा, अभय राम, रोशन लाल सिरटा भूतपूर्व चेयरमैन, एससी सेल के प्रदेश महासचिव अभय राम भुक्कल, रणबीर फौजी, कर्मबीर फौजी, लीला राम कुतुबपुर, फकीर चंद ढुंढवा, कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष चैन सिंह वाल्मीकि, महिपाल वाल्मीकि गुलाब छोत, राजेश करोड़ा, ओम प्रकाश ढांडा, इंदर पाई हल्का अध्यक्ष, सतपाल शर्मा, राममेहर, ऋषिराज राणा, रत्न लाल शर्मा, सुरेन्द्र पेगा, ओमपाल भाना, अनिल राणा बाता आदि मौजूद थे। सतीश गर्ग ने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सभी सहयोगी साथियों से अपील की है कि इनेलो पार्टी कार्यालय, अंबाला रोड पर 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा, सभी साथी निश्चित समय पर पहुंचें।

### राज्य स्तरीय भूगोल क्विज में आरकेएसडी कॉलेज को मिला दूसरा स्थान



छात्रों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल की टीम ने राज्य स्तरीय भूगोल क्विज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। इसका आयोजन एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल द्वारा सोमवार को किया गया। प्रतियोगिता में कुल सात चरण करवाए गए जिनमें भारत का भूगोल, भू-आकृति विज्ञान, जलवायु विज्ञान, मानव भूगोल, प्रायोगिक भूगोल, चित्रात्मक भूगोल तथा दूरस्थ संवेदन आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। डॉ. संजय गोयल और विभागाध्यक्ष डॉ. राघवीर सिंह ने बच्चों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 25 प्रतिभाशाली छात्राओं को किया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक प्रोफेसर रामरतन शर्मा के मार्गदर्शन में 25 छात्रों को एडीआर सेंटर कुरुक्षेत्र में प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस दौरान नितिन राज मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने नगर के समाजसेवी व्यक्तियों को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि नितिन राज ने कहा कि मंडल का यह कार्य मेधावी छात्रों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने का सराहनीय प्रयास है। मेधावी छात्र आर्थिक दृष्टि से शिक्षा से वंचित न रहे, मंडल का यह सेवा कार्य वास्तव में ही आत्म संतोष प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। मंडल के संयोजक भारतेंदु हरीश ने कहा कि मेधावी छात्रों का सर्वांगीण विकास ही हमारा ध्येय है। इसी उद्देश्य से विभिन्न स्कूलों के 25 मेधावी विद्यार्थियों को रुपए 1000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक सतपाल कल्याण, जितेंद्र शर्मा, डॉक्टर दीपक अग्रवाल दंत चिकित्सक, डॉक्टर आशीष अनेजा चिकित्सा अधिकारी, डॉ एम एम सिंह, एडवोकेट अंकित गुप्ता, राजकुमारी पंवार, रुमन गुप्ता आदि समाजसेवियों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन रमेश शर्मा ने किया। मोहन लाल शर्मा ने आभार ज्ञापन किया। मंडल के वरिष्ठ सदस्य नरेश सैनी एवं रुमन गुप्ता ने अतिथियों का अभिनंदन एवं अभिवादन किया। डॉक्टर संजय कौशिक, निकुंज एवं नसीब ने कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में अहम भूमिका निभाई।

### धूमधाम से मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव



**शाहाबाद मारकंडा।** श्री बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर महावीर सेवा समिति की तरफ से श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर की ओर से भजन संध्या व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, तो वहीं विशिष्ट अतिथि पार्षद ईशु सचदेवा, रवनीश कटारिया, पार्षद जगतार सिंह तारा, पार्षद विजय कलसी व प्रभजीत सिंह तनेजा सहित प्रभातफेरी का आयोजन करने वाले यजमान शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, नपा प्रधान गुलशन कवात्तरा, विजय कालड़ा, सुरेश भारद्वाज, रविंद्र संधू, अनिल अरोड़ा, अनुराग चड्ढा, दिनेश गोयल, नीरज गुप्ता व डॉ. पीयूष अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। पं. चिराग शर्मा द्वारा मुख्य यजमानों से पूजा अर्चना करवाने के उपरांत भजन संध्या का शुभारंभ भजन गायक प्रदीप करवा, रविराज, अंकुश गोयल, अवशीष शर्मा, पं. चिराग शर्मा, अनमोल वर्मा, नीरज मेहंदीरत्ता, अशोक सेठी, सुमित मक्कड़, खेमचंद, अजय मोंगा, सागर कोहली, हरदीप, गौरव ठुकराल, अनमोल छाबड़ा और श्री कृष्ण मंदिर सनातन धर्म सभा के भजन गायकों ने राम भक्त श्री हनुमान की महिमा का गुणगान किया। भजन संध्या के उपरांत सभी सहयोगी सदस्यों और गणमान्य लोगों को मंदिर सभा की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंच का संचालन सुधीर सूद ने निभाते हुए आए सभी नगर के गणमान्य लोगों एवं मंदिर सभा के सहयोगियों को आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंदिर सभा के प्रधान इंद्रलाल बत्तरा, मुलख राज गुंबर, बलदेव राज सेठी, सीताराम बत्तरा, अशोक भाटिया, दर्शन मिगलानी, राजपाल, संजीव स्वामी, राजिंदर कुमार, हरसिमरन सिंह सिद्धू, अंकुर सिद्धू, कमित सचदेवा, केवल कृष्ण, रिंकू मखीजा, गुल्लू वर्मा, रवि सैनी, कपिल जुनेजा, सूरज मल्होत्रा, राजेंद्र कश्यप, सतीश बादल, राजबन, डॉ. गुरप्रीत बंटी, शुभम कश्यप, केतन कश्यप सहित बड़ी संख्या में मंदिर सभा के सदस्य व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गर्मी में लू से बचाव के लिए संबंधित विभाग पूरी तैयारियां एवं प्रबंध करें: डीसी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**डीसी** प्रशांत पंवार ने कहा कि आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने से तापमान में बढ़ोतरी होगी जिसके चलते संबंधित विभागों के अधिकारी समय रहते आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें ताकि गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी ना हो सके। सभी विभाग गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए पूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे हीट वेव से बचाव के लिए अपनी-अपनी एडवाईजारी जारी करें। डीसी लघु सचिवालय में हीट-वेव यानि गर्मी में लू से बचाव




विषय पर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीडियो कांफ्रैंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों से हीट-वेव, चिन्हित अपराध, चुनाव संबंधित तैयारियों के बारे में समीक्षा बैठक ली। डीसी प्रशांत पंवार ने सभी एसडीएम, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पशु पालन विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, रोजगार विभाग, रोड़वेज विभाग, शिक्षा विभाग, वन मंडल, पंचायती विभाग व पर्यटन आदि प्रमुख विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों को हीट-वेव से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

डीसी ने श्रम विभाग के निर्देश दिए हैं कि उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य के दौरान विश्राम के लिए उचित जगह निर्धारित करवाएं और उनके लिए पेयजल का पर्याप्त प्रबंध हो। इसके साथ ही श्रमिकों को हीट वेव से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों व आंगनवाड़ी केंद्रों में जरूरी दवाईयां एवं ओआरएस की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करें। कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसलों पर लू से पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जागरूक करें। पशुपालन विभाग के अधिकारी गांवों में लू से पशुओं पर पड़ने वाले प्रभाव से बचाव के तरीके बताएं। इस मौके पर एसपी उपासना, एसडीएम सुशील कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. रेणू चावला, डीआरओ चंद्र मोहन, ईओ कुलदीप मलिक, पीओ मनीषा गागट लाल आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा स्कूल बोर्ड ने आंतरिक मूल्यांकन को व्यापक बनाकर अंक प्रणाली में जोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा प्रणाली में आंतरिक मूल्यांकन के अंको को तो शामिल कर लिया लेकिन आंतरिक मूल्यांकन में कई पहलू जोड़ते हुए इसे व्यापक बना दिया। बोर्ड ने आंतरिक अंकों को जोड़कर 33 प्रतिशत अंक लाने वाले को पास करने का फार्मूला अपनाकर परीक्षार्थियों की राह आसान तो की है लेकिन आंतरिक मूल्यांकन में अब कई पहलू शामिल किए गर है।

अब विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन में अच्छे अंक लेने के लिए न केवल प्रोजेक्ट बनाने होंगे बल्कि क्लास रूम गतिविधियों में भाग लेने के साथ अधिक से अधिक कक्षा में हाजिरी भी अनिवार्य होगी। इसके अलावा छह माही परीक्षा और टेस्ट के अंक भी जुड़ेंगे। अब विद्यार्थियों की क्षमता मापन पर फोकस रखते हुए प्रतिस्पर्धात्मक प्रश्न ज्यादा पूछे जाएंगे। प्रश्न पत्र में इनकी संख्या 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करने की




योजना है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड विशेषज्ञों की राय और सुझावों के बाद नौंवी से 12वीं तक प्रश्न पत्रों में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। आंतरिक मूल्यांकन को जैसे बोर्ड ने नए पास फार्मूला में जरूरी बनाया है, वैसे ही अब इसके प्रारूप में भी बदलाव किया जा रहा है। पहले स्कूल संचालक और शिक्षक विद्यार्थियों को मनमाफिक अच्छे अंक बिना मेहनत के दे देते थे। अब विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंकों में से भी अच्छे अंक लाने के लिए मेहनत करनी होगी। इसके अलावा 10वीं, 12वीं में साइंस विषयों की प्रेक्टिकल के अलग से 20 अंक करने की बजाए थ्योरी परीक्षा ही 80 अंक की करने पर विचार चल रहा है।

आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंकों के लिए दो टेस्ट लिए जाएंगे, जिनके चार अंक होंगे। कक्षा में उपस्थिति के भी पांच अंक हैं। यदि विद्यार्थी 95 से 100 प्रतिशत के बीच कक्षा में उपस्थित रहा है तो पांच अंक मिलेंगे। वहीं 90 से 95 प्रतिशत उपस्थिति पर चार अंक। 80 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर कोई अंक नहीं मिलेगा।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं के लिए पाठ्य योजना तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड की है। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि किस महीने शिक्षक को कौन सा विषय पढ़ाना है। कैसे पढ़ाना है। जिससे शिक्षकों को काफी मदद मिलेगी।

बोर्ड इस बार बड़ा बदलाव करते हुए प्रतिस्पर्धात्मक प्रश्नों पर फोकस करेगा। पहले 30 प्रतिशत तक प्रतिस्पर्धात्मक प्रश्न पूछे जाते थे। इस बार इनकी संख्या 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी है। बोर्ड ने प्रश्न पत्र बैंक भी बनाया है। इसमें 10वीं व 12वीं के तीन से चार माडल प्रश्न पत्र डाले जाएंगे। जो विद्यार्थियों के लिए भी काफी मददगार साबित होंगे।



# कांग्रेस की नजर देशवासियों की मेहनत की कमाई पर है : कृष्ण बेदी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**पूर्व** मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार बेदी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश में किए जा रहे विकास से कांग्रेस लगातार हार का मुंह देख रही है। एक के बाद एक हार से बौखलाई कांग्रेस अब तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए आगे बढ़ने का खतरनाक खेल खेलना चाहती है। कृष्ण बेदी भाजपा लोकसभा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा मीडिया सम्पर्क प्रमुख विनीत कवातरा, लोकसभा मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, जिला महामंत्री जसविन्द्र सैनी, दिवाकर, भूपिंदर पलवल मौजूद रहे। कृष्ण बेदी ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डा. सुशील गुप्ता का घेरते हुए कहा कि 4 जून के बाद सुशील गुप्ता कुरुक्षेत्र में दिखेंगे भी नही। कृष्ण बेदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस की सरकार बनी तो कांग्रेस का पंजा देशवासियों की मेहनत की कमाई पर पड़ेगा और ऐसा वह पहले भी कर चुकी है। अब तो कांग्रेस की नजर बहन-बेटियो के पास मौजूद सोने-चांदी आदि संपत्ति पर गड़ चुकी है। कांग्रेस के हिडन मंसूबों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो समझो बहनों का मंगल सूत्र भी नहीं बचेगा। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने अपने भाषणों में भी कह दिया कि उनकी सरकार बनती है तो जांच कराई जाएगी कि किसके पास कितनी सम्पत्ति है। देशवासियों की मेहनत की कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांट देना चाहती है जिसकी वह तुष्टिकरण के तहत राजनीति कर रही है।

कृष्ण बेदी ने कहा कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में साफ कर दिया है कि देश में बहुसंख्यक लोगों की कोई जगह नहीं है। कांग्रेस ने अपने मेनीफेस्टो के हर सेक्शन में अल्पसंख्यकों का जिक्र किया है। कांग्रेस अब इतना खतरनाक खेल खेलने जा रही है जिसकी आम आदमी सोच भी नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी एसएसटी आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को खत्म करना चाहती है। अब कांग्रेस की नजर सम्पत्ति को लूटने और बच्चों के हक को खत्म करने पर है। कांग्रेस ने सदा देश और देशवासियों को लूटने का काम किया है। मोदी सरकार का एजेंडा विकास का है। मोदी सरकार ने जनता के हक के पैसों का इस्तेमाल जनता पर ही किया है।

## वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केंद्र पर लाइन की जानकारी : शांतनु

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुए प्रतिशत मतदान को इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में 75 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा ने वोटर इन क्यू नाम से एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। अहम पहलू यह है कि राज्य के 30 विधानसभा क्षेत्रों में यह ऐप संचालित होगी, जिसमें से थानेसर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 30 शहरी विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की जाएगी। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कुरक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की थानेसर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता इस ऐप का लाभ उठा सकते है। इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है।

# इंसानियत को शर्मसार करते हुए आदमी ने डंडे मारकर कर दी बाप की हत्या

**हत्या मौके पर पहुंची पुलिस**

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**रोहतक** के सदर थानाक्षेत्र के चमारिया गांव में एक बेटे ने डंडे से वारकर अपने 80 साल के बाप की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएं हैं। वहीं इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जानकारी के



अनुसार, बुधवार को चमारिया गांव के 80 वर्षीय चतर सिंह खेत का काम करके घर पर खाना खाने के लिए आया थे। इसी दौरान उनके बेटे सत्यवान ने किसी बात को लेकर उनके सिर में डंडे से वार कर दिया जिससे उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी बेटा फरार हो गया है। वहीं घटना की जानकारी जैसे ही गांव के लोगों को मिली तो मौके पर भारी भीड़ भी जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाएं है। वहीं आरोपी बेटा नशे का आदि बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआई भेजा गया है। वहीं मौके पर पहुंचे डीएसपी विद्यानंद ने बताया कि सूचना मिली थी मर्डर हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि उसके बेटे ने मर्डर किया है। अभी कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। इसको लेकर परिजनों से पूछताछ की।

## संगीत विभाग ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ओवर आल ट्रॉफी पर किया कब्जा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस के संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने दयानंद महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अनुगुंज प्रतियोगिता में 8 श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर ओवरआल ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कल्चरल कन्वीनर प्रो. विवेक चावला, डॉ. वीर विकास, डॉ. कुलविंदर कौर मौजूद रहे।

# दिव्यांग मतदाताओं के लिए मददगार साबित होगा ईसीआई सक्षम एप

एजेंसी। यमुनानगर

**सक्षम एप से व्हीलचेयर व पोलिंग बूथ तक आवागमन के लिए आवेदन की सुविधा**

**डीसी** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। यह मोबाइल एप दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को देखते हुए एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है।

दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि सक्षम एप के इंटरफेस को उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल बनाया गया है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकता है। नये मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवा सकता है, वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकता है। यहां तक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि सक्षम एप द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संपर्क कर सकता है व शिकायत भी दर्ज कर सकता है।

# काल तथा क्षेत्र की सीमाओं से परे भगवान महावीर के सिद्धांत सभी के लिए उपयोगी हैं : नायब सिंह सैनी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण कल्याणक वर्ष के अंतर्गत उत्तर भारत के सर्वमान्य और सभी वर्गों के श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में विशाल ऑडिटोरियम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुष समाज के प्रेरणास्रोत होने के कारण हर वर्ग के कल्याण तथा बहुमुखी हित को दृष्टिगत रखते हुए उपदेश देते हैं। परमाणुवाद, हथियारों की बढ़ रही दौड़ तथा संग्रह की अनियंत्रित हवस की प्रधानता वाले इस भौतिकतावादी युग में भगवान महावीर के स्वर्णिम सिद्धांतों की उपयोगिता और भी अधिक बढ़ गई है। महावीर की शिक्षाएं समाजवाद के बीज साथ में



लिए कमजोर, साधनहीन तथा वंचित वर्ग को पर्याप्त अवसर देकर अग्रिम पंक्ति में खड़े लोगों के कंधे से कंधा मिलाने का अवसर देने के कारण विशेष रूप से लाभकारी है। विकास के समान अवसर, महिला सशक्तिकरण, जातीय भेदभाव से रहित समरस समाज का सृजन, आपसी सौहार्द, सभी परंपराओं का समान रूप से सम्मान भगवान महावीर की अनमोल शिक्षाओं के चमकते सितारे हैं। उन्होंने श्री आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह द्वारा कर्तृत्व क्षमता के धनी, स्वयं में ही संगठन के पर्याय भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज की सद्प्रेरणा एवं दिशानिर्देशन में संस्कारों से ओत-प्रोत आधुनिक सर्वउपयोगी शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में किया जा रहे भागीरथ प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की। श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल के सभी सेवारत विभागों का स्वयं निरीक्षण कर योग्य, विशेष प्रशिक्षित, समर्पित चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा मरीजों को बहुत उचित तथा औसत दामों पर बेहतरीन चिकित्सा उपलब्ध कराने के साथ आयुष्मान भारत योजना से सूचीबद्धता पर हस्पताल प्रबंधन को साधुवाद देते हुए उन्होंने इस सेवा संस्थान के शीर्ष पर पहुंचने की शुभकामनाएं दीं। सर्व धर्म दिवाकर उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि भगवान महावीर की शिक्षाएं सारे समाज के कल्याण की चाबी हैं जिनसे सुख का द्वार खुलता है। प्राणीमात्र के सुख-दुख को अपने ही समान तराजू पर तोलने वाला किसी का अनिष्ट नहीं करता। साधनों की मर्यादा बांधने से अमीर-गरीब की खाई नहीं बढ़ती और समाज में शांति बनी रहती है। इस अवसर पर विकास, पंचायत, सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा आदि मौजूद थे।

## कम पैसों में इलाज कर लोगों को लाभ पहुंचाएगा क्यूआरएस नेचुरोपैथी क्लीनिक : संदीप गर्ग

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर-7 पीर वाली गली में क्यूआरएस नेचुरोपैथी क्लीनिक का शुभारंभ स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग ने रिबन काट कर किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि अब तक विदेशों या सिर्फ बड़े अस्पताल एम्स, नई दिल्ली मैक्स, सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल मोहाली आदि में लोग लाखों रुपए खर्च कर जो इलाज करवाते थे। अब वही इलाज बहुत कम दामों में कुरुक्षेत्र में होगा। इससे लोगों को काफी आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने खुद अस्पताल क्लीनिक की संचालिका डॉ हरविंदर कौर को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# टाटा मोटर्स मैजिक के ग्राहकों की संख्या चार लाख पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / फरीदाबाद

**भारत** के सबसे बड़े कॉमर्शियल वाहनों के निर्माता, टाटा मोटर्स ने भारत की सबसे पसंदीदा टाटा मैजिक वैन के खुशहाल ग्राहकों की संख्या चार लाख पहुंचने की उपलब्धि हासिल की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं की सहूलियत को और बढ़ाने के लिए नया वैरिएंट मैजिक बाई-फ्यूल भी लॉन्च किया। अंतिम गंतव्य तक परिवहन की सुविधा प्रदान करने में विश्वसनीय, दक्ष और किफायती होने के लिए मशहूर, 10 सीटर टाटा मैटिक यात्रियों और ऑपरेटर्स के लिए एकदम



उपयुक्त

पसंद है। टाटा मैजिक की स्लीक डिजाइन, सुरक्षा और यात्रियों का आराम पिछले इतने सालों से जारी इसकी निरंतर सफलता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। टाटा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड आनंद एस ने इस उपलब्धि के बारे में कहा, हम बहुउपयोगी मैजिक ब्रांड के लिए 4 लाख खुशहाल ग्राहकों की उपलब्धि हासिल करने बहुत खुश हैं। मैजिक भरोसे, दक्षता और कम्फर्ट की 4 लाख यात्राओं का जश्न मना रहा है और यह भारत में सार्वजनिक परिवहन का सबसे पसंदीदा प्रोडक्ट बना हुआ है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, हमने अपने सेग्मेंट में पहली बार मैजिक बाई-फ्यूल लॉन्च किया है, जिसमें पेट्रोल की विस्तारित रेंज के साथ सीएनजी के फायदे भी हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अप्रैल में प्रदान किए गए दो पेटेंट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अप्रैल माह में भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा दो पेटेंट प्रदान किए गए हैं। अप्रैल माह में भारत के कार्बोक्सिमिथाइलसेलुलोज एस्टर आधारित ड्रग डिलीवरी सिस्टम और एपोप्टोसिस इंड्यूसिंग कंपोजिशन कॉम्प्रोमाइजिंग ट्रायजोलोथियाजोलिल-ट्रायाजोल बेंजीन का व्युत्पन्न हेतु केयू को दो पेटेंट प्रदान किए गए हैं। केयू को अब तक 22 पेटेंट प्रदान किए जा चुके हैं और इनमें से अधिकांश पेटेंट कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा द्वारा अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा व बदलाव के बाद प्रदान किए गए हैं। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि पेटेंट का उद्देश्य नवाचार और नई प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देना है। शोध व अनुसंधान को बढ़ावा व प्रोत्साहन देने के लिए पेटेंट विशेषज्ञ के माध्यम से कुवि शिक्षकों को पेटेंट दाखिल करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन, स्टार्ट अप और इनोवेशन केंद्रों की स्थापना की गई है और अनुसंधान प्रकाशनों की गुणवत्ता में सुधार किया गया। प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि केयू ने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. रमेश कुमार मेहता को आईपीआर और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के मानद प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया है। प्रोफेसर मेहता द्वारा विश्वविद्यालय से कोई शुल्क लिए बिना पेटेंट दाखिल करने में संकाय सदस्यों को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

## रक्तदान शिविर में 140 यूनिट रक्त एकत्रित



रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगा कर प्रोत्साहित करते क्षेत्रीय संचालक सुरेश कुमार व अन्य

**शाहाबाद मारकंडा।** मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में जीटी रोड स्थित संत निरंकारी भवन में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। मिशन के संयोजक एवं जोनल इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु माता जी की असीम कृपा से मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में न केवल शाहाबाद में अपितु विश्व के विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया है, जिसमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदाताओं ने रक्तदान कर निस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि शिविर में शाहाबाद के विधायक रामकरण, नपा प्रधान गुलशन कवात्तरा व सेवा दल से क्षेत्रीय संचालक सुरेश कुमार ने शिरकत कर रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका उत्साहवर्धन किया। जोनल इंचार्ज सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि शिविर में एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र की डॉक्टरों की टीम ने 140 यूनिट रक्त एकत्रित किया। सेवा दल से क्षेत्रीय संचालक सुरेश कुमार ने पूरी मानवता को अमन और प्रेम का संदेश दिया। शिविर के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

## अच्छे संस्कारों का निर्माण अच्छी किताबों, अच्छी संगति में रहने से होता है



**कैथल।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में छात्राओं को सोशल मीडिया का कम उपयोग और संस्कारों से परिपूर्ण जीवन जीने की सीख देने के लिए एक सेशन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा ने कहा कि अच्छे संस्कारों का निर्माण अच्छी किताबें पढ़ने अच्छी संगति में रहने से होता है और सोशल मीडिया कंटेंट भी अच्छी शिक्षाओं से परिपूर्ण होना चाहिए। प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि आईजी कॉलेज की शिक्षा तो संस्कारों से पूर्ण होती ही है। इस प्रकार के सेशन छात्राओं को समय-समय पर याद दिलाते रहते हैं कि हमें सादगीपूर्ण और संस्कारों से परिपूर्ण जीवन जीना चाहिए। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने कहा कि सात्विक जीवन से उच्च उपलब्धियां को प्राप्त किया जा सकता है। मौके पर सांयकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर और जैन समुदाय से सुभाष गर्ग, सतीश जैन, मुकेश जैन, अजय जैन, महेंद्र जैन, सुरेंद्र जैन, मोहन जैन और एनएसएस अधिकारी डॉ. हेमलता व रेणुबाला सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## रेशमा, गीतांजलि व सिमरन ने जीता मिस फाइनल का खिताब

**शाहाबाद मारकंडा।** आर्य कन्या महाविद्यालय के सभागार में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती त्रेहन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष की छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. आरती त्रेहन ने विदाई समारोह के सफल आयोजन के लिए रजनी धवन, ममता एवं गेष्ना को बधाई एवं साधुवाद दिया। इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर की छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों नृत्य गायन प्रस्तुत समारोह में चार चांद लगा दिए। विदाई समारोह में मिस हिंदी रेशमा, मिस कॉमर्स गीतांजलि और मिस फाइन आर्ट्स का ख़िताब सिमरन कौर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. कविता मेहता एवं राजेंद्र कौर ने बखूबी निभाई। इस मौके पर संतोष, डॉ. अंजु, वीना, रोजी, शिवानी शर्मा, अमिता, तन्वी, डोली, नेहा और प्रिया सहित अन्य छात्राएं मौजूद रही।

# सभी कार्य आवंटित होने पर निर्भर करती है बुलेट ट्रेन परियोजना पूरी होने की तारीख : रेलवे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बुलेट** ट्रेन के गलियारे का निर्माण कर रहे नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने एक आरटीआई अर्जी के जवाब में बताया है कि 508 किलोमीटर लंबी संपूर्ण बुलेट ट्रेन परियोजना के पूरे होने की तारीख का आकलन सारे कार्यों के आवंटन के बाद ही किया जा सकता है। हालांकि, परियोजना से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना पर प्रगति जारी है और 163 किलोमीटर वायाडक्ट , 302 किलोमीटर पियर और 323 किलोमीटर फाउंडेशन का निर्माण हो गया है। उन्होंने कहा, पटरी के कार्यों के लिए वायाडक्ट का कुल 35 किलोमीटर का हिस्सा सौंप दिया गया है। पूरे कॉरिडोर के सिविल कार्यों के लिए 100 प्रतिशत निविदाएं और गुजरात में पटरी के कार्यों के लिए निविदाएं प्रदान की जा चुकी हैं। गुजरात में सूरत और बिलिमोरा के बीच ट्रायल रन 2026 में शुरू होगा।



एनएचएसआरसीएल के सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र के हिस्से के लिए पहला सिविल अनुबंध मार्च 2023 में प्रदान किया गया था, क्योंकि महाराष्ट्र में परियोजना के लिए आवश्यक भूमि का एक बड़ा हिस्सा उपलब्ध नहीं था। मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौर ने आरटीआई अर्जी के माध्यम से रेलवे से जानना चाहा था कि क्या एनएचएसआरसीएल संपूर्ण परियोजना के पूरी होने की अंतिम तारीख बताने की स्थिति में है। इस पर एनएचएसआरसीएल ने जवाब में कहा, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना के पूरी होने की तारीख का आकलन सभी निविदाएं/पैकेज आवंटित होने के बाद किया जा सकता है। परियोजना की शुरुआत 2017 में की गई थी और शुरुआत में इसके दिसंबर 2023 तक पूरे होने का अनुमान लगाया गया था लेकिन भूमि अधिग्रहण के मुद्दे और कोविड महामारी ने इसकी प्रगति को धीमा कर दिया।

रेल मंत्रालय ने परियोजना के पहले चरण में सूरत से बिलिमोरा के बीच 50 किलोमीटर पट्टी पर काम अगस्त 2026 तक पूरा होने की आधिकारिक घोषणा की है। उसने जनवरी 2024 में यह घोषणा भी की थी कि परियोजना के लिए शत-प्रतिशत भूमि अधिग्रहण हो चुका है। एनएचएसआरसीएल ने आरटीआई आवेदन के उत्तर में यह भी कहा कि अभी तक रेल पटरियां नहीं बिछाई गई हैं, हालांकि छह अप्रैल, 2024 तक कुल 157 किलोमीटर लंबे मार्ग पर वायाडक्ट (सेतु) बनाने का काम पूरा हो गया है। केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन परियोजना के कॉरिडोर पर कामकाज की प्रगति की जानकारी देते हुए गत 28 मार्च को एक्स पर पोस्ट किया था कि 295.5 किलोमीटर पियर और 153 किलोमीटर वायाडक्ट बनाने का काम पूरा हो गया है। परियोजना से जुड़े एक विशेषज्ञ ने बताया, पियर जमीन पर खड़े किए गए बड़े खंभे हैं। इन पर गर्डर रखकर वायाडक्ट बनाया जाता है।

# लोस चुनाव : जम्मू-कश्मीर के राजौरी में वीपीएन सेवाएं निलंबित

**एजेंसी।** राजौरी

**प्रशासन** ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लोकसभा चुनाव के संपन्न होने तक वीपीएन सेवाओं को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (राजौरी) राजीव कुमार खजूरिया ने एक आदेश में कहा कि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) को निलंबित करने का निर्णय लोकसभा चुनाव से जुड़ी जानकारी और अन्य संवेदनशील डेटा को साइबर हमलों से बचाने के लिए एक निवारक उपाय के रूप में लिया गया है। आदेश में कहा गया कि पिछले कुछ दिनों में जिले के विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में संदिग्ध इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा वीपीएन के अप्रत्याशित उपयोग के मद्देनजर इस सेवा को निलंबित करने का फैसला किया गया है। इसमें कहा गया कि चुनाव प्रकिया संपन्न होने तक मोबाइल फोन में सभी वीपीएन सेवाएं निलंबित रहेंगी। राजौरी अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां सात मई को मतदान होगा। वीपीएन सेवा उपयोगकर्ता के लिए एक सुरक्षित कनेक्शन स्थापित करती है, ऐसे में इसके माध्यम से जब कोई इंटरनेट का उपयोग करता है तो यह इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) पते को छिपा देता है।

# मोदी ने विरासत कर पर कांग्रेस को घेरा
# विपक्षी दल ने पित्रोदा के बयान से दूरी बनाई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा की विरासत कर संबंधी टिप्पणी को लेकर बुधवार को सियासी बवंडर खड़ा हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वह लोगों की संपत्ति छीनना चाहती है और उसका मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से तत्काल दूरी बना ली और इसे उनकी व्यक्तिगत राय करार दिया। उसने पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली, पूर्व वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा और भाजपा के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय की पूर्व की कुछ टिप्पणियों का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि विरासत कर लागू करने का विचार असल में भाजपा का है।



पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि पित्रोदा की बातों को सनसनीखेज बनाकर पेश किया जा रहा है ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुर्भावनापूर्ण और नफरत से भरे चुनाव अभियान से ध्यान भटकाया जा सके। पित्रोदा ने अमेरिका के विरासत कर वाली व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा है, अमेरिका में विरासत कर लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है और जब उसकी मृत्यु हो जाती है तो इसमें से केवल 45 फीसदी उसके बच्चों को मिल सकता है। शेष 55 प्रतिशत संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। उन्होंने आगे कहा, भारत में ऐसा कानून नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब रुपए है और उसकी मृत्यु हो जाती है, तो उसके बच्चों को 10 अरब रुपए मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता। लोगों को इस तरह के मुद्दों पर चर्चा करनी होगी। मुझे नहीं पता कि अंत में निष्कर्ष क्या होगा, लेकिन जब हम धन के पुनर्वितरण के बारे में बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए कार्यक्रमों के बारे में बात कर रहे हैं जो लोगों के हित में हैं, न कि केवल अति-अमीरों के हित में हैं।

पित्रोदा की टिप्पणी पर जब विवाद शुरू हो गया तो उन्होंने एक्स पर कहा, मैंने टेलीविजन पर अपनी सामान्य बातचीत में उदाहरण के रूप में केवल अमेरिका में अमेरिकी विरासत कर का उल्लेख किया था। क्या मैं तथ्यों को नहीं रख सकता? मैंने कहा था कि लोगों को इस तरह के मुद्दों पर बातचीत और बहस करनी होगी। इसका कांग्रेस समेत किसी भी पार्टी की नीति से कोई लेना-देना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने पित्रोदा के बयान को लेकर छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर की चुनावी सभा में कांग्रेस पर तीखे वार किए। उन्होंने कहा, कांग्रेस की नजर सिर्फ आपके आरक्षण पर नहीं, बल्कि आपकी कमाई, आपके मकान, दुकान और खेत-खलिहान पर भी है। कांग्रेस के शहजादा (राहुल गांधी की ओर इशारा) कहते हैं कि वे हर संपत्ति का एक्स-रे कराएंगे। घर और देश के हर परिवार से कांग्रेस ए सब छीन लेगी। वे कहते हैं कि हम इन्हें समान रूप से वितरित करेंगे। क्या आप जानते हैं कि वे आपसे इसे लूटने के बाद किसे वितरित करेंगे? उन्होंने कहा, मुझे आपको यह बताने की जरूरत नहीं है कि वे किसे वितरित करेंगे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के खतरनाक इरादे एक-एक करके सामने आ रहे हैं और अब वह कहती है कि वह विरासत कर लगाएगी। मोदी ने कहा, वे (कांग्रेस) आपकी संपत्ति और आपके बच्चों के अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को बर्बाद करने का रहा है।

## चीन तीन अंतरिक्ष यात्रियों को तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजेगा

**प्रक्षेपण केंद्र।** चीन की अंतरिक्ष एजेंसी अपने महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 को अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने की अंतिम तैयारी कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2030 तक लोगों को चंद्रमा पर भेजना है। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) के उप निदेशक लिन जिकियांग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि तीन अंतरिक्ष यात्रियों ए गुआंगफू (43), ली कांग (34) और ली गुआंगसु (36) इस मिशन का हिस्सा हैं और ए पहली बार अंतरिक्ष में जाएंगे। तीन सदस्यीय चालक दल को लेकर अंतरिक्ष यान देश के उत्तर-पश्चिम में गोबी रेगिस्तान के किनारे पर स्थित जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से रात 8:59 बजे उड़ान भरेगा।

दल अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग छह महीने तक रहेगा। लिन जिकियांग ने बताया कि वे वैज्ञानिक परीक्षण करेंगे, अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष मलबे के संरक्षण के लिए उपकरण स्थापित करेंगे और अन्य प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि चीन अंततः विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष पर्यटकों को अपने अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंच प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। चीन ने 2003 में अपना पहला मानव अंतरिक्ष मिशन शुरू किया था।

# गहलोत के पूर्व ओएसडी ने कहा, आडियो क्लिप तत्कालीन मुख्यमंत्री ने दी थीं

**एजेंसी।** जयपुर

**पूर्व** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तत्कालीन विशेषाधिकारी (ओएसडी) और कांग्रेस नेता लोकेश शर्मा ने बुधवार को दावा किया कि पार्टी की पिछली सरकार को गिराने की साजिश के संबंध में गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस नेताओं के बीच टेलीफोन पर कथित बातचीत के तीन ऑडियो क्लिप तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उन्हें मीडिया में प्रसारित करने के लिए एक पेन ड्राइव में दिए थे। लोकेश ने इस मुद्दे को लेकर यहां पत्रकारों से बात की और कथित पेन ड्राइव और लैपटॉप दिखाया। उन्होंने दावा किया कि गहलोत ने उन्हें एक पेन ड्राइव दी थी, जिसमें तीन ऑडियो क्लिप थी। लोकेश के अनुसार इन क्लिप को लैपटॉप के जरिए अपने मोबाइल फोन में डाला और मीडिया में प्रसारित किया। जालोर लोकसभा सीट पर अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए प्रचार कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत से टिप्पणी के लिए तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।



लोकेश ने मीडिया को पेन ड्राइव दिखाते हुए दावा किया, मुझे सोशल मीडिया से ऑडियो क्लिप नहीं मिली। तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस पेन ड्राइव के माध्यम से मुझे ये सभी ऑडियो क्लिप दिए थे और इसे मीडिया में प्रसारित करने के लिए कहा था। मैंने उनके निर्देशों का पालन किया। अब तक लोकेश यह कहते रहे हैं कि उन्हें ये कथित क्लिप सोशल मीडिया के जरिए मिली थी, जिसे उन्होंने आगे मीडिया को भेज दिया था। अब उन्होंने क्लिप उपलब्ध कराने के लिए सीधे तौर पर गहलोत को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत पर 25 मार्च 2021 को लोकेश शर्मा के खिलाफ आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात और गैरकानूनी तरीके से बातचीत को रिकॉर्ड करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। लोकेश ने प्राथमिकी रद्द करने की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने तीन जून 2021 को शर्मा के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी जो अभी जारी है। लोकेश पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश हो चुके हैं। लोकेश ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने गहलोत के निर्देशों का पालन करना अपना कर्तव्य समझा और अपराध शाखा द्वारा पूछताछ के बावजूद ऑडियो क्लिप के स्रोत का खुलासा नहीं किया।

उन्होंने कहा कि जब उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था तो उन्हें गहलोत ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया था, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया और मामले और पूछताछ के कारण उन्हें मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, 16 जुलाई 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल फेयरमोंट आए जहां राजनीतिक संकट के बाद उनके खेमे के कांग्रेस

# कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछले दरवाजे से धर्म आधारित आरक्षण दिया: प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी।** सागर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर मुस्लिम जातियों को एक ही श्रेणी में रखकर कर्नाटक में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए निर्धारित आरक्षण को कम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह इसे पूरे देश में दोहराने की योजना बना रही है। मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक चुनावी रैली में उन्होंने विपक्षी दल को ओबीसी का सबसे बड़ा दुश्मनै करार दिया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को दिए गए आरक्षण को बचाने के लिए मौजूदा लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीट जीतने की जरूरत है। मोदी ने कहा, अतीत में, कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण प्रदान किया, जिसकी भारत का संविधान अनुमति



नहीं देता है और 2009 और 2014 के अपने घोषणापत्रों में भी इसका वादा किया था। उन्होंने कहा, एक बार फिर कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी के साथ रखकर पिछले दरवाजे से कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण दिया है। ऐसा करके उसने ओबीसी समुदाय से आरक्षण का एक बड़ा हिस्सा छीन लिया है। कांग्रेस इस खतरनाक खेल में शामिल हो गई है जो आपकी (आने वाली) पीढ़ियों को नष्ट कर देगी। वह ओबीसी की सबसे बड़ी दुश्मन है। उन्होंने कहा कि 2004 में कांग्रेस ने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की पीठ में छुरा घोंपकर धर्म के आधार पर आरक्षण दिया। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से गैर कानूनी तरीके से इस तरह का आरक्षण मुहैया कराया और ओबीसी समाज के साथ गुनाह किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसके लिए मुसलमानों की सभी जातियों को ओबीसी कोटा (आरक्षण) में डाल दिया। ऐसा करके कांग्रेस ने ओबीसी समाज का बड़ा हिस्सा छीन लिया और धर्म के आधार पर दूसरों को दे दिया। मोदी ने दावा किया, कांग्रेस यही फार्मूला पूरे देश में लागू करना चाहती है। ये खतरनाक खेल आपकी पीढ़ी को खत्म कर देगा। कांग्रेस ओबीसी समुदाय की सबसे बड़ी दुश्मन है। कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की हत्या की है, संविधान की भावना का उल्लंघन किया है और बाबा साहेब का घोर अपमान किया है।

# जगन मोहन रेड्डी वाईएसआर को गाली देने वाले नेता को पितातुल्य मान रहे : शर्मिला

**एजेंसी।** रेपल्ले

आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने बी. सत्यनारायण को पितातुल्य दर्जा देने के लिए बुधवार को अपने बड़े भाई वाईएस जगन मोहन रेड्डी का उपहास किया। सत्यनारायण ने उनके दिवंगत पिता वाईएस राजशेखर रेड्डी (वाईएसआर) को कथित तौर पर गाली दी थी। चुनाव प्रचार के दौरान शर्मिला ने अपने अभिभावकों को गाली देने वाले नेताओं को कथित तौर पर बढ़ावा देने के लिए वाईएसआरसीपी अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी पर हमला बोला। शर्मिला ने बापटला जिले के रेपल्ले में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ऐसा लगता है कि जगन मोहन रेड्डी के लिए बोत्चा सत्यनारायण पिता के समान हैं। कौन सत्यनारायण? वही सत्यनारायण जिन्होंने विधानसभा में खड़े होकर राजशेखर रेड्डी को गाली दी थी।

उन्होंने याद दिलाया कि वाईएसआरसीपी सरकार में शिक्षा मंत्री सत्यनारायण ने राजशेखर रेड्डी की पत्नी को भी नहीं बख्शा था और कथित तौर पर जगन मोहन को फांसी देने की मांग की थी। शर्मिला ने कहा, उन्होंने (सत्यनारायण ने) कितनी बदतमीजी की? उन्होंने राजशेखर रेड्डी की पत्नी विजयलक्ष्मी को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी बदतमीजी की। आज, वही व्यक्ति जगन के लिए पितातुल्य बन गया है।

अविभाजित आंध्र प्रदेश के प्रमुख कांग्रेस नेता सत्यनारायण बाद में जगन की पार्टी वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए थे।

## भाजपा उम्मीदवार ने अपनी संपत्ति करीब 500 करोड़ रुपए घोषित की

**अमरावती।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सीएम रमेश ने अपने परिवार की चल-अचल संपत्ति 497.6 करोड़ रुपए जबकि देनदारी 101.6 करोड़ रुपए घोषित की है। रमेश ने बुधवार को अनकापल्ली लोकसभा क्षेत्र से अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

वह उपमुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी के उम्मीदवार बी.एम. नायडू से मुकाबला करेंगे। हलफनामे के अनुसार, रमेश की अचल संपत्तियों की कीमत 252.66 करोड़ रुपए है और उनकी पत्नी श्रीदेवी के पास 193 करोड़ रुपए संपत्ति है। दोनों के पास कुल 9.15 करोड़ रुपए का सोना और आभूषण हैं। रमेश ने इंटरमीडिएट स्तर तक पढ़ाई की है और उनके खिलाफ सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह 2019 में विधानसभा चुनाव में हार के बाद तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

# एमवीए नेता मेरे खिलाफ कठोर शब्दों का इस्तेमाल कर रहे : शिंदे

**एजेंसी।** छत्रपति संभाजीनगर

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि राज्य में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) करीब दो साल पहले सत्ता जाने के बाद से भ्रम की स्थिति में है। शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को एक अलग श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण दिया था, लेकिन इस कदम की सराहना करने के बजाय विपक्ष कह रहा है कि आरक्षण कानून अदालतों में नहीं टिक पाएगा। हिंगोली जिले के वसमत में सत्तारूढ़ महायुति के लोकसभा उम्मीदवार बाबूराम कदम के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शिवसेना प्रमुख ने एमवीए नेताओं और शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे तथा आदित्य ठाकरे पर निशाना साधा। शिंदे ने आदित्य ठाकरे (33) का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए



**आरक्षण कानून अदालतों में नहीं टिक पाएगा**

कहा कि राजनीति में उनसे आधी उम्र के कुछ नेताओं ने एक किसान के पुत्र के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, लेकिन वह अपने काम से इन आलोचनाओं का जवाब देंगे। शिंदे ने कहा, पहले विपक्ष कहता था कि महायुति सरकार गिर जाएगी। लेकिन उन्हें कोई प्रामाणिक ज्योतिषी नहीं मिल सका।

## मुंबई : सेप्टिक टैंक में गिरने से दो मजदूरों की मौत, एक की हालत गंभीर

**मुंबई।** मुंबई के मलाड इलाके में बुधवार को एक निर्माणाधीन इमारत के 40 फुट गहरे सेप्टिक टैंक में गिरने से कम से कम दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक अन्य मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों के मुताबिक यह घटना अपराह्न करीब 3:50 बजे हुई और प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कम से कम तीन से चार लोग भूमिगत सेप्टिक टैंक में गिर गए। बृहन्मुंबई महानगर पालिका के एक अधिकारी ने कहा, मुंबई दमकल विभाग के अधिकारियों ने फंसे हुए तीन मजदूरों को बचाया और उन्हें जोगेश्वरी स्थित ट्रॉमा केयर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मौके से बचाए गए एक अन्य मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है।



## चार दिन की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 8.48 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** चार दिनों की तेजी में बीएसई सूचकांक के करीब दो प्रतिशत चढ़ने के बीच निवेशकों की संपत्ति 8.48 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को 114.49 अंक बढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 1,363.95 अंक यानी 1.88 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है।तेजी के इस दौर में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 8,48,328.9 करोड़ रुपए बढ़कर 4,01,37,377.21 करोड़ रुपए हो गया है।मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से वैश्विक बाजार सकारात्मक हो गए हैं और निवेशकों की नजरें अब तिमाही नतीजों पर टिक गई हैं।



# दुबई बारिश क्लाउड सीडिंग नहीं, इतना बड़ा तूफान उठाना इनसान के बस में नहीं

**एजेंसी।** ऑक्सफोर्ड

कुछ साल पहले, मैं दक्षिण अफ्रीका-मोजाम्बिक सीमा के पास एक सुनसान हवाई अड्डे के उमस भरे रनवे पर लियरजेट की संकरी सीढ़ियां चढ़ रहा था। वहां हवा में नमी इस कदर ज्यादा थी कि जुबान पर उसका स्वाद महसूस हो रहा था। मौसम का हाल बताने वाला राडार तेजी से विकसित होने वाले गरज वाले बादल दिखा रहा था। हमारा मिशन तूफान के सबसे सक्रिय हिस्से से होकर गुजरना, उसे मापना, सूखी बर्फ गिराना, तेजी से वापस मुड़ना और अंतिम माप लेना था। लियरजेट का अंदरूनी हिस्सा एक ब्लेंडर जैसा था, जिसमें बहुत ज्यादा गड़गड़हट थी। हजारों मीटर नीचे, एक छोटा विमान बारिश को मापते हुए तूफान के बहाव के बीच से गुजर रहा होगा। यह ऐसा कुछ नहीं है जो आप हर दिन करते हैं, हालांकि लियरजेट के पंखों पर तश्तरी के आकार के ओलों के निशान इसके इसी तरह के कई पूर्व कार्यों की गवाही दे रहे थे।



लियरजेट में तूफान के बीच से उड़ान भरने के मजे के अलावा, हाल तक मैंने कभी यह नहीं सोचा कि मैं कितना भाग्यशाली हूं कि मुझे उस परियोजना का हिस्सा बनने का मौका मिला, जब मैंने दुबई में हाल ही में आए भयंकर तूफान के बारे में नहीं सुना तो मुझे ऐसा ही लगा। जिस परियोजना का मैं हिस्सा था, उसे रेन (नेल्सप्रूट में रेन ऑग्मेंटेशन) नाम दिया गया था, वह एक क्लाउड सीडिंग प्रयोग था जो कई वर्षों से चल रहा था। क्लाउड सीडिंग में छोटे कणों को बादल में जोड़ा जाता है ताकि नमी को कुछ आधार मिल सके और बूंदें बन सकें। धीरे-धीरे वे बूंदें आपस में जुड़ जाती हैं और इतनी भारी हो जाती हैं कि बारिश के रूप में गिर सकती हैं। सिद्धांत रूप में, बीजयुक्त बादलों में बारिश के लिए उपयुक्त अधिक बूंदें उगेंगी।

कोई भी उड़ान बीजारोपण के प्रभावी होने का प्रमाण नहीं है। ऐसा कोई समान बादल नहीं है जिसके साथ किसी विशेष बादल को बोने के परिणाम की तुलना की जा सके। इसलिए बहुत सारे मिशनों को उड़ाना और उनमें से आधे बीज के लिए नहीं, मापने के लिए होते हैं, मापना आवश्यक है, जिससे स्वयं प्रयोग (बीज वाले बादल) और नियंत्रण (बिना बीज वाले बादल) के लिए एक डेटा सेट तैयार हो सके। रेन के परिणामों के सांख्यिकीय विश्लेषण में बताने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। कई वर्षों की कोशिश के बाद, कुछ तूफानों से बारिश की दरों में संशोधन सफल रहा, हालांकि यह साबित करना कभी संभव नहीं होगा कि किसी एक तूफान में बदलाव किया गया था।

# फोरेंसिक जांच में नहीं मिले मुख्तार को जहर दिए जाने के सुबूत

**एजेंसी।** लखनऊ

बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को जेल में जहर देकर मारे जाने के परिजनों के आरोपों के बीच अंसारी के विसरा की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट के मुताबिक उसे विष दिए जाने का कोई सुबूत नहीं मिला है। विभिन्न मामलों में सजायाफ्ता मुख्तार की बांदा जेल में गत 28 मार्च को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई है, मगर उसके भाई और गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी ने जेल में अपने भाई को धीमा जहर दिए जाने का आरोप लगाया था। बुधवार को बताया, हमें मुख्तार अंसारी के विसरा की विधि विज्ञान प्रयोगशाला में की गई जांच की रिपोर्ट मिल गई है। इसमें पुष्टि की गई है कि विसरा में जहर का कोई संकेत नहीं मिला है। इसे बांदा के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के नेतृत्व वाले जांच समिति को दे दिया गया है। विसरा शरीर के आंतरिक अंगों जैसे यकृत, प्लीहा, पेट और मूत्राशय का एक नमूना होता है।

# प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत



नोएडा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में पहुंचे राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**राज्यसभा** सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र में स्थित शेरपुर और राजपुरा गांव में जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान सुरेंद्र सिंह नागर ने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ.महेश शर्मा के पक्ष में वोट मांगे। सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा, डॉ.महेश शर्मा को किसी एक समाज की जरूरत नहीं है, बल्कि जिले के हर समाज की डॉ.महेश शर्मा को आवश्यकता है और हर समाज का ही व्यक्ति डॉ.महेश शर्मा को दोबारा से सांसद बनने का काम करेगा। उन्होंने डॉ. महेश शर्मा के पक्ष में हर समाज से वोट मांगे हैं। सुरेंद्र सिंह नागर ने पूरे लोकसभा से डॉ. महेश शर्मा के पक्ष में वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा, अगर आप भारतीय जनता पार्टी को वोट देते हो तो हर हर तरीके से विकसित भारत बनाया जाएगा। आप मोदी के अलावा महेश शर्मा के नाम पर भी वोट दो, क्योंकि ऐसा सांसद बनना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।

उन्होंने हमेशा जिले के बारे में बेहतर सोच है और हमारा भी कर्तव्य बनता है कि जो हमारे बारे में बेहतर सोचेगा, हम भी उसके बारे में बेहतर सोचेंगे। सुरेंद्र सिंह नागर ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में आपके जिले में बहुत तरक्की हासिल की है। आज आपके जिले का नाम पूरे विश्व में जाना जाता है। देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा आपके जिले में बन रहा है। आपके जिले के बारे में योगी और मोदी सरकार हमेशा बेहतर सोचती है, इसलिए हमारा भी

### शेरपुर और राजपुरा गांव में जनसभा को किया संबोधित

कर्तव्य बनता है कि उनके बारे में भी बेहतर सोचा जाए और यह केवल उनके लिए नहीं बल्कि हमारे लिए है। क्योंकि अगर देश में भाजपा रहेगी तो इस जिले का नाम और भी ज्यादा ऊपर जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक लक्ष्मीराज सिंह, पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी, स्थानीय ब्लॉक प्रमुख आशा भाटी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुष्पेन्द्र भाटी और ईश्वर सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा दिग्गज नेता मौजूद रहे। सांसद सुरेंद्र सिंह नागर की इस जनसभा में दूर-दूर से लोग पहुंचे।

## याद रहे बूथ जीता तो चुनाव जीता : दिनेश गोयल

गाजियाबाद। लोकसभा के अंतर्गत गोविन्दपुरम मण्डल के बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, शक्ति केन्द्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी के साथ बैठक हुई। जिसमें लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला, एमएलसी एवं मण्डल समन्व्यक दिनेश गोयल, मण्डल प्रभारी राजेन्द्र यादव, मण्डल अध्यक्ष अमित रंजन, अरविन्द भारती, प्रदीप चौधरी, सविता त्यागी, उपेन्द्र शिशोदिया, संजय कोशिक, त्रिलोक चौधरी, मनवीर पवार, कौशल शर्मा सहित सभी मोर्चों के अध्यक्ष, पार्षद, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, पन्ना प्रमुख एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला ने आगामी दो दिन बूथ पर महनत करने के लिए प्रेरित किया सभी को ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने का आग्रह किया। मंडल समन्वयक दिनेश गोयल ने सभी कार्यकर्ताओ द्वारा चुनाव में की जा रही कड़ी मेहनत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा बूथ पर निवास करने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता व नेता मतदान हो जाने तक बूथ का और पन्ना की प्रक्रिया से अनभिज्ञ न हो। क्योंकि बूथ जीता चुनाव जीता। मेरा पन्ना मतदान का झरना। मंडल अध्यक्ष अमित रंजन ने सभी का आभार जताया।



गाजियाबाद से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने प्रचार के अंतिम दिन घर-घर जाकर मांगी वोट।

## नंदकिशोर पुंडीर ने धौलाना में की रैली

**गाजियाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के गाजियाबाद लोकसभा से प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर ने भी धौलाना विधानसभा में रोड शो निकला। यह विधानसभा क्षत्रिय बहुल है। खुद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी रैली में कहा था कि उन्होंने क्षत्रिय को टिकट दिया है। बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर ने अपने समर्थकों के साथ धौलाना विधानसभा में रोड शो निकाला। यह रोड शो पिलखुआ से शुरू हुआ और धौलाना विधानसभा में घूमा। गौरतलब है कि गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए लोनी विधानसभा में कुल 517604 मतदाताओं के लिए 146 मतदान केन्द्र व 530 मतदान स्थल बनाए गए हैं। जिसमें 3 जोनल मजिस्ट्रेट व 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। मुरादनगर विस में कुल 460341 मतदाताओं के लिए 153 मतदान केन्द्र व 514 मतदान स्थल बनाए गए हैं।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा ने किया रोड शो



रैली में लोगों को विजयी चिन्ह दिखाती गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

**चुनाव** प्रचार के अंतिम दिन इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने रोड शो किया। रैली सुबह 11 बजे मुख्य चुनाव कार्यालय, मालीवाड़ा चौक, अंबेडकर रोड पहुंचा, जहां से रोड शो शुरू होकर मालीवाड़ा चौराहा, डासना गेट, रमतेराम रोड, जीटी रोड होते हुए घंटाघर पहुंचा।

इस दौरान जगह-जगह पर लोगों ने स्वागत किया और फूल माला देने के साथ साथ पुष्प वर्षा भी की। यहां पर लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अमर शहीद भगत सिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इससे पहले अपने समर्थकों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के खाते में गाजियाबाद सीट आ चुकी है, बस घोषणा होना भर बाकी है। ऐसा इसलिए कि वह चुनाव गाजियाबाद के स्थानीय मुद्दों पर लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आपके बेहतर भविष्य के लिए कुछ गारंटी देने की घोषणा की है, जिसमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय प्रमुख हैं। जहां युवा न्याय के तहत पहली नौकरी पक्की होगी और हर शिक्षित युवा को 1 लाख रुपये की अप्रेंटिसशिप का अधिकार मिलेगा।

### शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

30 लाख सरकारी नौकरियों को खाली पोस्ट कैलेंडर के अनुसार भरेंगे।

पेपर लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां बनाएंगे। गिग वर्कर के लिए बेहतर कामकाजी नियम और सम्पूर्ण सामाजिक सुरक्षा के अधिकार दिए जाएंगे। युवाओं के लिए 5000 करोड़ का नया स्टार्टअप फंड देंगे। वहीं, नारी न्याय के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल 1 लाख रुपये दिए जाएंगे। केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण होगा। आशा, मिड डे मील और आंगनबाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी, दुगुने सरकारी योगदान से दिया जाएगा। हर पंचायत में महिलाओं को कानूनी हक और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार सहेली दी जाएगी। कामकाजी महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले हॉस्टल की संख्या दुगुनी की जाएगी। इस अवसर पर विनीत त्यागी, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस; विजय चौधरी, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी, अमित भारद्वाज के अलावा गठबंधन सहयोगी दलों के पदाधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# आपकी सुरक्षा में पुलिस, वोट डालें: लक्ष्मी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा सहित पूरे जनपद के लोगों से 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की है।

उन्होंने अपनी अपील में कहा है कि नोएडा पुलिस आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है। देश की रक्षा देश की सुरक्षा के नाम पर, देश के विकास के नाम पर, नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा सहित जनपद के सभी मतदाताओं को अपने वोट का इस्तेमाल करना चाहिए। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा सहित पूरे जनपद के लोगों से 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की है। अपनी अपील में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि 26 अप्रैल को जनपद में वोट डाले जाएंगे लोकतंत्र के इस पार्क में हिस्सा बनने के लिए जनपद के प्रत्येक निवासी को अपने घरों से बाहर निकाल कर वोट डालना चाहिए। यदि हम देश के भविष्य के लिए चिंतित हैं, उसके बारे में अच्छा

### पुलिस आयुक्त ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट, 26 को होगा मतदान

सोचते हैं तथा अपनी अगली पीढ़ी के बारे में अच्छा करना चाहते हैं तो इसके लिए हमें वोट जरुर डालना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नोएडा पुलिस जिला प्रशासन ने जनपद में बने सभी बूथों पर व्यापक इंतजाम किए हैं। सभी मतदाताओं की सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था बूस्टेड है।

सुरक्षित माहौल और परिवेश में मतदान करने के लिए नोएडा पुलिस पूरी तरह से कटिबंध है। उन्होंने नोएडा तथा ग्रटर नोएडा सहित पूरे जिले की जनता से अपील की कि वह अपने वोट को अपना सबसे बड़ा अधिकार मानते हुए आगामी 26 अप्रैल को वोट करने जरूर जाएं।

# प्रत्याशियों के चुनाव व्यय खातों में पाया गया अंतर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**लोकसभा** चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है। गाजियाबाद में 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। इन सभी प्रत्याशियों के चुनाव व्यय खाते सही नहीं है। सभी के खातों में अंतर पाया गया है। इतना सभी के नगद और बैंक खातों का लेनदेन भी अपडेट नहीं है।

व्यय प्रेक्षक की ओर से सभी प्रत्याशियों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। मंगलवार को प्रत्याशियों के चुनाव का तृतीय व्यय निरीक्षण हुआ। व्यय प्रेक्षक सौरभ नायक और टी अरिवाझगन की अध्यक्षता में लोकसभा प्रत्याशियों के व्यय खातों का शेडो रजिस्टर से तीसरा मिलान किया गया। निरीक्षण में प्रत्याशियों के व्यय खाते में अंतर पाया गया। उनके द्वारा नगद और बैंक की डिटेल अप-टू-डेट नहीं पाई गई। वहीं कुछ प्रत्याशियों के बैंक खाते से कोई भी लेन-देन नहीं किया गया। पहले व और दूसरे निरीक्षण के दौरान भी यही स्थिति पाई गई थी। तीनों निरीक्षण के बाद चुनाव व्यय प्रेक्षक की ओर से सभी प्रत्याशियों को नोटिस जारी किए गए हैं। तृतीय व्यय निरीक्षण की बैठक भाजपा, कांग्रेस, बसपा के प्रतिनिधियों, अन्य पार्टियों और निर्दलीय प्रत्याशी शामिल रहे।

# नोएडा में चुनाव को लेकर ट्रैफिक डायवर्जन लागू

### फूल मंडी के स्ट्रांग रूम में रखी जाएगी ईवीएम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**लोकसभा** चुनाव 2024 को लेकर फेज-2 स्थित स्ट्रांग रूम के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा।

25 अप्रैल यानी गुरुवार को सुबह सात बजे से रात दस बजे तक और मतदान वाले दिन शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह सात बजे से रात 12 बजे तक भारी, मध्यम और हल्के मालवाहक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव का कहना है कि 25 अप्रैल को फेज-2 फूल मंडी से पोलिंग पार्टियां गाड़ियों में रवाना होंगी। 26 अप्रैल को मतदान के बाद पोलिंग पार्टी द्वारा ईवीएम फूल मंडी में जमा कराई जाएंगी। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए



फूल मार्केट के आसपास मुख्य एवं आंतरिक सड़कों पर डायवर्जन किया जाएगा। डीसीपी ने बताया कि फूल मंडी के आसपास आंतरिक सड़कों पर निर्वाचन से संबंधित वाहनों को छोड़कर अन्य सभी तरह के वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

फूल मंडी तिराहे से गेट नंबर-3, 4, और 2 के सामने से लेकर सेक्टर-88 कैंट आरओ चौक तक रास्ता पूरी तरह बंद रहेगा। इस रास्ते पर केवल अधिकारियों के वाहन चल सकेंगे। डीसीपी ने बताया कि भंगेल से सूरज पुर की तरफ जाने वाले वाहन गेझा तिराहे से दाहिने टर्न कर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे, परी चौक होकर गंतव्य को जा सकेंगे।

# घुड़चढ़ी के दौरान दबंगों ने दूल्हे पर तानी पिस्टल, मची अफरा-तफरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**शहर** में एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। जहां घुड़चढ़ी के दौरान कुछ दबंग लोगों ने दूल्हे की कनपटी पर पिस्टल तान दी। जिसके बाद दबंगो ने हवाई फयरिंग कर दी। साथ ही दबंगों ने दुल्हेकी पिटाई कर दी। जिसके बाद वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया।

सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित साकीपुर गांव में घुड़चढ़ी के दौरान पुरानी रंजिश के लेकर कुछ दबंगों ने दूल्हे की कनपटी पर पिस्टल तान दी। दहशत पैदा करने के लिए आरोपितों ने कई राउंड हवाई फायरिंग भी की। गोली की आवाज सुनते ही दूल्हा घोड़ी से नीचे गिर गया। जिसके बाद वहां अफरा तफरी मच गई। साकीपुर गांव के रहने वाले पूर्व प्रधान फूल सिंह ने बताया की उनके बेटे दीपक की सोमवार को शादी थी। उनका बेटा घुड़चढ़ी के लिए घोड़ी पर बैठकर मंदिर जा रहा था।

मौके पर रिश्तेदार, महिलाएं और बेटियां मौजूद थी। तभी पुरानी रंजिश मानते हुए गांव के रहने वाले पांच युवकों ने दीपक को रोक कर मारपीट की और फायरिंग की।

जिसके बाद आरोपियों ने दुल्हे की पिटाई भी कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दूल्हे की पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद महिलाओं ने दूल्हे को बचाया।

## मोहनराम अस्पताल पर 35 लाख का जुर्माना लगा

**नोएडा।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने आधुनिक तकनीक के जरिए बिजली चोरों पर शिकंजा कसा है।

एक बड़े अस्पताल में भारी मात्रा में हो रही बिजली चोरी का भंडाफोड़ किया गया है। अस्पताल पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक एनपीसीएल की विजिलेंस टीम ने एडवांस मीटर डेटा एनालिसिस के जरिए कुलेसरा स्थित मोहनराम हॉस्पिटल में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का पता लगाया। जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल मीटर की इनकमिंग सर्विस केबल को काटकर मीटर बायपास कर भारी मात्रा में बिजली चुरा रहा था। अस्पताल में कई उपकरण चोरी से संचालित हो रहे थे।

# जिले में दो दिन शराब की बिक्री पर प्रतिबंध



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा,** ग्रेटर नोएडा सहित पूरे गौतमबुद्ध नगर जिले में बुधवार शाम से 48 घंटों के लिए शराब की बिक्री पर रोक लगा दी जाएगी। लोकसभा चुनाव को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा सहित पूरे गौतमबुद्ध नगर जिले के सभी बीयर बार और मॉडल दुकान बंद रहेंगी।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) निर्वाचन क्षेत्र में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के आदेश का सख्ती से पालन कराया जाएगा और नियमों के अनुपालन में उल्लंघन करने वालों को जुर्माना या जेल समेत कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। नोएडा के आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नियमों के अनुसार, चुनाव के दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा सहित पूरे जिले में शराब की दुकानें 48 घंटे पहले बंद कर दी जाएगी। यहां सभी अधिकृत शराब की दुकानें बुधवार (24 अप्रैल) शाम छह बजे से वोटिंग खत्म होने तक यानी 26 अप्रैल शाम छह बजे तक बंद रहेंगी।

अधिकारी ने कहा, आबकारी अधिकारी चुनाव के मद्देनजर नोएडा और ग्रेटर नोएडा सहित पूरे जिले में शराब की बिक्री की लगातार निगरानी कर रहे हैं और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अनियमितताओं की सभी शिकायतों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराब दुकानों की बंद की अवधि के दौरान, कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचते हुए पाया गया तो उसे उत्पाद शुल्क कानूनों के अनुसार जुर्माना या जेल की सजा सहित सख्त कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार



सर्राफ से दो करोड़ की फिरौती मांगने वाले पुलिस गिरफ्त में।

### सर्राफ से दो करोड़ की फिरौती मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** 19 अप्रैल को सिहानीगेट थाना क्षेत्र के मुकंदनगर में आभूषाणों का कारोबा कने वाले सर्राफ राजेश गोयल निवासी राजनगर को पत्र भेजकर 2 करोड़ की फिरौती मांगने वाले पिता आलम व पुत्र दानिश निवासी सिहानीगेट थाने के एसएचओ रवेंद्र गौतम ने अपनी टीम के सहयोग से गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया। एसएचओ श्री गौतम ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर घटनास्थल से लेकर लगभग दो किमी तक लगे सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के अलावा एक दर्जन से अधिक संदिग्धों से पूछताछ भी की। कैमरों की फुटेज खंगालने के दौरान जब दो शख्स पैदल जाते हुए नजर आए तो वह फुटेज कारोबारी एवं उसके कर्मचारियों को दिखाई गई। उनसे पता चला कि कैमरे में दिखाई देने वाला शख्स आलम निवासी मिर्जापुर है। वह सर्राफ के साथ लगभग 18 वर्षों तक जुड़ा रहा। उसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर आलम और उसके पुत्र दानिश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आलम ने बताया कि लड़की की शादी करने और अन्य कई खर्चे हो जाने के कारण उसके ऊपर मोटा कर्जा हो गया था। कर्ज से उभरने के लिए उसने जब सेठ से पैसे मांगे तो सर्राफ ने देने से मना कर दिया। तब उसने सर्राफ से मोटी रकम हड़पने के लिए अपने पुत्र दानिश के साथ मिलकर साजिश रच दी। इसके तहत उसने पत्र लिखकर सर्राफ से दो करोड़ की फिरौती मांगी।

### कपड़ा फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद।** बुधवार तड़के सिखैड़ा औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट संख्या 112 पर स्थित होली स्टार एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस ने बचाव कार्य शुरू करके जहां कई लोगों के जीवन को सुरक्षित करने का काम किया वहीं फायर बिगेड के आधा दर्जन फायर टेंडरों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबु पाया। इस अग्निकांड में करोड़ों की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस अग्निकांड के संदर्भ में सीएफओ राहुल पाल का कहना है कि फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते जहां जनहानि होने से बच गई वहीं अग्निशमनकर्मियों ने अपनी जान पर खेलकर चार कर्मचारियों का जीवन भी बचा लिया।

# रवि काना की विदेश में संपत्ति तलाश रही नोएडा पुलिस

### 25 हजार के इनामी स्क्रैप माफिया जल्द भारत लाया जाएगा

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

**स्क्रैप** माफिया और 25 हजार के इनामी रवि काना को उसकी गर्लफ्रेंड काजल झा के साथ थाईलैंड में गिरफ्तार किए जाने की सूचना नोएडा पुलिस को मिली है।

डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्र ने बताया कि रवि काना के अधिवक्ता ने दोनों की गिरफ्तारी की जानकारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय को दी है। उन्होंने कहा कि दोनों को वहां से भारत लाने की तैयारी की जा रही है। एक युवती ने पिछले साल दिसंबर में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े स्क्रैप माफिया रवि काना और उसके साथियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया



था। इसके बाद ग्रेटर नोएडा की सेक्टर बीटा-2 कोतवाली में उसके और उसके साथियों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट का केस दर्ज हुआ, जिसमें उसकी महिला मित्र काजल झा को भी आरोपी बनाया गया। केस दर्ज होने के बाद रवि काना अपनी पत्नी मधु और गर्लफ्रेंड काजल झा के साथ फरार हो गया।

रवि की पत्नी मधु नागर को दिल्ली एयरपोर्ट से पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उसने पुलिस को बताया कि रवि और काजल झा थाईलैंड भाग गए हैं। इसके बाद से नोएडा पुलिस लगातार थाईलैंड पुलिस के संपर्क में थी। लंबे समय तक फरारी के चलते पुलिस ने रवि काना पर इनाम भी घोषित कर दिया। साथ ही रवि और काजल झा के खिलाफ लुकआउट और रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कराया।

कमिश्नरेट पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि केस दर्ज होने के बाद रवि नेपाल के रास्ते थाईलैंड भागा था। स्क्रैप माफिया पर, जितने भी आरोप लगे हैं, उसकी जानकारी थाईलैंड पुलिस के साथ साझा की गई थी। उसकी गिरफ्तारी की सूचना मिली है।

हालांकि, थाईलैंड पुलिस ने हमें ई-मेल से या किसी आधिकारिक माध्यम से कोई सूचना नहीं दी है। पुलिस रवि काना की विदेश में अर्जित की गई संपत्ति की भी जांच कर रही है। पुलिस रवि काना गिरोह के 14 सदस्यों को अब तक गिरफ्तार कर चुकी है। स्क्रैप माफिया की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने के लिए पुलिस उसकी 150 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त करने के साथ ही चार बैंक खातों को फ्रीज कर चुकी है। गिरोह सरगना रवि काना, उसकी पत्नी मधु, राजकुमार नागर, तरून छोंकर, अमन, विशाल, अवध उर्फ बिहारी उर्फ अमर सिंह, महकी नागर उर्फ महकार, अनिल, विक्की, अफसार, राशिद अली, आजाद नागर, प्रहलाद, विकास नागर, काजल झा।

सेक्टर बीटा-2 पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट के मुकदमे में स्क्रेप माफिया रवि काना और उसकी महिला मित्र काजल झा समेत गैंग में शामिल सभी सदस्यों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने गैंग के 16 लोगों के खिलाफ 500 पन्नों की चार्जशीट तैयार की थी। दाखिल चार्जशीट में रवि को सरगना और उसकी महिला मित्र काजल झा को बराबर की हिस्सेदार बताया गया है। रवि की पत्नी मधु व अन्य आरोपी प्रहलाद, राशिद को कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। रवि की अग्रिम जमानत दो बार खारिज हो चुकी है। नोएडा के डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने कहा, माफिया के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में बताया गया है कि रवि अपनी महिला साथी के साथ थाइलैंड में गिरफ्तार हुआ है।

## ग्रेनो में आधे घंटे तक लिफ्ट में फंसा रहा युवक

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी की लिफ्ट में लोगों के फंसने के मामले कम नहीं हो रहे है। आए दिन नोएडा और ग्रेटर नोएडा से ऐसी खबरें सामने आती रहती है।

ऐसी ही एक खबर ग्रेटर नेएडा के सूरजपुर क्षेत्र में स्थित ईटा-2 एसकेए मेट्रो विले सोसाइटी से सामने आई है। जहां एक युवक लिफ्ट में करीब आधा घंटे तक फंसा रहा। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित ईटा-2 एसकेए मेट्रो विले सोसाइटी में युवक 25वीं मंजिल पर लिफ्ट में फंस गया। करीब आधे घंटे तक युवक लिफ्ट में लगे उपकरणों की मदद से निकलने की कोशिश करता रहा। असफल होने पर लिफ्ट खुलवाने के लिए उसे पीटना शुरू कर दिया। जब लिफ्ट के अंदर से आ रहे शोर को सुना तब लोगों ने सूचना दी और पीड़ित को बाहर निकाला।

# दलितों, पिछड़ों के हक पर डकैती डालने को सत्ता चाहती है कांग्रेस : योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए दावा किया कि यह पार्टी अनुसचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़ी जातियों के अधिकारों पर डकैती डालने के लिए सत्ता में आना चाहती है। आदित्यनाथ ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने दावा किया, कांग्रेस और इंडिया की मंशा अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों पर डकैती डालने की है और इसके लिए वह सरकार में आना चाहते हैं। वह जातिगत जनगणना कराना चाहते हैं और उसके आधार पर बहुसंख्यक समाज के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्ष 2006 में कांग्रेसनीत केन्द्र सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने एक भाषण में इस बात का उल्लेख किया था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति का सर्वेक्षण करवाएगी और उसके बाद इसका बंदरबांट करेगी यानी वह अपनी पुरानी स्मृति में लेकर जा रहे हैं कि



पहला अधिकार किसका है और फिर वहीं से उनकी शुरुआत हो रही है। इसके लिए वह जातीय जनगणना को आधार बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में यह मंशा जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मंशा हमेशा एन-केन-प्रकारेण सत्ता प्राप्त करने की रही है और वे देश की कीमत पर सत्ता चाहते हैं। योगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता में आने पर मुस्लिम पर्सनल लॉ यानी शरिया कानून को लागू करके तालिबानी विध्वंस का समर्थन करने की बात करती है।

उन्होंने कहा, इससे कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है कि उनका इरादा देश के प्रति अच्छा नहीं है। वह अपने उसी पुराने डीएनए के अनुसार कार्य करने का प्रयास कर रही है जिसके कारण 1947 में देश का विभाजन हुआ था, जिसके कारण देश आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की चपेट में आया था। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि न्यामूर्ति रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जो कमेटी बनाई गई उसकी सिफारिश कांग्रेस की मंशा के अनुरूप देश में लागू करने के कुत्सित परिणाम हुए थे। उन्होंने कहा, इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अधिकार को एक वर्ग विशेष को देने के प्रयास शुरू किए गए थे। आयोग की सिफारिशों में अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में से छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात कही गई थी। आदित्यनाथ ने यह भी आरोप लगाया कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में भी दलितों और अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के आरक्षण में घुसपैठ करके उसके एक हिस्से को भी मुस्लिम वर्ग को जबरन देने के कुत्सित प्रयास किए गए थे, जिसका उस समय भारी विरोध हुआ था। मुख्यमंत्री ने दावा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश के अंदर काम की राजनीति पर ध्यान देकर पूरी जवाबदेही के साथ हर मोर्चे पर सर्वांगीण विकास के जिन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास शुरू किए हैं आज देश इसका लाभ प्राप्त कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर इतने लंबे समय तक शासन करने के बावजूद कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की राजनीति काम पर आधारित क्यों नहीं हो सकी।

# नगांव में धार्मिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है भाजपा : कांग्रेस उम्मीदवार प्रद्युत

उन्होंने आशा जताई कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण समाप्त होने जा रहा है



**पायनियर समाचार सेवा।** नगांव

**असम** की नगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रद्युत बोरदोलोई ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नगांव में धार्मिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है। पिछले साल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा परिसीमन किए जाने के बाद नगांव एक मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्र बन गया है। परिसीमन के बाद नगांव निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 18.2 लाख मतदाता हैं, जिनमें से 10.5 लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि जैसे हर दवा की एक मियाद होती है, ठीक उसी प्रकार यह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण भी समाप्त होने जा रहा है और जनता का विमर्श एक नया मोड़ लेगा। बोरदोलोई ने कहा, 1826 के बाद जब अंग्रेज असम में आए तो उन्हें विभिन्न जातीय समूहों के विरोध का सामना करना पड़ा। उस समय अंग्रेजों ने एक नीति अपनाई और यहां अफीम की खेती शुरू की। अफीम और मादक पदार्थों की शुरुआत होने के कुछ वक्त बाद विरोध कम हो गया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, असम और देश में भाजपा ने हमारे लिए एक अलग तरह की अफीम का प्रचार व प्रसार किया है और यह अफीम है धार्मिक ध्रुवीकरण। जब आप लोगों को अतार्किक और भ्रमित करते हैं तो उनकी रोजाना की जिंदगी से जुड़े मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। ए है असल मुद्दा। यह पूछने पर कि क्या नगांव के मुस्लिम बहुल सीट बनने से उन्हें मदद मिलेगी, बोरदोलोई ने कहा कि हिंदू बहुल आबादी होने के बावजूद कांग्रेस 35 साल बाद 2019 में इस सीट को जीतने में कामयाब रही थी। उन्होंने दावा किया बहुसंख्यक हिंदुओं ने मुझे वोट दिया और मैं जीत सका। असल बात यह है कि मुझे सभी वर्गों ने स्वीकारा और यह मेरा सौभाग्य है। मुझे अपने निर्वाचन क्षेत्र के सभी समुदायों का विश्वास प्राप्त है। मैं सांप्रदायिक राजनीति नहीं करता, मेरी राजनीति का केंद्र मुस्लिम या हिंदू नहीं है।

मुझे उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा नहीं करना है। प्रचार के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों के बारे में पूछे जाने पर बोरदोलोई ने कहा कि बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है और नगांव निर्वाचन क्षेत्र में हर घर में एक युवा बेरोजगार बैठा है लेकिन सरकार इस समस्या के समाधान के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रही है। एक समय कांग्रेस के विश्वासपात्र रहे सुरेश बोरा, जो फिलहाल भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं, के बारे में पूछे जाने पर बोरदोलोई ने उन्हें एक अप्रासंगिक व्यक्ति करार दिया। बोरा, नगांव लोकसभा क्षेत्र की बरहामपुर विधानसभा सीट से तीन बार कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं और तीनों ही चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बोरदोलोई ने कहा, उनकी तरह मेरे कोई पोशीदा राज़ नहीं हैं। अगर वह मुझे जानते हैं तो मैं बेहद साफ व्यक्ति हूं। उनका अतीत देखिए, एक एक कर उनके सारे राज़ फाश हो रहे हैं। वह एक खूंखार उग्रवादी थे और एके-47 या एके-56 जैसे हथियार उठाकर जो कुछ उन्होंने किया, लोग अब उसके बारे में बात कर रहे हैं। बोरा, यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) के सदस्य थे, जो बाद में आत्मसमर्पण कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे लेकिन करीब तीन महीने पहले उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। लोकसभा चुनाव 2019 में बोरदोलोई ने भाजपा के रूपक शर्मा को 16,752 मतों से हराकर जीत हासिल की थी। नगांव में दूसरे चरण के अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान होना है।

## मुख्यमंत्री पटनायक ने चुनाव अभियान की शुरुआत की

**हिंजिली।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को लोकसभा व विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत की और 2036 तक ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने का संकल्प लिया। पटनायक ने अपने गृह क्षेत्र हिंजिली से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा और उन पर राज्य के विकास कार्यों में बाधा डालने का आरोप लगाया। पटनायक ने यहां एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, विकास हमारी पहचान है। हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी दल इसमें बाधा डाल रहे हैं। श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना हो या एकाम्रा परियोजना या फिर समेली परियोजना विपक्षी दल हर चीज का राजनीतिकरण कर रहे हैं। विपक्ष विकास विरोधी प्रचार में लगा हुआ है। ओडिशा के लोग उनकी असलियत जानते हैं। पटनायक ने कहा कि विकास का विरोध करने वाला कभी सफल नहीं हुआ। उन्होंने जनता से आने वाले 10 वर्षों को ओडिशा का दशक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बीजद सरकार की प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं का जिक्र किया और 2036 तक ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने का संकल्प लिया।

# मतदान से 48 घंटे पहले रेडियो पर चुनावी मामले संबंधी प्रसारण पर रोक रहेगी : नांदेड के जिलाधिकारी





**पायनियर समाचार सेवा।** छत्रपति संभाजीनगर

**महाराष्ट्र** में नांदेड प्रशासन ने मतदान से 48 घंटे पहले जिले में स्थानीय ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) केंद्र और अन्य रेडियो चैनलों को चुनावी मामले संबंधी प्रसारण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। नांदेड लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अभिजीत राउत ने सोमवार को यह आदेश जारी किया। आदेश में भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका में उल्लिखित उस प्रावधान का हवाला दिया गया है जो कि टीवी या इसी तरह के अन्य माध्यमों के जरिए चुनावी मामलों के प्रसारण पर रोक लगाता है। आदेश में कहा गया कि यह स्पष्ट किया जाता है कि रेडियो को अन्य प्रसारण माध्यम के रूप में माना जाएगा और धारा में उल्लिखित 48 घंटों की अवधि के दौरान रेडियो पर चुनाव प्रसारण करने की अनुमति नहीं होगी।

## वायनाड में संदिग्ध माओवादियों ने चुनाव बहिष्कार का आह्वान किया

**वायनाड, केरल।** केरल में वायनाड जिले के थलप्पुझा पुलिस थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह संदिग्ध हथियारबंद माओवादियों का चार सदर्स्रय समूह पहुंचा और वहां के लोगों से 26 अप्रैल के लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का आग्रह किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वहां माओवादियों के पहुंचने की सूचना मिलने के बाद कई पुलिसकर्मी कंबामाला पहुंचे। लेकिन उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे माओवादी उनके क्षेत्र में पहुंचे और नारे लगाए।

उन्होंने बताया कि माओवादियों ने लोगों से मतदान का बहिष्कार करने का भी आग्रह किया। स्थानीयों ने बताया कि नक्सली वर्दी में थे और उनके पास बंदूकें थीं। वे करीब 20 मिनट तक यहां रुके थे।

बाद में माओवादियों का स्थानीय लोगों के साथ बातचीत का एक कथित वीडियो सामने आया। वीडियो में यह नजर आ रहा है कि जब वे वहां पहुंचे थे तो वहां अधिकतर श्रमिक मौजूद थे।

# भाजपा लोगों को डरा कर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए कह रही है : कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद



**कांग्रेस** पार्टी के गुजरात अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वे मतदाताओं को डरा रहे हैं और उनसे लोकसभा चुनाव में या तो उसके पक्ष में मतदान करने या मतदान न करने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में सत्तारूढ़ दल मतदाताओं पर दबाव बनाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहा है। विपक्षी दल ने मतदाताओं के लिए एक फोन नंबर भी जारी किया, ताकि वे भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए डराने-धमकाने या दबाव डालने की कोशिश करने वाले पुलिस या प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ सबूतों को साझा कर सकें। गोहिल ने एक वीडियो संदेश में कहा, यह लोकतंत्र का मूलभूत सिद्धांत है कि चुनाव का पवित्र त्योहार बिना किसी भय और पक्षपात से संपन्न होना चाहिए। मुझे मतदाताओं से जानकारी मिली है कि उन्हें सत्तारूढ़ दल के पक्ष में मतदान करने या मतदान न करने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा डराया और धमकाया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपने मोबाइल फोन पर डराने-धमकाने के आपराधिक कृत्य की वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग करने का आग्रह किया और यदि वे सीसीटीवी फुटेज और गुप्त कैमरे से सबूत इकट्ठा कर सकते हैं तो इसे कांग्रेस पार्टी के राज्य मुख्यालय में स्थित वॉर रूम के व्हाट्सएप नंबर 8200059989 पर भेजने के लिए कहा है। सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभानी के नामांकन पत्र में हस्ताक्षर विसंगतियां पाए जाने के बाद जांच अधिकारियों द्वारा उनका नामांकन खारिज करने के कुछ दिनों बाद ए घटनाक्रम सामने आया। गोहिल ने दावा किया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भाजपा ने पार्टी के उम्मीदवार को धमकाया था। उन्होंने कहा, पुलिस और सरकारी कर्मचारी लोक सेवक हैं और आपका धर्म बिना किसी डर के निष्पक्षता से कार्य करना है। आपसे लोक सेवक के रूप में अपना पवित्र कर्तव्य निभाने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने मतदाताओं से सत्तारूढ़ पार्टी के अधिकारियों, मंत्रियों और पदाधिकारियों के खिलाफ सबूत इकट्ठा करने और उन्हें संभाल कर रखने का आग्रह किया ताकि जब वे लोगों को दोबारा धमकी दें तो उनके खिलाफ सबूत को पेश किया जा सके। उन्होंने सत्तारूढ़ दल भाजपा पर राज्य भर में कांग्रेस उम्मीदवारों से संपर्क करने और उन्हें अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के लिए मजबूर करने के लिए विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा, लेकिन वे अपनी बात पर अड़े रहे, इसलिए वे सम्मान के पात्र हैं।

## धनबाद सीट से भाजपा उम्मीदवार पर आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज

**धनबाद।** झारखंड की धनबाद लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार ढुलू महतो और उनके पांच समर्थकों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। धनबाद सदर क्षेत्राधिकारी शशिकांत सिंकर ने बताया कि बाघमारा से विधायक महतो ने 15 अप्रैल को धनसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पथराकुली फुटबॉल मैदान में संबंधित प्राधिकारी से बिना पूर्व अनुमति लिए कथित तौर पर एक चुनावी रैली की थी। भाजपा उम्मीदवार की रैली का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद सिंकर ने 16 अप्रैल को इसका संज्ञान लिया और राजस्व उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार को मामले की जांच करने का निर्देश दिया।

# एससी, एसटी, ओबीसी के लिए भाजपा खतरा : खरगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों, महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए सबसे बड़ा खतरा करार देते हुए बुधवार को कहा कि बाबासाहेब भीमराम आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना जरूरी है। उन्होंने यहां समृद्ध भारत नामक संस्था की ओर से आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में एक वीडियो संदेश में यह दावा भी किया कि भाजपा के नेताओं द्वारा संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की धमकी दी जा रही है।

खरगे ने कहा, बीते एक दशक में दलित, आदिवासी, बहुजन, अल्पसंख्यक और महिलाओं के साथ मोदी सरकार ने भारी नाइंसाफ़ी की है। जातिगत भेदभाव और अत्याचार बढ़ गए हैं। भारी बैकलॉग है। लेकिन, हर दूसरे दिन भाजपा नेता आरक्षण खत्म करने और संविधान को बदलने की धमकी दे रहे हैं, जो हमें आंबेडकर, नेहरू, आजाद और भारत के अन्य निर्माताओं ने दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भारत, विशेषकर एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। खरगे का कहना था, कांग्रेस पार्टी की ै हिस्सेदारी न्यायै की गारंटी सामाजिक व आर्थिक समानता की सोच का हिस्सा है। हम एससी और एसटी के कंपोनेंट प्लान को पुनर्जीवित करेंगे और जल-जंगल-जमीन के अधिकारों की सुरक्षा करेंगे। उनके मुताबिक, हम जो वायदा करते हैं, वो पूरा करते हैं। इसका इतिहास रहा है। संप्रग सरकार द्वारा लागू मनरेगा, सूचना का अधिकार, शिक्षा का



अधिकार, भोजन का अधिकार, वनाधिकार, रेहड़ी-पटरी वालों के अधिकार इसके ग़वाह हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने ऐसा एक भी काम नहीं किया। खरगे ने दावा किया, मोदी सरकार की एकमात्र उपलब्धि चंद मित्रों को अमीर बनाना है। मोदी सरकार की नीतियों की वजह से असमानता की खाई और गहरी हो गई है। कमजोर तबकों की हालत इन 10 सालों में बद से बदतर हुई है।

उन्होंने कहा, हमारे विचारों के केंद्र में महात्मा गांधी जी और बाबासाहेब आंबेडकर का नजरिया रहा है। इस दृष्टिकोण के साथ हमारे संविधान में समानता का अधिकार दिया गया है। अवसर की समानता से लेकर जीविका का अधिकार दिया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और दूसरे कमजोर तबकों को समान अवसर मिलें। उन्होंने कहा, सामाजिक न्याय एक विस्तृत शब्द है। रातों-रात समाज को नहीं बदला जा सकता। लेकिन समाज को बदलने के लिए गहरी सोच और कानूनी आधार भी होना चाहिए। हमारे नायकों ने दोनों काम किया।

खरगे ने कहा, ए काम कभी हमारे एजेंडे से भटका नहीं है। राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा देशभर में निकली थी, जिसके केन्द्र में सामाजिक न्याय था। उन्होंने सवाल किया, जो संविधान को बदलने की बात करते हैं, उनके मन में एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों, गरीबों और महिलाओं के प्रति कितनी इज्जत है आप समझ सकते हैं? जातिगत जनगणना की मांग दो साल से हो रही है लेकिन इस सवाल पर मोदीजी का मौन सामाजिक न्याय के साथ धोखा नहीं तो और क्या है?

# संक्षिप्त समाचार

## अशोक चव्हाण के आने से भाजपा घोटालेबाज बनी है: ठाकरे



**छत्रपति संभाजीनगर।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के पूर्व नेता अशोक चव्हाण को पार्टी में शामिल करके सत्तारूढ़ पार्टी भी अब करोड़ों रुपए के आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले का हिस्सा बन गई है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि पहले भाजपा यह कहकर चव्हाण पर निशाना साधती थी कि आदर्श घोटाले में शहीदों के परिवारों को बेवकूफ बनाया गया लेकिन अब वही पार्टी उन्हें बेवकूफ बनाने में लगी हुई है। ठाकरे ने महाराष्ट्र के नांदेड में संवाददाताओं से यह बात कही। वह नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र से महा विकास आघाडी (एमवीए) के उम्मीदवार वसंत चव्हाण के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले में आरोपी हैं। आरोप हैं कि दक्षिण मुंबई में 31 मंजिला पॉश इमारत का निर्माण रक्षा मंत्रालय की जमीन पर बिना आवश्यक मंजूरी के किया गया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2014 में मामले से चव्हाण का नाम हटाने की दलील दी थी लेकिन विशेष सीबीआई अदालत और बाद में 2015 में बंबई उच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया था। यह मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है। चव्हाण इस साल फरवरी में भाजपा में शामिल हुए थे और पार्टी उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए। सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के समय चव्हाण ने आदर्श मामले को राजनीतिक दुर्घटना करार दिया था और कहा कि वह इसे कोई मुद्दा ही नहीं मानते।

## नफरत भरे चुनाव अभियान से ध्यान भटकाने का प्रयास

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिका के विरासत कर संबंधी सैम पित्रोदा के बयान से दूरी बनाते हुए बुधवार को कहा कि उनकी बातों को सनसनीखेज बनाकर पेश किया जा रहा है ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुर्भावनापूर्ण और नफरत से भरे चुनाव अभियान से ध्यान भटकाया जा सके। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, सैम पित्रोदा मेरे सहित दुनिया भर में कई लोगों के लिए गुरु, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के समान रहे हैं। उन्होंने भारत के विकास में काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उन्होंने यह भी कहा, पित्रोदा जी उन मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखते हैं जिनके बारे में वह बोलना ज़रूरी समझते हैं। लोकतंत्र में एक व्यक्ति अपनी बात रखने, चर्चा करने और व्यक्तिगत विचारों को लेकर बहस करने के लिए निश्चित रूप से स्वतंत्र भी होता है। रमेश के मुताबिक, इसका मतलब यह नहीं है कि पित्रोदा जी के विचार हमेशा कांग्रेस के रुख को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, कई बार उनके विचार अलग होते हैं। अब उनकी टिप्पणियों को सनसनीखेज बनाकर दूसरे संदर्भ में पेश किया जा रहा है। ऐसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुर्भावना और नफरत से भरे चुनाव अभियान से ध्यान भटकाने के लिए जानबूझकर किया जा रहा हैअ जो सिर्फ़ और सिर्फ़ झूठ पर आधारित है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने अमेरिका के विरासत कर वाली व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा है, अमेरिका में विरासत कर लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है और जब उसकी मृत्यु हो जाती है तो इसमें से केवल 45 फीसदी उसके बच्चों को मिल सकता है। शेष 55 प्रतिशत संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। उन्होंने आगे कहा, भारत में ऐसा कानून नहीं है।अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता...लोगों को इस तरह के मुद्दों पर चर्चा करनी होगी। मुझे नहीं पता कि अंत में निष्कर्ष क्या होगा, लेकिन जब हम धन के पुनर्वितरण के बारे में बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए कार्यक्रमों के बारे में बात कर रहे हैं जो लोगों के हित में हैं, न कि केवल अति-अमीरों के हित में हैं।

## उम्मीदवार भड़काऊ भाषण देने से बाज आएं : अधिकारी

**लातूर।** निर्वाचन अधिकारियों ने महाराष्ट्र के लातूर लोकसभा सीट के उम्मीदवारों से चुनाव प्रचार के दौरान विरोधियों के खिलाफ भड़काऊभाषण देने और व्यक्तिगत आलोचना करने से परहेज करने के लिए कहा है। लातूर के चुनाव पर्यवेक्षक निरंजन कुमार ने मंगलवार को




जिला कलेक्ट्रेट में उम्मीदवारों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने उम्मीदवारों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील की। लातूर लोकसभा सीट पर सात मई को होने वाले चुनाव में 28 उम्मीदवार मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मौजूदा सांसद सुधाकर श्रंगारे को टिकट दिया है तो वहीं कांग्रेस ने शिवाजी कालगे को उम्मीदवार बनाया है। प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाडी (वीबीए) ने नरसिंगराव निवृत्ति उदगीरकर को मैदान में उतारा है। बैठक के दौरान कुमार ने कहा, उम्मीदवारों को प्रचार के दौरान भड़काऊभाषण नहीं देना चाहिए और व्यक्तिगत आलोचना से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च रजिस्टर में हर चुनाव प्रचार के खर्च का उल्लेख करना अनिवार्य है। कुमार ने कहा कि अधिकारियों से अनुमति लेने के बाद ही चुनाव-प्रचार करना चाहिए। बैठक के दौरान लातूर के जिलाधिकारी और निर्वाचन अधिकारी वर्षा ठाकुर-घुगे मौजूद थीं।

## नित्यानंद राय 15.45 करोड़ की संपत्ति के मालिक

**पटना।** बिहार की उजियारपुर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के रूप में पुन: चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के पास 15.45 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति है। राय द्वारा नामांकन पत्र के साथ निर्वाचन अधिकारी को पेश किए गए हलफनामा के अनुसार उनकी पत्नी के पास 2.47 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति है। राय ने उजियारपुर लोकसभा सीट से राजग उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को उजियारपुर, दरभंगा, समस्तीपुर, बेगुसराय और मुंगेर लोकसभा सीटों पर मतदान होंगे। हलफनामे में राय ने घोषणा की कि उनके पास 5.52 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है और 9.92 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। राय की पत्नी के पास 42.9 लाख रुपए की चल संपत्ति और 2.04 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। हलफनामे के मुताबिक केंद्रीय मंत्री के पास 3.25 लाख रुपए और उनकी पत्नी के पास 1.35 लाख रुपए की नकद राशि है। राय के पास चार बैंक खाते और 13.20 लाख रुपए के सोने के आभूषण हैं। उनकी पत्नी के पास एक बैंक खाता है और 21.60 लाख रुपए के सोने के आभूषण और 1.23 लाख रुपए के चांदी के आभूषण हैं। हलफनामे के अनुसार राय की अचल संपत्ति में शीशम के 2704, महोगनी के 1831 और आम के और लीची के 105 पेड़ की पैतृक संपत्ति भी शामिल हैं। इसके अलावा वह डेयरी का संचालन भी करते हैं, जिसमें उनके पास 14 गाय और 12 भैंस हैं। वर्ष 2022-2023 के लिए उनकी आय 11,51,530 रुपए थी। इस बार के चुनाव में राय का मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के आलोक मेहता से है जो महागठबंधन के उम्मीदवार हैं। राय ने भाजपा के उम्मीदवार के रूप में उजियारपुर से वर्ष 2014 और 2019 का आम चुनाव जीता था। इससे पहले उन्होंने 2000, 2005 और 2010 में हाजीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। वर्ष 2016 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राय को भाजपा की बिहार इकाई का अध्यक्ष भी बनाया गया था।

## कर्नाटक में चुनाव प्रचार हुआ समाप्त, कल होगा मतदान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की 14 लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, जिसके लिए प्रचार बुधवार शाम को समाप्त हो गया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कर्नाटक की 14 लोकसभा सीट पर मतदान का यह पहला दौर है, जिसमें कुल 247 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इन उम्मीदवारों में 226 पुरुष और 21 महिलाएं शामिल हैं। कर्नाटक की इन 14 लोकसभा सीट पर सत्तारूढ़ कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। कर्नाटक में पहले दौर के चुनाव में कांग्रेस सभी 14 सीट पर चुनाव लड़ रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीसी ने बोल्ट को टी-20 विश्व कप का दूत नियुक्त किया

**दुबई।** आईसीसी ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी-20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नई भूमिका को लेकर उत्साहित है। बोल्ट ने कहा कि क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार ढूंढना बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने कहा, मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस खेल को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है।

### दोहा में श्रीशंकर के घुटने की सर्जरी हुई

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के दिग्गज एथलीट मुरली श्रीशंकर की चोटिल घुटने की दोहा में सर्जरी हुई। वह इस चोट कारण जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। 25 साल की खिलाड़ी की दोहा में सर्जरी हुई। श्रीशंकर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, दोहा के एस्पेटर अस्पताल में डॉ. ब्रूनो ओलोरी के नेतृत्व में सर्जरी सफल रही। इस कठिन दौर में आपके प्यार और आशीर्वाद के लिए आप सभी को धन्यवाद। मैं सर्जरी के 18 घंटे बाद ही चलने में सक्षम हूं। डॉ. ओलोरी फ्रांस के आर्थोपेडिक सर्जन हैं। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

### तीरंदाजी विश्वकप में भारतीय टीमों की नजरें स्वर्ण पदक पर

शंघाई। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की।

# चेन्नई को अपना बल्लेबाजी संयोजन सही करने की जरूरत: फ्लेमिंग

### डेरिल मिचेल को टॉप थ्री में सामंजस्य बिठाने के लिए समय देने को तैयार हैं कोच

**एजेंसी।** चेन्नई

**चेन्नई** सुपर किंग्स (सीएसके) बल्लेबाजी विभाग की अपनी समस्याओं को जल्दबाजी से निपटाने की कोशिश में नहीं जुटा है और मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग आठ मैच में चौथी हार के बावजूद डेरिल मिचेल को शीर्ष तीन बल्लेबाजी क्रम में सामंजस्य बिठाने के लिए समय देने को तैयार हैं।

सीएसके पूरे सत्र में शीर्ष तीन क्रम में बल्लेबाजों को उतारने में जूझता रहा है। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अजिंक्य रहाणे और रूतुराज गायकवाड़ पारी का आगाज करने उतरे, जबकि मिचेल को पांचवें से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। पिछले मैच में रहाणे और रचिन रविंद्र को खिलाने के लिए गायकवाड़ को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कराई गई। घरेलू सरजमीं



पर लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि उन्हें अपना बल्लेबाजी संयोजन सही करने की जरूरत है।

फ्लेमिंग ने अपने ही मैदान पर मिली सत्र की पहली हार के बाद कहा, यह सही संयोजन और फॉर्म ढूंढने की कोशिश का मिश्रण है। हम कुछ विभाग में थोड़े से असहज हैं इसलिए हम कोशिश कर रहे हैं कि इसका फुर्ती से हल नहीं निकाला जाए बल्कि सही संयोजन ढूंढा जाए जिसमें खिलाड़ी टूर्नामेंट के अंतिम छोर में टीम के लिए योगदान कर सकें। मिचेल को नीलामी में 14 करोड़ रुपए में खरीदा गया था, उन्होंने सात पारियों में कुल 146 रन बनाए है।

फ्लेमिंग ने जोर दिया कि न्यूजीलैंड के साथी खिलाड़ी के लिए तीसरा नंबर बल्लेबाजी के लिए आदर्श स्थान है। उन्होंने कहा, इस स्थान पर काफी दबाव होता है, निश्चित रूप से उसके लिए ऊपरी बल्लेबाजी क्रम ज्यादा सहज होगा। मैंने हिट करने की भूमिका निभाने के लिए उसे निचले स्थान पर भेजा जो उसका सर्वश्रेष्ठ स्थान नहीं है। फ्लेमिंग ने कहा, इसलिए हमने उसे सुधारने की कोशिश की और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर की ओर भेजा जहां उसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। इसमें थोड़ा समय लग सकता है लेकिन शीर्ष तीन बल्लेबाजों को ज्यादातर रन बनाकर योगदान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, रूतुराज ने आज ऐसा किया इसलिए उम्मीद करते हैं कि वह अपनी यही फॉर्म जारी रखे और अन्य भी उससे प्रेरित हों।

## सीए का कांटेक्ट नहीं मिलने के बावजूद आस्ट्रेलिया के लिए खेलने को बेताब हैं ऑलराउंडर स्टोइनिस



**क्रिकेट** आस्ट्रेलिया (सीए) का 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बावजूद आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बने शतक का इस्तेमाल अपने सफेद गेंद के करियर को आगामी टी-20 विश्व कप से आगे बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। स्टोइनिस को आस्ट्रेलिया की 23 सदस्ईय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी खेली। स्टोइनिस सीए अनुबंध से बाहर किए जाने को इतनी तवज्जो नहीं देते हैं जिसकी घोषणा 28 मार्च को की गई थी। स्टोइनिस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर मिली छह विकेट की जीत के बाद कहा, मेरे आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड के साथ अच्छे रिश्ते हैं। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ियों को मौका देना और उन्हें मेरी जगह लेने देने के लिए मौका देना अच्छी बात है। अनुबंध सूची में मेरी जगह देने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यह 34 साल का खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के साथ अपने करियर में कोई बदलाव नहीं चाहता। उन्होंने कहा, लेकिन जहां तक खेलने की बात है तो निश्चित रूप से मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मैं टीम में रहूं और इसलिए ही यह टूर्नामेंट (आईपीएल) हमारे लिए और विशेषकर मेरे लिए बहुत भाग्यशाली है इसलिए मैं इसे इतना पसंद करता हूं। पर्थ में जन्में स्टोइनिस को जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ आस्ट्रेलिया की वनडे टीम से बाहर कर दिया गया, लेकिन वह जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में देश के टी-20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप अभियान का हिस्सा बनने को तैयार हैं। स्टोइनिस को टी-20 विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलियाई टीम में पांचवें स्थान पर खिलाए जाने की संभावना है।

# आरसीबी के खिलाफ फिर से रनों का अंबार लगाने उतरेगा सनराइजर्स

## मौजूदा सीजन में तीन बार 250 से अधिक रन बना चुकी है हैदराबाद

### बेंगलुरु का गेंदबाजी विभाग काफी कमजोर, बेहद सुधार की जरूरत

**एजेंसी।** हैदराबाद

**सनराइजर्स** हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के



खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी और गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है। आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन लुटाए हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया है।

आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपाई करने के लिए काफी मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है। आरसीबी ने बल्लेबाजी में शानदार जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद वे कोलकाता नाइट राइडर्स से महज एक रन से हार गए। हालांकि आरसीबी प्रबंधन उनके एकजुट बल्लेबाजी प्रयास से काफी संतुष्ट होगा। विराट कोहली टूर्नामेंट में अब तक आरसीबी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने रहेंगे जिन्होंने 379 रन बनाकर ओरेंज कैप अपने पास रखी हुई है। कोहली के अलावा कुछ और खिलाड़ी भी शानदार फॉर्म में हैं जिसमें एसआरएच के ट्रेविस हेड शामिल हैं। हेड आक्रामक होकर बल्लेबाजी करते हैं और मिले हर मौके का फायदा उठाते हैं। अभिषेक शर्मा ने भी हेड के साथ अच्छी बल्लेबाजी दिखाई है और हेनरिच क्लासेन ने भी इस सत्र में बल्ले से अच्छा योगदान दिया है। एसएआरएच की मजबूत बल्लेबाजी ने उनके गेंदबाजों और कप्तान पैट कमिंस का काम आसान कर दिया है। एसआरएच सात मैच में 10 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है।

**दोनों टीम के खिलाड़ी**

सनराइजर्स हैदराबाद: पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, मार्कराम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर, मयंक, नटराजन, अनमोलप्रीत, मयंक मारकंडे, उपेंद्र सिंह, उमरान मलिक, नीतिश रेड्डी, फजलहक, शाहबाज अहमद, हेड, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रमण्यन।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : डुप्लेसी (कप्तान), विराट, पाटीदार, अनुज रावत, कार्तिक, प्रभुदेसाई, विल जैक्स, लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजय, आकाश दीप, मो. सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, रंजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फरग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान।

मैच: शाम 7:30 से

## पंत की तूफानी पारी, गुजरात को 225 रन का लक्ष्य

### 43 गेंद में ठोंके नाबाद 88 रन

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कप्तान** ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट की शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 224 रन बनाए।

पंत ने 43 गेंद में पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 88 रन की तेजर्तार पारी खेली, जबकि अक्षर ने 43 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों से 66 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रस्टिन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी की जिससे दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही।

टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर दिल्ली को बल्लेबाजी का न्योता दिया। पृथ्वी साव (11) और जेक फ्रेजर-मैकगर्क (23) ने अजमतुल्लाह उमरजई के पहले ओवर में चौके से खाता खोला। फ्रेजर-मैकगर्क हालांकि इसी ओवर में भाग्यशाली रहे, जब गेंद को हवा में खेल बैठे लेकिन राशिद खान मिड विकेट पर कैच लपकने में नाकाम रहे। फ्रेजर-मैकगर्क ने संदीप वारियर और उमरजई पर छक्के मारे, लेकिन फिर संदीप की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर नूर अहमद को कैच दे बैठे। नूर ने दो गेंद बाद पृथ्वी का भी शानदार कैच लपककर दिल्ली को दोहरा झटका दिया। थर्ड अंपायर द्वारा आउट दिए जाने के बावजूद यह फैसला विवादास्पद रहा।

शाई होप भी पांच रन बनाने के बाद वारियर की गेंद को हवा में लहराकर थर्ड मैन पर राशिद के हाथों लपके गए। दिल्ली ने पावर प्ले में तीन विकेट गंवाकर 44 रन बनाए।

## डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष बने पूर्व पहलवान नरसिंह यादव

### सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे

**एजेंसी।** वाराणसी

**राष्ट्रमंडल** खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया, जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।

2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गए थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गई कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे। लेकिन



हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था। एथलीट आयोग के लिए चुने गए अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं।

## पूर्व खिलाड़ी एल चाओबा राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच बनने को तैयार

**नई दिल्ली।** आईएम विजयन की अगुआई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है, जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैम्पियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकाक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है।

देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं, जिनके पास एएफसी का ए लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है। तकनीकी समिति ने विजयन की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में यह सिफारिश की जिसमें पिंकी भोंपल मगर, शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, संतोष सिंह और क्लाइमेक्स लॉरेंस शामिल थे। समिति ने प्रिया पीवी और रोनीबाला चानू के नाम की सिफारिश क्रमश: सहायक और गोलकीपिंग कोच के पद के लिए की है।

## अदिति और दीक्षा ओलंपिक में भाग लेने को तैयार

### रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए करते हैं क्वालीफाई

### तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं अदिति

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा(197) और गगनजीत भुल्लर (232) के पास भी खेलों में जगह बनाने का अच्छा मौका है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होंगा जो किसी भारतीय गोल्फर की सबसे ज्यादा ओलंपिक भागीदारी होगी। दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा।

भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है। रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई हो सकते हैं जिसमें से प्रत्एक देश से





अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। महिला वर्ग में अदिति ने अब तक 2024 में इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किा है लेकिन इसके बावजूद शीर्ष 50 में बनी हुई हैं। शानदार फॉर्म में चल रही दीक्षा लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर पांच शुरुआत में तीन बार शीर्ष 10 में रही हैं और एप्सन टूर पर अपनी दो शुरुआत में 26 या इससे बेहतर स्कोर पर रहीं। दीक्षा ने महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 138वां स्थान हासिल कर लिया है जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अगली दो भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स हैं जो 403 और अमेच्योर गोल्फर अवनि प्रशांत 531 रैंकिंग पर हैं। भारतीय पुरुषों में शर्मा शीर्ष 200 में शामिल एकमात्र भारतीय गोल्फर हैं जो सिंगापुर क्लासिक में संयुक्त सातवें स्थान पर और दुबई डेजर्ट क्लासिक में संयुक्त 16वें स्थान पर रहे।

भुल्लर का 2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एशियाई टूर पर 43वां स्थान रहा लेकिन उन्होंने इंडियन टूर पर चंडीगढ़ ओपन में भी जीत हासिल की। यह भारत में चार महीनों में उनकी दूसरी जीत थी। शर्मा और भुल्लर के बाद वीर अहलावत 380 और करणदीप कोचर 434 रैंकिंग पर हैं।

### आईपीएल में इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पर एलएसजी सलाहकार वोग्स बोले

# रोमांचक क्रिकेट लेकिन आल राउंडर की भूमिका कम हुई

### मुझे हमारे यहां पावर सर्ज नियम पसंद आता है, इससे मैच दिलचस्प हो जाता है

**एजेंसी।** चेन्नई

**लखनऊ** सुपर जायंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में पावर सर्ज जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है, जिसमें बल्लेबाजी टीम को क्षेत्ररक्षण पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका



मिलता है।

इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है, जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे आल राउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं। वोग्स भी इस बात से सहमत हैं और उन्होंने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है लेकिन इससे आल राउंडर खिलाड़ियों को नुकसान पहुंच रहा है। इस आस्ट्रेलियाई ने मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स पर मिली छह विकेट की जीत के बाद कहा, टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं।

उन्होंने कहा, निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है लेकिन इससे मैच में आल राउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है। आल राउंडर हमेशा टीम को संतुलन प्रदान करते हैं और शायद वे इम्पैक्ट सब के साथ इतने महत्वपूर्ण नहीं रह गए हैं। आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में पावर सर्ज के नियम से तुलना के बारे में पूछने पर वोग्स ने कहा कि इससे मुकाबला दिलचस्प हो जाता है और उन्हें यह नियम पसंद आता है। आईपीएल में जहां पारी के शुरू में छह ओवर का पावरप्ले होता है तो वहीं बीबीएल में चार ओवर का पावरप्ले होता है।

पावर सर्ज सर्कल के बाहर केवल दो क्षेत्ररक्षकों का दो ओवर का चरण होता है जिसे बल्लेबाजी टीम अपनी पारी के 11वें ओवर के बाद किसी भी समय मांगती है। उन्होंने कहा, मुझे हमारे यहां पावर सर्ज का नियम पसंद आता है। इससे मैच थोड़ा दिलचस्प हो जाता है। लक्ष्य का पीछा करते हुए आपको कभी भी ऐसा नहीं लगता कि आप मैच से बाहर हो। लेकिन हमने इस दौरान काफी विकेट गिरते हुए भी देखे हैं।

## शुरुआती क्यू स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे आडवाणी

**बेंगलुरु।** कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी और राष्ट्रीय महिला खिताबधारी विद्या पिल्लई सहित कई स्टार खिलाड़ी चार से 10 मई तक यहां होने वाली शुरुआती क्यू स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग (सीएसपीएल) में हिस्सा लेंगे।

27 बार के विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियन आडवाणी और विद्या के अलावा अन्य शीर्ष क्यू खिलाड़ी जैसे सौरव कोठारी, आदित्य मेहता और अराध्या नायक यहां होने वाले टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे। हालांकि सीएसपीएल केवल स्नूकर प्रारूप में ही कराया जाएगा और देश से 56 खिलाड़ियों को आठ आठ टीम में विभाजित किया जाएगा। आडवाणी ने कहा, सीएसपीएल का लक्ष्य राष्ट्रीय, राज्य और क्लब स्तर के खिलाड़ियों को एकजुट करना है।

### एएसबीसी एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी मुक्केबाज प्रीति पवार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पेरिस** ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में 50 सदस्ईय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी।

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैम्पियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81



किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के महासचिव हेमंत कलिता ने कहा, पूरे देश से कड़े प्रतिस्पर्धी ट्रायल्स के जरिए मुक्केबाजों का चयन किया गया है।